With the purpose to encourage alternate delivery channels, your Bank completely revamped its Internet Banking, viz., Baroda Connect (Retail portal) by enhancing its look & feel and promoting the user friendliness. Moreover, your Bank continued to add more facilities under its Internet Banking channels. Other enhanced features such as Tax payments of various States, Integration of GRIPS (Government Revenue Receipts for West Bengal), Credit to Loan accounts, Bill payments, Online donations to Prime Minister Relief Fund, India Life Insurance premium payment through e-banking, IMPS(Immediate Payment services) through e-banking were added during the year. Your Bank's Internet banking facility was made available on all Smart-phones/ tablets offering comfort of anywhere banking to its customers. Internet Banking was also extended to 13 overseas territories viz. Tanzania, Uganda, Kenya, Mauritius, Seychelles, Botswana, New Zealand, UAE, Fiji and by adding transaction-based internet banking in UK, Oman and Ghana and view-based internet banking in Australia during FY13. A view-based e-banking was also provided in all the RRBs sponsored by your Bank. In order to enhance security and confidence in the Internet Banking, your Bank introduced enhanced security features by deploying Fraud Management Solution, including two factor authentications in India and five Overseas territories viz. UAE, UK, New Zealand, Kenya and Uganda by enabling ARCOT OTP, PULL OTP and SMS OTP.

To encourage Bank customers to use Mobile Banking, your Bank added many more features viz., IMPS i.e. Immediate Payment Services Person to Account (P2A) fund transfer, enabling mobile banking application in all i-Phones and i-Pads in addition to Blackberry, Android, Windows, enabling of NUUP(National Unified USSD Platform) etc. Also, your Bank is in the process of implementing P2M (person to Merchant) fund transfer under IMPS and has acquired India First Life Insurance as the first merchant. Your Bank proposes to enable Mobile Banking application for Windows8, Implementation of Mobile banking in Uganda and UAE etc. Your Bank has also initiated implementation of Mobile banking in its sponsored RRBs.

Your Bank's ATM Switch was upgraded to a higher version along with a hardware up-gradation with many enhanced features for better performance, speedy ATM transactions and ease of ATM expansion during the year. The ATM switch was upgraded for India, UAE, Oman, Mauritius, Fiji, Tanzania, Botswana, T&T and New Zealand. Many customer-centric initiatives such as implementation of Rupay ATM Cards, Rupay POS and Rupay KCC Cards, Brown label ATMs, Collection of Insurance premium for IndiaFirst Life Insurance Policy holders through ATMs, ATM Transaction receipt printing in Hindi, Regional Language Screen selection for Gujarati, Marathi and Tamil, Talking ATMs for visually impaired persons, implementation of Fraud Management Solution in ATMs/ POS in India were added during the year. Your Bank could successfully launch the Rupay ATM and Rupay KCC cards for its RRBs also.

To enhance the security features, your Bank implemented Fraud Management Solution for Internet Banking, ATM & POS. Also, your Bank enabled the SMS Alerts delivery facility to its customers for all transactions made through alternate delivery channels and for all CBS transactions worth Rs 5000 and more. Moreover, your Bank is regularly conducting VAPT (Vulnerability Assessment & Penetration Testing) of external facing applications, e-banking log monitoring, etc. Even for the branches, your Bank heightened the security systems by enabling a Fraud Risk Management System for day-to-day monitoring of suspicious transactions at branches.

H. R. Initiatives

Your Bank has adopted a very balanced people strategy to create a composite and responsible Human Resource culture in the Bank that can drive growth and also adequately face various challenges of the current times, viz. the large retirements, massive induction of talent, huge training requirements and challenges of succession and productivity.

A comprehensive HR strategy and Framework has been drawn up to take care of all these challenges in an integrated manner through a focused HR transformation project called Project SPARSH which is unique and path-breaking in the entire industry.

Your Bank has taken a major step to develop the next line of leaders for the future by putting in place a Talent Management System which proactively identifies future potential leaders to cater to the leadership gaps likely to arise in the next five years.

Your Bank has developed a scientific manpower planning model to estimate manpower needs by level, skills and by branch. It has also done a strategic workforce planning for the next few years to feed into various other HR functions like recruitment planning, career progression vacancies and postings/deployment, etc.

In order to make the large number of fresh recruits productive in the quickest possible time, your Bank has initiated a very structured "on-boarding programme" consisting of both functional and cultural components which would enable the persons to be work-ready quickly and also help in their cultural assimilation within the Bank.

Another major initiative is the Baroda Manipal School of Banking jointly taken by your Bank and Manipal Global education to train students for a banking career within your Bank on a "first-day, first-hour" productivity model. The students undergo a focused one-year programme which is tailored to the Bank's requirements and leads to the award of a post-graduate diploma in Banking and Finance, before they are absorbed in the Bank as Probationary officers.

Risk Management

To ensure sustainable and consistent growth, your Bank has developed a sound risk management framework so that the risks assumed by the Bank are properly assessed and monitored on a continuous basis. Your Bank's Board has put in place a robust Enterprise-wide Risk Management architecture so that the risks remain within the risk appetite defined by the Board.

While your Bank has made a successful migration to Basel II framework, with the preponderance of common equity in the tier I capital as well as total capital of the Bank, your Bank does not envisage any difficulty in implementing Basel III capital rules.

Key Achievements in FY13

In spite of the challenging business environment, your Bank ended the year under review with a satisfactory set of results.

- Your Bank's **Global Business** expanded by 19.3% (y-o-y) to Rs 8,02,069 crore by end-March, 2013. Within this, the **Domestic Business** expanded by 17.4% to Rs 5,66,000 crore and the **Overseas Business** increased by 24.2% to Rs 2,36,069 crore.
- The **Global Deposits** of your Bank registered a growth of 23.1% (y-o-y) to Rs 4,73,883 crore by end-March 2013. The **Domestic Deposits** expanded by 22.0% to Rs 3,41,706 crore, while the **Overseas Deposits** rose by 26.2% to Rs 1,32,178 crore.
- Amidst aforementioned challenges, your Bank's CASA deposits increased by 15.9% (y-o-y) to Rs 1,19,981 crore.
- The share of **Domestic CASA** as on 31st March 2013 stood at 30.38%.
- Your Bank's **Global Advances** increased by 14.2% (y-o-y) to Rs 3,28,186 crore by end-March 2013. While **Domestic Advances** rose by 11.0% to Rs 2,24,294 crore, **Overseas Advances** surged by 21.8% to Rs 1,03,891 crore.
- The **Retail Credit** of your Bank increased by 6.7% (y-o-y) to Rs 38,046 crore during FY13, of which, **Home Loans** increased by 13.5% to Rs 16,045 crore.
- Your Bank's **SME Credit portfolio** expanded by 30.3% (y-o-y) to Rs 44,974 crore by end-March 2013. While its **Farm Credit** remained flat at Rs 28,739 crore (primarily due to a change in regulatory definitions), its **Credit to Weaker Sections** increased by 7.5% to Rs 17,045 crore.
- Your Bank's **Operating Profit** stood at Rs 8,999.15 crore and Net Profit at Rs 4,480.72 crore in FY13.
- The **Return on Average Assets** (ROAA) stood at 0.90% in line with your Bank's guidance.
- Despite capital infusion, the **Return on Equity** (ROE) was at 14.59% as at 31st Mar, 2013.
- Your Bank managed to protect its **NIM** at 3.11% in Domestic Operations and at 2.66% in Global Operations during FY13.
- Given your Bank's prudent approach, its **Provision Coverage Ratio** was at 68.24% as on 31st March 2013 – relatively higher in a PSU banking segment.
- Your Bank's Capital Strength gets reflected in its **CRAR (Basel II)** at 13.30% and Tier I capital at 10.13% as on 31st March 2013.
- Your Bank's **Cost-Income Ratio** continued to be at a relatively lower level of 39.79% for FY13.
- While its **Earnings per Share** stood at Rs 108.84, its **Book Value per Share** stood at Rs 729.69.

Awards & Accolades

During FY13, your Bank received several awards for its excellent performance across various business and financial parameters.

These awards included- Bloomberg UTV Financial Leadership Award –Best PSU Banking; Dun & Bradstreet – Polaris Financial Technology Banking Awards; Best Public Sector Bank under the category Global Business Development-Overall Best Public Sector Bank; Banking Technology Award-2011 by IBA; Use of Technology in Training & e-learning – Winner; Best Customer Relationship initiatives – 1st Runner up; Best use of Business Intelligence – 1st Runner up; Best use of mobility tech in Banking – 2nd Runner up; Best Risk management & Security initiatives – 2nd Runner up; Business India Best Bank Award 2012; Forbes India Leadership Award – Best CEO Public Sector;

CNBC TV18 – 'India Best Banks and Financial Institutions Award 2012' – Best Public Sector Bank; Best Large Bank 2012 – Business World November 26th 2012 Issue; Best Large Bank 2012 – Business Today – KPMG – December 2012; Best Public Sector Bank Award by State Forum of Bankers Club, Kerala, December 2012, at Ernakulam; Business Standard Banker of the Year (2011-12); FE Best Banks Award 2011-12 for 'Best PSU Bank' awarded by Financial Express Group; The Most Efficient Public Sector Bank by Dalal Street Investment Journal on 23/03/2013; National Award for 2011-12, conferred for excellence in the field of Khadi & village Industries by Khadi & Village Industries Commission on 3rd April,2013; "Strategic Communication and Leadership Award" by Asian Confederation of Business and World CSR Congress at Corporate Affairs Award Ceremony.

While these awards and titles mean recognition for your Bank's superior performance, they also bring more responsibility to it. The Team Baroda is aware that all stakeholders expect much more from your Bank now.

Team Baroda has to live up to these expectations and let me add that we find this an exciting challenge to meet.

Looking Forward

Following a sharp slowdown in FY13, there are expectations of a modest recovery in FY14, with some pick-up likely in the second half of the year. There are expectations of a normal monsoon in FY14 which would positively support not just the agricultural growth but also the growth of industry. The factors like downward movement in commodity prices, easing financial conditions, the recent corrective steps taken by the government to reduce the bottlenecks in investment and a likely modest pick-up in exports suggest a relatively better economic scenario in FY14 as compared to that in FY13.

Notwithstanding the uncertainties in economic environment, your Bank will continue to grow its business sustainably even in FY14. To achieve this, you Bank would focus on people, processes and technology following a strict code of business conduct and ethics.

Your Bank is in a position of strength, driven by a strong balance sheet, good deposit franchise, rich capital adequacy, a consistent leadership and prudent risk management systems.

Bank's Corporate Goals and Strategy

For the year FY14, the motto of your Bank is designed in such a manner that it refocuses the Bank towards addressing the current concerns and ensures a strong path forward.

"BACK To BASICS" is the motto of your Bank for FY14.

"BASICS" is defined in such a manner that each letter represents the critical banking function.

B for – Business growth (to increase the market share)

A for – Asset Quality (to be kept at the highest)

S for – Solvency & Liquidity (to be maintained through proper ALM)

I for – Innovation (to be the key differentiator)

C for – Customer Centricity (to be the key driver)

S for – Systems & Procedure (to be continuously updated to support above pillars)

To further sharpen the focus, your Bank has recently created two new business verticals, notably the "Deposit Resources, Wealth Management & Marketing" and the "Government Business".

During FY14, your Bank plans to enhance its self-service channels substantially with the objective of providing world class hassle free services to its customers. It proposes to add 3,500 additional ATMs and cash dispensers plus "self-service passbook printing kiosks" in 1,500 branches and also 25,000 POS (Point of Sale) machines.

It plans to deploy 100 bunch note acceptors, 50 self-service 24x7 e-lobbies equipped with cash dispensers, cash acceptors, cheque deposit machines, internet banking kiosks, self-service passbook printing kiosks, and hotline to the Bank's contact centers. Your Bank also proposes to develop single note acceptors for cash acceptance in smaller centers.

Your Bank plans to focus on mobilizing low cost CASA deposits and balancing the credit portfolio more in favour of retail, SME and agriculture. Your Bank also proposes to focus on non-interest income and prudent control over expenses. Furthermore, the Bank would pursue prudent management of bad debts by containing slippages.

Your Bank's relatively steady performance in FY13 strongly demonstrates its intrinsic value, its resilience, its robust systems, processes and people and its sustainability, customer confidence and competitive strength. Your Bank continued to grow without losing a grip over asset quality even though the nation witnessed negative growth drivers for much of the financial year FY13.

I am confident and optimistic about the Bank's prospects as we continue to ride out the phase of economic slowdown and emerge stronger and more responsive to the nation's needs.

In this journey of your Bank, I solicit your continued cooperation and patronage.

S. S. Mundra
Chairman & Managing Director

नोटिस / NOTICE

बैंक ऑफ़ बड़ौदा BANK OF BARODA
प्रधान कार्यालय : मांडवी, वडोदरा- 390 006
Head Office : Mandvi, Vadodara – 390 006
कार्पोरेट कार्यालय : बड़ौदा कार्पोरेट सेंटर, सी-26, 'जी' ब्लॉक,
बांद्रा कुर्ला काम्पलेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुम्बई - 400 051.
Corporate Office: Baroda Corporate Centre,C-26, "G' Block,
Bandra Kurla Complex, Bandra (East), MUMBAI 400 051
(Website: www.bankofbaroda.com)

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के शेयरधारकों की 17वीं वार्षिक सामान्य बैठक सर सयाजीराव नगरगृह, वडोदरा महानगर, सेवा सदन, बैंक ऑफ बड़ौदा शताब्दी वर्ष (2007-2008), टी.पी.-1, एफ.पी. 549/1, जीईबी कॉलोनी के पास, ओल्ड पादरा रोड, अकोटा-वडोदरा - 390020 में बुधवार दि. 26 जून, 2013 को प्रातः 10.30 बजे आयोजित होगी. इसमें निम्नलिखित कारोबार संचालित होंगे

1. बैंक का 31 मार्च, 2013 के तुलनपत्र, 31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के लाभ-हानि लेखा, लेखों में समाहित अवधि के कार्यनिष्पादन तथा कार्यकलापों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट और तुलन-पत्र एवं लेखों पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार-विमर्श, अनुमोदन व इन्हें स्वीकार करना.

2. वर्ष 2012-13 के लिए लाभांश की घोषणा करना.

स्थान : मुंबई
तारीख : 13/5/13

एस. एस. मूंदड़ा
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

NOTICE is hereby given that the 17th Annual General Meeting of the Shareholders of Bank of Baroda will be held on Wednesday, 26th June 2013 at 10.30 a.m. at Sir Sayajirao Nagargriha, Vadodara Mahanagar Seva Sadan, Bank of Baroda Centenary Year (2007-2008), T.P. - 1, F.P. 549/1, Near GEB Colony, Old Padra Road, Akota, Vadodara – 390020, to transact the following business:

1. To discuss, approve and adopt the Balance Sheet of the Bank as at 31st March 2013, Profit and Loss Account for the year ended 31st March, 2013, the report of the Board of Directors on the working and activities of the Bank for the period covered by the accounts and the Auditor's Report on the Balance Sheet and Accounts.

2. To declare dividend for the year 2012-13.

Place : Mumbai
Date : 13th May 2013

S.S. Mundra
Chairman and Managing Director

टिप्पणियां / NOTES

1. प्रॉक्सी की नियुक्ति

बैठक में भाग लेने और मत देने के लिए पात्र शेयरधारक बैठक में भाग लेने और मत देने के लिए अपने स्थान पर प्रॉक्सी नियुक्त कर सकेगा / सकेगी (बैंक के किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी के अलावा अन्य को) और यह आवश्यक नही होगा कि नियुक्त प्रॉक्सी बैंक का शेयर धारक हो. प्रॉक्सी का कोई भी विलेख तभी वैध माना जाएगा, जब वह वार्षिक रिपोर्ट के साथ भेजे गए फार्म ''बी'' में भरा गया हो. उक्त प्रॉक्सी तभी प्रभावी मानी जाएगी यदि यह बैठक की तारीख से कम से कम 4 दिन पूर्व अर्थात 21 जून, 2013 को सांय 5.00 बजे तक या उससे पूर्व बैंक ऑफ़ बड़ौदा, केवायसी एण्ड एएमएल विभाग, 8वां तल, सूरज प्लाजा-I, सयाजीगंज, बड़ौदा - 390005 स्थित प्रधान कार्यालय में प्राप्त हो जाएगी और इसके साथ मुख्तारनामा अथवा अन्य प्राधिकार पत्र की प्रति जो कि नोटरी पब्लिक अथवा मजिस्ट्रेट द्वारा सत्यापित हो, को भी साथ में भेजा जाएगा, यदि उक्त मुख्तारनामा अथवा अन्य प्राधिकार पत्र पूर्व में बैंक में जमा और पंजीकृत न किया गया हो.

2. प्रतिनिधि की नियुक्ति

कोई भी व्यक्ति किसी कंपनी के विधिवत प्रतिनिधि के रूप में बैठक में भाग लेने अथवा वोट देने के लिए तब तक पात्र नहीं होगा जब तक कि उसे एक यथाविधि प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करने संबंधी संकल्प की एक प्रति, जिसे उस बैठक, जिसमें यह पारित किया गया था, के अध्यक्ष द्वारा एक सत्य प्रतिलिपि के रूप में अभिप्रमाणित न किया गया हो, बैठक की तारीख से 4 दिन पूर्व अर्थात दिनांक 21 जून, 2013 को सांय 5.00 बजे या इससे पहले बैंक के प्रधान कार्यालय में उपरोक्त पते पर जमा न कर दिया गया हो.

3. उपस्थिति - पर्ची सह प्रवेश पत्र

शेयरधारकों की सुविधा हेतु इस रिपोर्ट के साथ उपस्थिति पर्ची सह प्रवेश पत्र संलग्न है. शेयरधारकों से अनुरोध है कि उपस्थिति पर्ची भरकर और उसमें दर्शाए गए स्थान पर अपने हस्ताक्षर करके, इसे बैठक स्थल पर सौंप दें. शेयरधारकों के प्रॉक्सी / प्रतिनिधि को उपस्थिति पर्ची पर यथास्थिति ''प्रॉक्सी'' या ''प्रतिनिधि'' जैसी भी स्थिति हो, अंकित करना चाहिए.

4. शेयरधारक - रजिस्टर का बंद होना

बैंक के शेयरधारकों का रजिस्टर तथा शेयर अंतरण रजिस्टर 15 जून, 2013 से 26 जून, 2013 तक (दोनों दिन सहित) वार्षिक सामान्य बैठक तथा वर्ष 2012-13 के लाभांश भुगतान करने के उद्देश्य से बंद रहेगा.

5. लाभांश का भुगतान

बैंक के निदेशक मंडल ने 13 मई, 2013 आयोजित अपनी बैठक में 31 मार्च, 2013 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए पूर्ण प्रदत्त प्रत्येक रू. 10/- के पूर्ण प्रदत्त शेयर के लिए रू. 21.50 (रुपए इक्कीस और पचास पैसे मात्र) की दर से लाभांश संस्तुत किया है. निदेशक मंडल द्वारा संस्तुत तथा 17वीं वार्षिक सामान्य बैठक में अनुमोदित लाभांश का भुगतान निम्नानुसार किया जाएगा.

क) 14 जून, 2013 को कारोबार समय की समाप्ति पर नेशनल

1. Appointment of Proxy

A SHAREHOLDER ENTITLED TO ATTEND AND VOTE AT THE MEETING IS ENTITLED TO APPOINT A PROXY (OTHER THAN AN OFFICER OR AN EMPLOYEE OF THE BANK) TO ATTEND AND VOTE INSTEAD OF HIMSELF/HERSELF AND THE PROXY NEED NOT BE A SHAREHOLDER OF THE BANK. No instrument of Proxy shall be valid unless it is in Form "B" as annexed in the Annual Report. The Proxy, in order to be effective, must be received at Head Office situated at Bank of Baroda, KYC & AML Department, 08th Floor, Suraj Plaza – I, Sayajiganj, Vadodara 390 005 not less than four days before the date of meeting i.e. on or before the closing hours of the Bank at 5.00 p.m. on 21st June 2013, together with the Power of Attorney or other authority, if any, under which it is signed or a copy of that Power of Attorney or other authority certified as a true copy by a Notary Public or a Magistrate unless such Power of Attorney or other authority has been previously deposited and registered with the Bank.

2. Appointment of Representative:

No person shall be entitled to attend or vote at the meeting as a duly authorized representative of a Company unless a copy of the resolution appointing him as a duly authorized representative, certified to be true copy by the Chairman of the meeting at which it was passed shall have been deposited at the Head Office of the Bank at the address given above, not later than four days before the date of meeting i.e. on or before the closing hours of the Bank at 5.00 p.m. on 21st June 2013.

3. Attendance Slip-Cum Entry Pass:

For convenience of the Shareholders, Attendance Slip-cum-Entry Pass is annexed to this Notice. Shareholders are requested to fill-in and affix their signatures at the space provided therein so as to save time and hand over the same at the venue of the Meeting. Proxy / Representative of the shareholder should state on the attendance slip as "Proxy" or "Representative", as the case may be.

4. Closure of Register of Shareholders:

The Register of Shareholders and Share Transfer Books of the Bank will remain closed from 15th June 2013 to 26th June 2013 (both days inclusive) for the purpose of Annual General Meeting and payment of dividend for the year 2012-13.

5. Payment of Dividend :

The Board of Directors of the Bank in its meeting held on 13th May 2013 has recommended dividend @ Rs. 21.50 (Rupees Twenty One and paise Fifty only) per equity share of Rs.10/- each fully paid up, for the financial year ended 31st March 2013. Dividend as recommended by the Board of Directors and approved at the 17th Annual General Meeting will be paid as under:

a) To all beneficial owners in respect of shares held

सिक्यूरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) और सेंट्रल डिपॉ जिटरी सर्विसेज (इंडिया) लि. (सीडीएसएल) द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकडे के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक रूप में धारित शेयरों के संबंध में सभी लाभार्थी शेयरधारकों को.

ख) 14 जून, 2013 को कारोबार समय की समाप्ति को या इससे पूर्व बैंक / बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट अर्थात मेसर्स कार्वी कंप्यूटरशेयर प्रा. लि. हैदराबाद (आरटीए) के पास दर्ज शेयर हस्तांतरण अनुरोध के संबंध में वैध हस्तान्तरण प्रभावी करने के पश्चात भौतिक रूप में धारित शेयरों के संबंध में सभी सदस्यों को.

ग) 17वीं वार्षिक सामान्य बैठक की तारीख से 30 दिन के अंदर पात्र शेयरधारकों को लाभांश वितरित किया जाएगा.

6. पते में परिवर्तन / लाभांश अधिदेशः

क) इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि उनके संबंधित डिपाजिटरी खाते में पंजीकृत बैंक विवरणों को बैंक द्वारा लाभांश का भुगतान करने के लिए उपयोग में लाया जाएगा. बैंक अथवा इसका रजिस्ट्रार और शेयर हस्तांतरण एजेंट, इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों के सीधे ही प्राप्त ऐसे किसी अनुरोध पर कार्यवाही नहीं करेगा जो बैंक विवरणों अथवा बैंक मेंडेट से संबंधित होंगे. ऐसे परिवर्तनों की सूचना केवल सदस्यों के डिपॉजिटरी सहभागी को ही दी जानी चाहिए.

ख) भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि यदि उनके पते में कोई परिवर्तन हो तो इसकी सूचना तत्काल बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर हस्तांतरण एजेंट अर्थात मेसर्स कार्वी कंप्यूटरशेयर प्रा.लि.हैदराबाद को दें. इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर रखनेवाले सदस्यों को अपने पते में किसी प्रकार के परिवर्तन की सूचना अवश्य ही अपने संबंधित डिपॉजिटरी सहभागी को देनी चाहिए. बैंक अथवा बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर हस्तांतरण एजेंट को सूचना देने की आवश्यकता नहीं है.

ग) सदस्यों से अनुरोध है कि वे बैंक अथवा बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर हस्तांतरण एजेंट के साथ किसी भी प्रकार के पत्र-व्यवहार में अपने संबंधित फोलियो नंबर (उनके लिए, जिनके पास शेयर भौतिक रूप में है) और अपना डीपी आईडी/ग्राहक आईडी नंबर (उनके लिए, जिनके पास शेयर इलेक्ट्रॉनिक रूप में हैं) का उल्लेख अवश्य करें.

7. फोलियो का समेकन

जिन शेयरधारकों के पास एक से अधिक खाते में अपने समरूप नाम से शेयर हैं, उनसे अनुरोध है कि वे रजिस्ट्रार एवं अंतरण एजेंट को शेयर प्रमाण-पत्रों के साथ ऐसे खातों के लिए लेजर फोलियो की सूचना दें ताकि बैंक एक खाते में सभी धारित शेयरों का समेकन कर सके. पृष्ठांकन संबंधी आवश्यक कार्रवाई करने के बाद सदस्यों को शेयर प्रमाण पत्र यथासमय लौटा दिए जाएंगे..

8. भौतिक रूप में शेयर धारिता का अभौतिकीकरण

भौतिक रूप में शेयर रखनेवाले शेयरधारक अपनी शेयर धारिता का अभौतिकीकरण कर सकते हैं, इसके लिए उन्हें अपने उस संबंधित डिपॉजिटरी सहभागी से संपर्क करना चाहिए जहां उनका अपना डीमेट खाता है.

in electronic form as per the data as may be made available by the National Securities Depository Limited (NSDL) and the Central Depository Services (India) Limited (CDSL) as of the close of the business hours on 14th June 2013.

b) To all the members in respect of shares held in physical form after giving effect to valid transfers in respect of transfer requests lodged with the Bank / Bank's Registrar and Share Transfer Agent i.e. M/s Karvy Computershare Private Limited, Hyderabad (RTA) on or before the close of business hours on 14th June 2013.

c) The dividends will be distributed to the eligible shareholders within 30 days from the date of the 17th Annual General Meeting.

6. Change of Address / Dividend Mandate :

a) Members holding shares in electronic form are hereby informed that bank particulars registered against their respective depository account will be used by the Bank for payment of dividend. The Bank or its Registrar and Share Transfer Agent can not act on any request received directly from the members holding shares in electronic form for any change of bank particulars or bank mandates. Such changes are to be advised only to the Depository Participant of the Members.

b) Members holding shares in physical form are requested to advise any change of address immediately to the Bank's Registrar and Share Transfer Agent, i.e. M/s Karvy Computershare Private Limited, Hyderabad. Members holding shares in electronic form must send the advice about change in address to their respective Depository Participant only and not to the Bank or Bank's Registrar and Share Transfer Agent.

c) Members are requested to invariably quote their respective folio number/s (for those holding shares in physical form) and their respective DP Id / Client Id number (for those holding shares in electronic/ demat form) in any correspondence with the Bank or Bank's Registrar and Share Transfer Agent.

7. Consolidation of Folios:

The Members holding shares in physical form in identical order of names in more than one account are requested to intimate to the Bank's Registrar and Share Transfer Agent, the ledger folio of such accounts together with the share certificates to enable them to consolidate all the holdings into one account. The share certificates will be returned to the members after making necessary endorsement in due course.

8. Dematerialization of Physical Holdings:

The Shareholders who are holding shares in physical mode may convert their holdings in dematerialized form, for which they may contact their respective Depository Participant, where they maintain their respective de-mat account.

9. अंतरणों के लिए प्रस्तुतीकरण

शेयर प्रमाण-पत्रों को अंतरण विलेखों के साथ बैंक के रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट के पास निम्नलिखित पते पर भेजा जाना चाहिए-
मैसर्स कार्वी कम्प्यूटरशेयर प्रा.लि.
(इकाई : बैंक ऑफ़ बड़ौदा)
प्लॉट सं.17-24, विठ्ठलराव नगर,
इमेज हॉस्पिटल के निकट,
माधापुर, हैदराबाद - 500 081
टेलीफोन : 040 2342 0815 से 820
फैक्स : 040 2342 0814
ई-मेल : einward.ris@karvy.com

10. दावा न किए गए लाभांश, यदि कोई हो

जिन शेयरधारकों ने पिछले वर्षों के अपने लाभांश पत्रों का नकदीकरण न कराया हो अथवा लाभांश पत्र उन्हें प्राप्त न हुए हों, उन्हें सूचित किया जाता है कि वे रजिस्ट्रार एवं अंतरण एजेंट हैदराबाद अथवा बैंक के निवेशक सेवाएं विभाग, मुंबई से निम्नलिखित पते पर सीधे संपर्क करें :
निवेशक सेवाएं विभाग
बैंक ऑफ़ बड़ौदा, तीसरी मंजिल, बड़ौदा कार्पोरेट सेंटर
सी-26, जी-ब्लॉक, बान्द्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
बान्द्रा (पूर्व), मुंबई - 400 051
ई-मेल - investorservices@bankofbaroda.com

शेयरधारक कृपया नोट कर लें कि बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम,1970 में संशोधन के फलस्वरुप बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) तथा वित्तीय संस्थान विधि (संशोधन) अधिनियम, 2006 के मद्देनज़र सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए यह अनिवार्य है कि वे उक्त अधिनियम लागू होने के फलस्वरुप भुगतान हेतु /दावा हेतु शेष लाभांश की राशि तथा उक्त अधिनियम लागू होने के बाद घोषित लाभांश "अप्रदत्त लाभांश खाते" में अंतरित करें.

"अप्रदत्त लाभांश खाते" में अंतरित राशि और अंतरण की तारीख से सात वर्ष की अवधि ये अदावाकृत /अप्रदत्त राशि को कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 205 (सी) की उप धारा (I) के अंतर्गत स्थापित निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि में अंतरित किया जाना अपेक्षित है. इस राशि का उपयोग कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 205 सी के अंतर्गत उल्लिखित उद्देश्य से तथा यथाविधि किया जाएगा और उसके पश्चात इस संबंध में भुगतान के लिए कोई दावा बैंक को या निधि को प्रस्तुत नहीं किया जाएग.

11. सदस्यों से अनुरोध

कृपया नोट करें कि वार्षिक सामान्य बैठक में वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियां वितरित नहीं की जाएंगी. अतः सदस्यों से अनुरोध है कि वे बैठक में वार्षिक रिपोर्ट की प्रति साथ लेकर आएं.

9. Lodgments for Transfers:

Share Certificate along with transfer deed should be forwarded to the Bank's Registrar and Share Transfer Agent at the following address.

M/s Karvy Computershare Private Ltd.,
(Unit :- BANK OF BARODA)
Plot No. 17-24, Vithalrao Nagar,
Near Image Hospital, Madhapur,
Hyderabad – 500 081
Phone No. 040 2342 0815 to 820, Fax No. 040 2342 0814
E- mail : einward.ris@karvy.com

10. Unclaimed/Unpaid Dividend, if any:

The Shareholders who have not encashed their dividend warrants for the previous years are advised to approach the Bank's Registrar and Share Transfer Agent at aforesaid address or at Bank's Investors' Services Department at Mumbai on the following address :

Investors' Services Department
Bank of Baroda, 3rd Floor, Baroda Corporate Centre,
C-26, G-Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (E)
Mumbai - 400 051.
E-mail - investorservices@bankofbaroda.com

Shareholders are requested to carefully note that pursuant to amendment in Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 vide "The Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) And Financial Institutions Laws (Amendment) Act, 2006, Public Sector Banks are required to transfer amount remaining unpaid/unclaimed in dividend accounts of earlier years on the commencement of the aforesaid Act, and also dividend declared after the commencement of the said Act, to "Unpaid Dividend Account".

The amount transferred to the said "Unpaid Dividend Accounts" and remaining unclaimed/unpaid for a period of seven years from the date of transfer, is required to be transferred to the Investors Education and Protection Fund (IEPF) established under sub-section (I) of section 205 C of the Companies Act, 1956, which shall be used for the purpose and in the manner specified in section 205 C of the Companies Act, 1956 and thereafter no claim for payment shall lie in respect thereof to the Bank or the Fund.

11. Request to Members:

Please note that copies of the Annual Report will not be distributed at the Annual General Meeting and hence members are requested to bring their copies of the Annual Report at the meeting.

निदेशकों की रिपोर्ट

आपके निदेशक गण बैंक की 105 वीं वार्षिक रिपोर्ट के साथ 31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष (वित्तीय वर्ष 13) के लेखा-परीक्षित तुलन पत्र, लाभ-हानि लेखा और व्यवसाय एवं परिचालन संबंधी रिपोर्ट सहर्ष प्रस्तुत कर रहे हैं.

कार्यनिष्पादन

- **कुल कारोबार** (जमा एवं अग्रिम) बढ़कर ₹ **8,02,069 करोड़** हो गया. इस प्रकार इनमें **19.3%** की वृद्धि हुई.
- **सकल लाभ** एवं **शुद्ध लाभ** क्रमशः ₹ **8,999.15 करोड़** एवं ₹ **4,480.72** करोड़ रहा. शुद्ध लाभ में पिछले वर्ष की तुलना में **-10.5%** की वृद्धि हुई.
- **ऋण जमा अनुपात** पिछले वर्ष के **86.86%** की तुलना में **82.03%** रहा.
- **खुदरा ऋणों** में **6.7%** की वृद्धि हुई और यह वित्तीय वर्ष 2013 में बैंक के सकल घरेलू ऋणों का **16.6%** रहा.
- **एमएसएमई** ऋणों में **30.3%** की वृद्धि हुई और यह वित्तीय वर्ष 2013 में बैंक के सकल घरेलू ऋणों का **19.7%** रहा.
- वित्तीय वर्ष 2013 में वैश्विक परिचालनों में **शुद्ध ब्याज अंतर (एनआईएम)** ब्याज अर्जक आस्तियों के प्रतिशत के रूप में **2.66%** एवं घरेलू परिचालनों में **3.11%** के स्तर पर रहा.
- **शुद्ध अग्रिमों में शुद्ध गैर निष्पादक आस्तियां 1.28%** रहीं जबकि पिछले वर्ष यह **0.54%** थी.
- **पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर)** बासेल II के अनुसार **13.30%** रहा.
- **शुद्ध मालियत** सुधर कर ₹ **30,714.19 करोड़** हो गयी. इसमें **17.2%** की वृद्धि दर्ज हुई.
- वर्ष के दौरान **बही मूल्य** ₹ 637.37 से बढ़कर ₹ **729.11** हो गया.
- वर्ष के दौरान **प्रति कर्मचारी कारोबार** ₹ 1,466 लाख से बढ़कर ₹ **1,689 लाख** हो गया.

खंडवार कार्य निष्पादन

वर्ष वित्तीय वर्ष 13 के खंडवार परिणामों में राजकोषीय परिचालन (ट्रेजरी) का योगदान ₹ **1,070.13 करोड़**, कॉर्पोरेट/होलसेल बैंकिंग का (-) ₹ **103.95 करोड़**, खुदरा बैंकिंग का ₹ **3,085.71 करोड़** तथा अन्य बैंकिंग परिचालनों का योगदान ₹ 2,221.71 करोड़ रहा. आपके बैंक ने ₹ 1,442.37 करोड़ के गैर-आबंटित खर्चे घटाने और करों के लिए ₹ **350.51 करोड़** का प्रावधान करने के बाद ₹ **4,480.72 करोड़** का कर-पश्चात लाभ (पीएटी)

लाभांश

आपके बैंक के निदेशकों ने 31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के लिए ₹ **21.50 प्रति शेयर** का (₹ 10/- के अंकित मूल्य पर) लाभांश प्रस्तावित किया है. इसमें कर सहित लाभांश के रूप में कुल व्यय ₹ **1,059.62 करोड़** होगा.

पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सी.ए.आर.)

आपके बैंक का पूंजी पर्याप्ता अनुपात काफी अच्छा है एवं 31 मार्च, 2013 को यह **बासेल II** के अंतर्गत **13.30%** है.

31 मार्च, 2013 को आपकी बैंक की शुद्ध मालियत ₹ **30,714.19 करोड़** रही. इसमें चुकता पूंजी ₹ **422.52 करोड़** और प्रारक्षित निधि (पुनर्मूल्यांकन निधि को छोड़कर) ₹ **30,291.67 करोड़** शामिल है. ₹ **3,421.10 करोड़** की राशि अर्जित लाभ में से प्रारक्षित निधि में अंतरित की गयी.

सेवानिवृत्ति तथा अन्य लाभों के लिए प्रावधान

वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान बैंक ने **उपदान में अंशदान के रूप में (₹ 133.00 करोड़), पेंशन निधि के रूप में (₹ 683.96 करोड़), अवकाश नकदीकरण के रुप में (₹ 204.38 करोड़) तथा अतिरिक्त सेवानिवृत्त लाभ के रूप में (₹ 184.29 करोड़)** की राशि का उपचय आधार पर प्रावधान किया है. इन चारों श्रेणियों में प्रावधान की कुल राशि वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान ₹ **1,205.63 करोड़** रही जबकि वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान यह प्रावधान राशि ₹ 991.94 करोड़ थी. मार्च, 2013 के अंत में बैंक के पास इन शीर्षों के तहत उपलब्ध कुल आधारभूत निधि इस प्रकार थीः ₹ **1,506.13 करोड़ (उपदान), ₹ 6,770.08 करोड़ (पेंशन निधि), ₹ 709.73 करोड़ (अवकाश नकदीकरण) तथा ₹ 592.45 करोड़ (अतिरिक्त सेवानिवृत्ति लाभ).**

प्रमुख वित्तीय अनुपात

विवरण	वित्तीय वर्ष 13	वित्तीय वर्ष 12
औसत आस्तियों पर आय (आरओएए) (%)	0.90	1.24
निधियों की औसत लागत	5.75	5.64
औसत आय (%)	8.29	8.55
औसत ब्याज अर्जक आस्तियां (₹ करोड़ मे)	4,24,761.33	3,47,223.21
औसत ब्याज वहन करने वाली देयताएं (₹ करोड़ में)	4,15,246.10	3,43,397.26
शुद्ध ब्याज मार्जिन (%)	2.66	2.97
लागत आय अनुपात (%)	39.79	37.55
प्रति शेयर बही मूल्य (₹)	729.11	637.37
प्रति शेयर आय (₹)	108.84	127.84

प्रबंधन विचार विमर्श और विश्लेषण

वित्तीय वर्ष 13 का आर्थिक परिवेश और वित्तीय वर्ष 14 की संभावनाएं

केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन द्वारा वित्तीय वर्ष 2013 के लिए भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद दर वृद्धि का अनुमान 5.0% किया गया जो इस दशाब्दि में दर्ज की गई सबसे कम वृद्धिदर है और यहां तक कि वैश्विक वित्तीय संकट के प्रथम वर्ष के दौरान दर्ज की गई विकास दर से भी कम है. वित्तीय वर्ष 2013 में भारतीय अर्थव्यवस्था मूलतः अपेक्षित मानसून बारिश के अपेक्षा से कम होने, अवरूद्ध संरचना, निर्यात में गिरावट, कार्पोरेट निवेश के कमजोर होने और उपभोग मांग में कमजोरी, जैसे घटकों के कारण व्यापक आधार पर कमजोर रही. धीमे वैश्विक विकास के कारण लचीला सेवा क्षेत्र भी वित्तीय वर्ष 2013 में काफी कमजोर हो गया.

जहां तब कृषि का संबंध था, इसमें 1.8% की सामान्य वृद्धि मुख्यतः रबी (सर्दी) की फसल के कारण रही क्योंकि खरीफ (ग्रीष्म) की फसल मानसून की देरी के कारण प्रभावित हुई.

वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान औद्योगिक विकास (उत्पादन, खनन और खदान, बिजली, गैस, जल आपूर्ति व निर्माण सहित) में भी 3.1% प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई. यह कमजोर निष्पादन कमजोर वैश्विक मांग, कमजोर आपूर्ति संयोजन, उच्च निवेश लागत, धीमी निवेश गतिविधि, नियामक संबंधी व परिवेशगत रुकावटें और विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति की कमी जैसे प्रमुख घटकों के कारण था. साथ ही उपभोग मांग में कमी ने भी औद्योगिक क्षेत्र के विकास को सामान्यतः और विशेष रूप से मोटर वाहन, खाद्य उत्पाद एवं वस्त्र उद्योग को प्रभावित किया.

घरेलू औद्योगिक गतिविधियों की कमजोरियों और नाजुक वैश्विक परिवेश ने वित्तीय वर्ष 2013 में सेवा क्षेत्र के विकास को 6.6% तक नीचे पहुंचाया.

हालांकि समग्र विकास में बहुत तेजी से गिरावट आई. तथापि मुद्रास्फीति वर्ष के दौरान मजबूत रही जो अर्थव्यवस्था के स्थिर स्फीतिपरक स्थिति की ओर संकेत करती है. यद्यपि होलसेल मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति की दर अपने उच्चतम स्तर से कम हुई. तथापि, यह भारतीय रिज़र्व बैंक के संतुष्टि क्षेत्र से काफी अधिक रही.

होलसेल मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति में अक्तूबर 2012 से लगातार सुधार हुआ. सितम्बर 2012 के 8.06% के उच्च दर से यह मार्च 2013 में 5.96% हो गई. उत्पादन क्षेत्र में बढ़ते मांग घाटे के कारण कोर मुद्रास्फीति भी अगस्त 2012 के 5.56% से घटकर मार्च 2013 में 3.48% हो गई. इसके विपरीत खुदरा मुद्रास्फीति (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित) मार्च 2013 में 10.39% पर स्थिर रहा.

विकास में अत्यधिक गिरावट के कारण सरकार ने अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए सितम्बर 2012 की मध्यावधि में अनेक दोषनिवारक उपायों एवं सुधारों की शुरूआत की. जैसे राजकोषीय क्षेत्र से संबंधित सुधारात्मक उपाय (ऊर्जा परिदान को रोकने के लिए ऱ्इंधन की कीमतों के निर्धारण में उर्ध्वोन्मुखी समायोजन, खर्चों पर नियंत्रण, मध्यावधि राजकोषीय समामेलन योजना, नगदी अंतरण कार्यक्रमों की शुरूआत आदि) भुगतान संतुलन के क्षेत्र में (मल्टीब्रांड खुदरा, घरेलू एअरलाईन्स, पावर एक्सचेंज, बीमा, पेंशन कंपनियों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का विस्तारीकरण, ईसीबी उदारीकरण, तीन वर्षों के लिए ब्याज के भुगतान पर धारण कर 20% से घटाकर 5% तक करना, सोने पर आयात शुल्क को 4.0% से 6.0% तक बढ़ाना, घरेलू शासकीय व गैर संरचनात्मक कार्पोरेट बाण्ड आदि में विदेशी निवेश की सीमा में वृद्धि); निवेश क्षेत्र में (प्रमुख संरचनात्मक व अन्य परियोजनाओं पर शीघ्र निर्णय के लिए केबिनेट समिति का गठन, जीएएआर के कार्यान्वयन को दो वर्ष के लिए अर्थात् 1 अप्रैल 2016 तक स्थगन); वित्तीय क्षेत्र (15 प्रमुख शहरों के अतिरिक्त म्यूचुअल फंड उद्योग को अधिक कमीशन की अनुमति देकर और वोटिंग सीमा बढ़ाने संबंधी बैंकिंग बिल को पारित करना और भारतीय रि. जर्व बैंक की भूमिका को मजबूत बनाते हुए नए बैंकिंग लाइसेंस जारी करने की अनुमति देना). इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2014 के लिए केन्द्रीय बजट में सरकार राजकोषीय खाते को सकल घरेलू उत्पाद दर में 5.2% तक कम करने में सफल रही और वित्तीय वर्ष 2014 के लिए 4.0% का लक्ष्य निर्धारित किया गया.

वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान भारत की स्थिति बाह्य मोर्चे पर अधिक नाजुक हो गई. वित्तीय वर्ष 2013 की तीसरी तिमाही में चालू खाते का घाटा (सीएडी) 6.7% के ऐतिहासिक उच्च स्तर पर पहुंचने के कारण चालू खाते के घाटे को लगातार पूरा करना अत्यधिक चिंताजनक है. खराब होता व्यापार घाटा और सेवा क्षेत्र का धीमा विकास चालू खाते के घाटे में वृद्धि में मुख्य कारक रहे. कमजोर बाह्य मांग, जिसने वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिकूल प्रभाव डाला और पीओएल और सोने के लगातार अधिक आयात के परिणामस्वरूप व्यापार संतुलन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा. वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान भारत का वस्तु निर्यात 1.76% घटकर 300.6 बिलियन अमरीकी डालर हो गया जबकि आयात 0.44% बढ़कर 491.48 बिलियन अमरीकी डालर हो गया जिससे वित्तीय वर्ष 2013 में 190.88 बिलियन अमरीकी डालर का बड़ा व्यापार घाटा हुआ. डीजीसीआई एंड एस द्वारा दिए गए वस्तुवार आंकड़ों के अनुसार मुख्यतः इंजीनियरिंग वस्तुओं, पेट्रोलियम उत्पादों, कपड़ा और लोहे आदि वस्तुओं के निर्यात में गिरावट आई.

व्यापार और चालू खाते का बढ़ा हुआ घाटा मुद्रा को कमजोर करता है, आयातित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि करता है और पहले से ही उच्च मुद्रा स्फीति की दर को और अधिक बढ़ाता है. वित्तीय वर्ष 13 के दौरान पूंजी के बेहतर अर्न्तप्रवाह के कारण चालू खाते के उच्च घाटे के बावजूद ग्रीन बैक के एवज में भारतीय रूपये का वित्तीय वर्ष 2013 में 6.7% का अवमूल्यन हुआ. संवीक्षा वर्ष के दौरान भारत को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (शुद्ध टर्म) के रूप में 18 बिलियन अमरीकी डालर, पोर्टफोलियों अर्न्तप्रवाह (शुद्ध टर्म) के रूप में 24 बिलियन अमरीकी डालर, बाह्य वाणिज्यिक उधारियां एवं अल्पावधि ऋण के रूप में 30 बिलियन अमरीकी डालर और कुल बैंकिंग पूंजी के रूप में 24 बिलियन अमरीकी डालर प्राप्त हुए.

वित्तीय वर्ष 2014 में आगे बढ़ते हुए आर्थिक अग्रिम सलाहकार परिषद द्वारा प्रधानमंत्री को दिए गए आकलन के अनुसार, अभी हाल ही में प्रारंभ किए गए संरचनात्मक उपायों और अपेक्षित सामान्य मानसून के आधार पर भारत का आर्थिक विकास पिछले वर्ष के 5.0% से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2014 में 6.4% होने की संभावना है. साथ ही मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई आधारित) में लगातार नर्मी से मौद्रिक नीति विकास को और अधिक समर्थ करने में सक्षम होगी. हालांकि सरकार ने राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई है तथापि चालू खाता घाटा चिंता का विषय बना हुआ है. तथापि, प्रक्रियाओं को और अधिक व्यवस्थित कर एवं पूंजी के प्रवाह को बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाकर देश इसे नियंत्रित कर सकता है.

वित्तीय वर्ष 2013 में भारतीय बैंकिंग क्षेत्र का कार्यनिष्पादन और वित्तीय वर्ष 2014 की कार्य संभावनाएं

वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान, मुद्रास्फीति के बढ़ते हुए दबावों और समग्र आर्थिक मंदी के कारण बैंकिंग क्षेत्र के जमा व ऋण वृद्धि दोनों में काफी कमी आई. औसत रूप में, जमा और ऋण के विकास में 250 और 300

बीपीएस तक अंतर रहा और जमा वृद्धि ऋण वृद्धि से अधिक रही. इसके कारण बैंकिंग उद्योग में लगातार तरलता में मजबूती बनी रही.

भारतीय रिज़र्व बैंक (आर.बी.आई.) द्वारा लिए गए विभिन्न मौद्रिक कठोर उपायों के कारण जमाराशियों और अन्य निधियों की लागत वर्ष के दौरान उच्च बनी रही. लोगों ने चालू या बचत खाता (कासा) में राशियां रखने के बजाय अधिक आय देनेवाली सावधि जमाराशियों में अपनी राशियां रखने को वरीयता दी. जिसके परिणामस्वरूप कई बैंकों के लिए कासा वृद्धि धीमी हो गई और बैंकों के लिए निधियों की लागत बढ़ गई.

व्यापक आधार औद्योगिक मंदी ने बैंकों, विशेष रूप से सरकार के स्वामित्ववाले बैंकों की आस्ति गुणवत्ता को प्रतिकूल रूप में प्रभावित किया क्योंकि मुख्यतः इन्हीं बैंकों ने वित्तीय वर्ष 2009 के वित्तीय संकट के पश्चात् उत्पादक क्षेत्रों को सहायता प्रदान की थी. घटती हुई ऋण वृद्धि का असर बैंकिंग उद्योग में शुद्ध ब्याज मार्जिन पर हुआ. शुद्ध ब्याज मार्जिन में कमी एवं उच्च ऋण लागत (प्रावधानगत आवश्यकताएं), पुनर्संरचित ऋणों सहित, ने वित्तीय वर्ष 2013 में अनेक बैंकों की आय को कम किया.

चालू स्वीकृतियां समाप्त होने के पश्चात् वित्तीय वर्ष 2012 और वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान स्वीकृत नई परियोजनाओं में अत्यधिक गिरावट का असर वित्तीय वर्ष 2014 की ऋण मांग पर पड़ेगा.स्टैंडर्ड और पूअर्स (एस एंड पी) रेटिंग एजेंसी के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2014 में अनेक आर्थिक और राजनैतिक अनिश्चितताओं के कारण भारतीय बैंकों की ऋण वृद्धि 15.0% तक ही होने की संभावना है. ऊर्जा, सड़क, धातु और खनन क्षेत्र का पुनरूद्धार सरकार के कार्य पर निर्भर करता है, निर्माण और उपभोक्ता वस्तुओं के पुनरूद्धार का प्रत्यक्ष संबंध आर्थिक विकास और बढ़ी हुई खपत से है. तथापि, भारतीय बैंकिंग उद्योग का कोर ग्राहक जमा आधार, स्थायी निधियों को उपलब्ध कराने का मार्ग लगातार प्रशस्त करेगा.

एस एंड पी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2014 में बैंकों की गैर निष्पादक आस्तियां कुल ऋण के 3.9% तक बढ़ेंगी, आस्तियों पर बैंकों की आय, 0.9% तक रहेगी. इसके साथ ही यदि भारतीय बैंकिंग उद्योग 1 अप्रैल 2013 को शुरू किए गये बासल III के दिशा निर्देशों के अनुपालन के लिए 8.0% की कॉमन इक्विटी टीयर । अनुपात को प्राप्त करने की तुरंत कोशिश करेगा, तो भारतीय बैंकिंग उद्योग को 3-4 बिलियन अमरीकी डालर की पूंजी की कमी होगी.

जोखिम प्रबंधन

स्थायी और लगातार विकास निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए, आपके बैंक ने एक व्यवस्थित जोखिम प्रबंधन प्रणाली विकसित की है जिससे बैंक द्वारा अनुमानित जोखिमों का लगातार और व्यवस्थित आकलन व मानटिरिंग की जा सके. यह गौर किया जाए कि जोखिम प्रबंधन प्रणालियां सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अंततः बैंक के निदेशक मंडल पर है. इसमें जोखिम प्रवृत्ति, नीति निर्धारण एवं प्रभावी मॉनिटरिंग शामिल है. आपके बैंक के निदेशक मंडल द्वारा एक सुदृढ़ उद्यमानुसर जोखिम प्रबंधन स्वरूप निर्धारित किया गया जिससे कि जोखिम, बैंक के निदेशक मंडल द्वारा परिभाषित जोखिम प्रवृत्तियों के अनुरूप रहे.

विभिन्न जोखिमों के निर्धारण, मूल्यांकन और प्रबंधन में प्रक्रिया संक्षेप में इस प्रकार है.

तरलता जोखिम

तरलता जोखिम से अभिप्राय उस जोखिम से है जब बैंक के पास, देय हो चुकी अपनी वित्तीय देयताओं को चुकाने के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध न हों, अथवा यह वित्तीय संसाधन अधिक और असहनीय लागत पर उपलब्ध हों. आस्तियों को शीघ्र एवं न्यूनतम मूल्य ह्रास से तरलता में बदलने की क्षमता को प्रभावित करने वाली बाजार की स्थितियों का निर्धारण न कर पाने व उनका समाधान न ढूंढ पाने से तरलता जोखिम हो सकता है. आपके बैंक में तरलता जोखिम को दैनिक आधार पर तरलता - अंतराल स्थितियों के लिए निर्धारित सुरक्षात्मक सीमा के अनुरूप फ्लो पद्धति से आकलित व मानिटर किया जाता है. साथ ही आगामी तीन माह के लिए गतिशील अंतराल रिपोर्ट के द्वारा गतिशील आधार पर पाक्षिक रूप में तरलता की स्थिति का आकलन किया जाता है. तरलता की गुणवत्ता का परीक्षण स्टाफ एप्रोच के तहत विभिन्न अनुपातों के द्वारा किया जाता है जिसमें अनेक सुरक्षात्मक सीमाएं जैसे दैनिक आधार पर ऋण देना, दैनिक आधार पर ऋण लेना, शुद्ध अल्पावधि ऋण लेना और शुद्ध ऋण ग्राहक जमा अनुपात और मूल आस्ति अनुपात दैनिक आधार पर आकलित किए जाते है. स्टाफ एप्रोच सीमाओं का अनुपालन यह सुनिश्चित करता है कि बैंक ने अपनी तरलता का उचित वैविधिकरण से प्रबंधन किया है और ग्राह्य सीमा में रखा है.

तरलता जोखिम, तरलता की लागत, नियोजन की संभावनाएं और उस पर प्रतिफल, उपलब्ध आकस्मिकताएं आदि की मानटरिंग आस्ति देयता समिति द्वारा की जाती है. इसमें महाप्रबंधक एवं कार्यपालक निदेशक शामिल हैं और जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा की जाती है. सुरक्षात्मक सीमाएं विभिन्न नियमित और विशेष रिपोर्ट के माध्यम से आल्को द्वारा मानिटर की जाती हैं.

ऋण जोखिम

ऋण जोखिम ऐसे जोखिम हैं जिसमें सहमति की शर्तों के अनुरुप किसी काउंटर पार्टी द्वारा देयताओं की पूर्ति हेतु सक्षमता में कमी अथवा अनिच्छुक होने से बैंक के लिए हानि की संभावना निहित होती है. आपके बैंक में ऋण जोखिम सुस्पष्ट रुप से बनाए गए फ्रेमवर्क से व्यवस्थित किए जाते हैं, जिसमें नीतियों, प्रक्रियाओं और रिपोर्टिंग का समावेश है. श्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय पद्धतियों के अनुरुप जोखिम लेने वालों और नीति बनाने वालों के बीच सुस्पष्ट अंतर विद्यमान है. इसके अलावा बैंक ने जोखिम आधारित उधार देने की शक्तियां प्रत्यायोजित की है जिसमें कम जोखिम वाले प्रस्तावो में ऋण प्रदान करने की उच्चतर विवेकाधीन शक्तियां प्रदान की गई है. जहां बैंकों का एक्सपोजर अधिक है उन उद्योगों में मौजूद जोखिम के आकलन हेतु बैंक द्वारा उद्योगों का अध्ययन किया जाता है तथा नए उद्योगों के संदर्भ में भी यह अध्ययन किया जाता है. उद्योग- रिपोर्ट बैंक के फील्ड स्तरीय लोगों को संप्रेषित की जाती है ताकि उद्योगों को उधार देते समय इनका उपयोग किया जा सके. तथापि, अविवेकपूर्ण स्थिति से बचने के लिए बैंक ने सभी उद्योगों, क्षेत्रों और उधारकर्ताओं पर प्रूडेंशियल कैप की व्यवस्था की है.

आपके बैंक ने 2007 में एक संतुलित दो आयामी क्रेडिट रेटिंग प्रणाली अपनाई है और क्रेडिट रेटिंग पर 6 वर्ष का डाटा तथा उधारकर्ता रेटिंग माइग्रेशन तैयार कर लिया है. इस तैयारी के फलस्वरुप हमारे बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक से बासेल-II नियमों के अंतर्गत ऋण जोखिम फाउन्डेशन इंटरनल रेटिंग आधारित दृष्टिकोण (एफआयआरबी) में माइग्रेट करने हेत आवेदन किया है. एफआयआरबी कार्यान्वयन आपके बैंक को जोखिम आधारित मूल्य निर्धारण, पोर्टफोलियो निर्माण और रिस्क फिक्शेसन एपीटाइट की दृष्टि से अपने व्यवसाय को और अधिक व्यवस्थित एवं अत्याधुनिक तरीके से संचालित करने के लिए तैयार करेगा.

बाजार जोखिम

बाजार जोखिम बाजार दरों और मूल्यों मे प्रतिकूल परिवर्तनों के कारण अर्जन अथवा आर्थिक मूल्य मे होने वाली हानियों के रुप में होता है. बाजार जोखिम के स्रोत निम्नलिखित हो सकते हैः-

- ब्याज दर जोखिमः प्रतिफल कर्व में परिवर्तनों, ऋण स्प्रेड और ब्याज दरों में अस्थिरता से पैदा होने वाले जोखिम.
- मुद्रा विनिमय दर जोखिमः विनिमय दरों में परिवर्तन और ब्याज दरों में अस्थिरता से कारण पैदा होने वाले जोखिम.
- इक्विटी मूल्य जोखिमः इक्विटी के मूल्यों, इक्विटी संकेतकों, इक्विटी बास्केट में परिवर्तन तथा स्टाक मार्केट में अस्थिरता के कारण पैदा होने वाले जोखिम.

कीमतों में परिवर्तन और अस्थिरता के कारण भी बाजार जोखिम पैदा होते हैं तथापि आपके बैंक का जिंस संबंधित बाजारों में कोई एक्सपोजर नही है.

बैंक ने अपने ट्रेजरी कार्यों के नियंत्रण और उनकी निगरानी हेतु स्पष्ट नीति बनाई है. इन नीतियों में प्रबंधन पद्धतियों, प्रक्रियाओं, विवेकसम्मत ऋण सीमाओं, समीक्षा प्रणाली और रिपोर्टिंग पद्धतियों का समावेश है. वित्तीय और बाजार स्थितियों में परिवर्तन के अनुरूप इन नीतियों में आवधिक रूप से संशोधन किया जाता है.

ब्याज दर जोखिम का आकलन ब्याज दर अस्थिरता अन्तराल रिपोर्ट तथा जोखिम आय के आधार पर किया जाता है. इसके अलावा बैंक मासिक आधार पर अवधि, संशोधित अवधि, निवेश पोर्टफोलियों के जोखिम मूल्य, जिसमें स्थायी आय प्रतिभूतियां, इक्विटीज तथा विदेशी मुद्रा पोजीशन शामिल है, की गणना करता है. बैंक, अल्पवधि ब्याज दर जोखिम की मॉनिटरिंग, शुद्ध ब्याज आय (एनआरआई) तथा दीर्घ अवधि ब्याज जोखिम की मॉनिटरिंग, इक्विटी के आर्थिक मूल्य (ईवीई) को ध्यान में रखते हुए करता है. ट्रेजरी के संदर्भ में वेल्यू एट रिस्क की गणना 99% कॉनफिडेंस लेवल पर 10 दिन की होल्डिंग अवधि के आधार पर की जाती है. अस्थिरता विश्लेषण तथा इक्विटीज के माध्यम से स्थिर ब्याज निवेश पोर्टफोलियों की स्ट्रेस जांच परिस्थितिगत विश्लेषण के माध्यम से नियमित रूप से की जाती है.

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के आधार पर आपके बैंक द्वारा "इक्विटी प्रभाव के आर्थिक मूल्य" का तिमाही आधार पर आकलन भी किया जाता है.

परिचालन जोखिम

परिचालन जोखिम ऐसा जोखिम है जो अपर्याप्त अथवा असफल आंतरिक परिचालन, प्रक्रिया, लोगों तथा प्रणालियों अथवा बाहरी घटकों से हानि के कारण होता है जिसमें विधिक जोखिम भी शामिल है. आपके बैंक की जोखिम प्रबंधन समिति प्रक्रियाओं का निर्धारण/संशोधन करके, नियंत्रण रखकर तथा भूमिका और उत्तरदायित्वों को पुनः परिभाषित करके परिचालन जोखिमों पर निगरानी रखने एवं उन्हे नियंत्रण में रखने की जिम्मेवारी वहन करती है. आपके बैंक में बैंक की संतुलित निरीक्षण एवं लेखा परीक्षण प्रणाली द्वारा यह सुनिश्चित किया जाता है कि बैंक के आंतरिक दिशा-निर्देशों, नीतियों और प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है.

आपका बैंक, अपने परिचालन जोखिमों को जानने, मापने, निगरानी रखने और उचित प्रबंधन करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों वाला उद्यम स्तर का स्वचालित वेब आधारित सोल्यूशन स्थापित करके एक अत्याधुनिक प्रणाली कार्यान्वित करने जा रहा है. यह सोल्यूशन इस वर्ष की समाप्ति से पूर्व कार्यान्वित होने की आशा है इस सोल्यूशन के कार्यान्वित होने से आपके बैंक को स्टैंडर्डाइज्ड अप्रोच की मात्रात्मक एवं गुणात्मक आवश्यकताओं की पूर्ति तथा बासेल-II नियमों के एडवांसड् मेजरमेंट अप्रोच (एएमए) के अंतर्गत परिचालन जोखिम पूंजी मापन में सहायता मिलेगी.

बासेल III के लिए बैंक की तैयारी

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा 2 मई, 2012 को बासेल-III के संबंध में अंतिम दिशा-निर्देश जारी किए गए. नए चलनिधि मानकों - चलनिधि कवरेज अनुपात तथा शुद्ध स्थिर निधीयन अनुपात संबंधी अंतर्राष्ट्रीय विनिमय वर्तमान में बीसीबीएस (बासेल कमेटी ऑन बैंकिंग सुपरविजन) द्वारा अवलोकन अवधि/पुनरीक्षण के अध्यधीन है जिसका उद्देश्य ऐसे किसी अनिष्छापूर्ण परिणामों का समाधान निकालना है जोकि मानक में वित्तीय बाजार, ऋण विस्तार तथा आर्थिक विकास के लिए हो सकते हैं अतः इसे फिलहाल कार्यान्वित नही किया जा रहा है.

बासेल-II और बासेल-III के अंतर्गत पूंजी नियमों के पूर्ण कार्यान्वयन पर न्यूनतम पूंजी आवश्यकताओं का विवरण इस प्रकार हैः-

बैंक के सीआरएआर को निम्नानुसार सांराशीकृत किया गया है.

मानदंड	बासेल II	बासेल III
सामान्य इक्विटी पूंजी	-	5.50%
टीयर-I पूंजी	6%	7%
कुल पूंजी	9%	9%
पूंजी प्रत्यावर्तन बफर (पूंजी का ऐसा बफर जो वित्तीय और आर्थिक दबावों के दौरान हानियों को समाहित कर सके) (कॉमन इक्विटी के रुप में)	शून्य	2.50%

पूंजी नियमों के बारे में भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देश 1 अप्रैल, 2013 से लागू हो चुके हैं. नये पूंजी नियमों की पूर्ति के अलावा 30 जून, 2013 से गहन लिवरेज अनुपात का कार्यान्वयन आवश्यक है. टीयर-I पूंजी में कॉमन इक्विटी की प्रधानता तथा बैंक की कुल पूंजी को देखते हुए आपके बैंक को बासेल-II नियमों का सामना करने में कोई कठिनाई नही होगी.

ऋण निगरानी कार्य

- अपनी ऋण आस्तियों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए सतत आधार पर ऋण निगरानी एक अति महत्वपूर्ण उपाय है. बैंक के पास विभिन्न स्तरों पर अग्रिम खातों की मासिक जांच के लिए सुव्यवस्थित पद्धति है जो आस्तियों की गुणवत्ता में गिरावट को रोकने और ऋण संविभाग की गुणवत्ता सुधार ने हेतु समय पर कार्रवाई करती है.

  ऋण निगरानी के लिए कार्पोरेट स्तर पर महाप्रबंधक की देखरेख में अलग से एक विभाग तथा अंचल व क्षेत्रीय स्तर पर ऋण निगरानी के लिए विभागों का गठन सितम्बर 2008 से किया गया है. बैंक की घरेलू ऋण नीति के अनुरुप सभी अंचल/क्षेत्रीय कार्यालयों में स्लिपेज निवारक कार्य-दलों का गठन किया गया है. बैंक ने आरंभिक चरण में स्लिपेज को रोकने के उददेश्य से विद्यमान मानदंड एवं दिशानिर्देशों के अनुक्रम उपयुक्त प्रावधान को शामिल कर बैंक की घरेलू ऋण नीति को अनुकूल बना दिया गया है. बैंक ने ऋण निगरानी प्रक्रियाओं को असरदार बनाने की दिशा में आस्तियों की गुणवत्ता सुधारने, चिंताजनक क्षेत्रों की पहचान करने, विशेष ध्यान देने योग्य शाखाओं के निर्धारण और कार्यनीति तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया है. साथ ही समयबद्ध तरीके से कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक ऋण नीति भी बनायी है.

कार्पोरेट स्तर पर ऋण निगरानी विभाग के मूल उददेश्य निम्न प्रकार निर्धारित किए गए हैं :

- आरंभिक अवस्था में ऋण खातों की कमियों/सम्भावित चूकों/शुरुआती अस्वस्थता को पहचानना.
- जब कभी भी किसी खाते में ऋण गुणवत्ता की क्षति अर्थात ऋण रेटिंग में गिरावट, एलसी/गारंटी की देयताओं को पूरा करने में देरी करने और ब्याज/किस्तें आदि की अदायगी में विलम्ब होने के संकेत मिलते हैं तो उन्हें रोकने के लिए समय पर उपयुक्त एवं सुधारात्मक कदम उठाना.
- कठोर अनुवर्ती कार्यवाही के माध्यम से आस्ति वर्गीकरण एवं ऋण रेटिंग में आने वाली गिरावट को रोकना.
- ऋण खातों की पुनः संरचना/पुनः समय निर्धारण/पुनः चरणबद्ध करने के लिए उपयुक्त मामलों की पहचान करना साथ ही उपयुक्त एवं वास्तविक मामलों में पुनः वित्त प्रदान करना. सीडीआर कक्ष तथा अंचल एवं क्षेत्रीय कार्यालयों से सम्पर्क स्थापित करना.
- खातों की समीक्षा एवं नियम तथा शर्तों के अनुपालन हेतु आवश्यक कदम उठाकर / नियमित रुप से अनुवर्ती कार्रवाही करके बैंक के ऋण संविभाग की गुणवत्ता में सुधार लाना.
- ऋण रेटिंग में सुधार करने के प्रयास करना.
- बीआयएफआर के अंतर्गत खातों की प्रगति पर निगरानी रखना.

स्लिपेज रोकना

आस्ति गुणवत्ता को सुधारने हेतु सतत व्यवसाय रणनीति के रुप में बैंक द्वारा अग्रिम पोर्टफोलियों पर उद्योगवार और उधारकर्तावार रुप में ध्यान केन्द्रित किया गया ताकि वर्तमान स्थिति और भविष्य में आने वाली समस्याओं का विश्लेषण किया जा सके और अग्रिम खातों में अस्वस्थता / संभावित चूकों / संभावी न्यूनताओं की पहचान करके उचित और समय रहते सुधारात्मक उपाय करते हुए ऋण गुणवत्ता में दुर्बलताओं को रोका जा सके.

आपके बैंक द्वारा जनवरी, 2013 में ₹ 10 करोड़ और अधिक एक्सपोजर वाले निधि आधारित तथा गैर निधि आधारित अग्रिम खातों के संबंध में एक ऑनलाइन वेब आधारित सॉफ्टवेयर लांच किया गया जोकि बैंक के आयटी विभाग द्वारा विकसित किया गया है इससे अग्रिमों का तेज गति और प्रभावी तरीके से मॉनीटरिंग और चिंताग्रस्त खातों के संबंध में समय पर कार्रवाई सुनिश्चित हो सकेगी.

आपके बैंक ने खातों की त्वरित समीक्षा, नियम और शर्तों के अनुपालन, उच्च मूल्य वाले अग्रिम खातों की क्रेडिट रेटिंग के अपग्रेडेशन इत्यादि हेतु कार्रवाई शुरु की है ताकि ऋण संविभाग की आस्ति गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके.

वित्तीय वर्ष, 2013 के दौरान आपके बैंक ने अपने वैश्विक परिचालनों के विभिन्न अग्रिम खातों का पुनर्गठन किया जिसका विवरण निम्नलिखित तालिका में दिया गया है:-

वित्तीय वर्ष 2012-13 में अग्रिम खातों का पुनर्गठन (वैश्विक)

(₹ करोड़ों में)

विवरण		सी डी आर तंत्र	एस एम ई पुनर्गठन	अन्य	कुल
पुनर्गठित मानक अग्रिम	ऋणियों की संख्या	26	743	17,455	**18,224**
	बकाया राशि	2,031.92	950.61	4,533.60	**7516.12**
	घाटा (सेक्रीफाइस) (उचित मूल्य में ह्रास)	177.42	11.05	124.83	**313.30**
पुनर्गठित अव मानक अग्रिम	ऋणियों की संख्या	1	44	620	**665**
	बकाया राशि	68.30	52.19	373.38	**493.87**
	घाटा (सेक्रीफाइस) (उचित मूल्य में ह्रास)	5.18	0.02	1.13	**6.33**
पुनर्गठित संदिग्ध अग्रिम	ऋणियों की संख्या	0	9	349	**358**
	बकाया राशि	0	20.43	475.64	**496.07**
	घाटा (सेक्रीफाइस) (उचित मूल्य में ह्रास)	0	0.04	10.86	**10.90**
कुल	ऋणियों की संख्या	**27**	**796**	**18424**	**19,247**
	बकाया राशि	**2,100.22**	**1,023.23**	**5,382.62**	**8,506.06**
	घाटा (सेक्रीफाइस) (उचित मूल्य में ह्रास)	**182.60**	**11.12**	**136.81**	**330.54**

आर्थिक आसूचना इकाई

बैंक के कार्पोरेट कार्यालय में कार्यरत विशेष आर्थिक आसूचना इकाई, नीतिपरक व्यवसाय आयोजना निवेशक संबंध एवं ऋण तथा आस्ति देयता प्रबंधन बाजार जोखिम प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में उच्च प्रबंधन वर्ग को सहयोग करता है. यह इकाई नियमित रूप से उच्च प्रबंधन वर्ग तथा बैंक की विभिन्न परिचालन इकाइयों को समय-समय पर प्रमुख क्षेत्रों में जैसे औद्योगिक एवं संगठनात्मक विकास, मुद्रा स्फीति ब्याज दर, स्टॉक संचालन, ऋण विस्तार एवं बैंकिंग उद्योग हेतु संसाधन जुटाना तरलता एवं विनिमय दरों जैसे प्रमुख क्षेत्रों के संबंध में आवधिक रूप से जानकारी प्रदान करती है.

व्यापक आर्थिक पहलुओं, कार्पोरेट और वित्तीय क्षेत्र की नीतियों के संबंध में बेहतर समझ प्रदान कर बैंक ऑफ बड़ौदा की आर्थिक आसूचना इकाई व्यावसायिक अवसरों का अधिकतम फायदा उठाने हेतु बैंक के प्रयासों और बाजार के समीकरणों के हिसाब से अपने को अनुकूल बनाने में सहयोग प्रदान करती है.

आर्थिक आसूचना इकाई द्वारा व्यापक आर्थिक पहलुओं, विनिमय संबंधी प्रगति के संबंध में एक साप्ताहिक ई बुलेटिन का प्रकाशन किया जाता है. ताकि बैंकरों निवेशको, नियामकों व अन्य शीर्ष उद्योगों को अपने सरोकारों से अवगत कराया जा सके. यह इकाई आर्थिक गतिविधियों का सारांश प्रस्तुत करते हुए बैंक की बौद्धिक शक्ति के रूप में काम करती है जिसके आधार पर भविष्य में सम्यक कार्यनीतियां तैयार होती हैं.

आंतरिक नियंत्रण तंत्र

आपके बैंक में एक सुव्यवस्थित केन्द्रीय निरीक्षण एवं लेखा परीक्षा विभाग (CAID) है जो बैंक की प्रणालियों, नीतियों एवं पद्धतियों की अनुपालना का परीक्षण करता है. भारतीय रिज़र्व बैंक, भारत-सरकार, बैंक का निदेशक-मंडल तथा निदेशक-मंडल लेखा परीक्षा समिति से आंतरिक नियंत्रण संबंधी विभिन्न मुद्दों पर प्राप्त मार्गनिर्देश बेहतर जोखिम प्रबंधन की दृष्टि से आंतरिक नियंत्रण तंत्र के भाग बन गये हैं.

प्रतिवर्ष बढ़ते कारोबार को ध्यान में रखते हुए सी ए आई डी आसन्न जोखिमों पर प्रभावी नियंत्रण तंत्र के द्वारा सतत नियंत्रण रखने का प्रयास करता है ताकि बैंक के हित सुरक्षित रहें.

बैंक के निदेशक-मंडल की लेखा परीक्षा समिति द्वारा निर्धारित आवधिकता के अनुसार 13 अंचल निरीक्षण केन्द्रों द्वारा शाखाओं/ कार्यालयों के निरीक्षण के माध्यम से सी ए आई डी अपना संचालन करता है और आंतरिक नियंत्रण तंत्र और जोखिम प्रबंधन का परीक्षण करता है.

निदेशक-मंडल की लेखा परीक्षा समिति बैंक के आंतरिक लेखा परीक्षा कार्य की देखरेख करती है. यह समिति प्रभावी आंतरिक लेखा परीक्षा, संगामी लेखा परीक्षा, आई एस लेखा परीक्षा तथा अन्य निरीक्षण एवं लेखा परीक्षा कार्यों के प्रभावी विकास के लिए मार्गदर्शन देती है जिससे कि बैंक की आस्तियां सुरक्षित रहें. यह समिति कार्यपालकों की लेखा परीक्षा समिति तथा बैंक की निरीक्षण एवं लेखा परीक्षा समिति के कार्यों की मॉनिटरिंग करती है.

कार्यपालकों की लेखा परीक्षा समिति गठित की गई है जो कि सी ए आई डी से एक स्तर ऊपर है और यह बैंक के संपूर्ण निरीक्षण तंत्र को मॉनिटर करती है. कार्यपालकों की लेखा परीक्षा समिति धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए कठोर निवारक के रूप में कार्य करती है क्योंकि यह बैंक के लेखा परीक्षा तंत्र और इससे वांछित परिणाम प्राप्त करने पर ध्यान केन्द्रित करती है.

बैंक की सभी शाखाएं जोखिम आधारित लेखा परीक्षा (RBIA) से कवर हैं. वित्त वर्ष-13 के दौरान कुल -3046- शाखाओं का निरीक्षण किया गया. इनमें से -2206- शाखाएं (72.42%) कम जोखिम, -735- शाखाएं (24.13%) मध्यम जोखिम तथा -105- शाखाएं (3.45%) उच्च जोखिम श्रेणी की थीं. मुंबई स्थित निरीक्षण प्रभाग के अंतर्गत आई एस लेखा परीक्षा कक्ष कार्यरत है और यह ऑफ साइट निगरानी का कार्य करता है.

आपके बैंक ने वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा जारी मार्गनिर्देशों के अनुरूप निम्नलिखित को कार्यान्वित किया है -

- केन्द्रीय निरीक्षण एवं लेखा प्रभाग तथा अंचल लेखा परीक्षा समितियों के कार्य की देखरेख के लिए मार्च, 2013 से कार्यपालक लेखा परीक्षा समिति का गठन किया गया है. इससे प्रणालियों, पद्धतियों एवं आंतरिक मार्ग-निर्देशों के अनुपालन स्तर के पुनः मजबूत होने की आशा है.
- अगले वित्तीय वर्ष से निदेशक-मंडल की लेखा परीक्षा समिति द्वारा विधिवत अनुमोदित संगामी लेखा परीक्षा नीति, मैन्युअल एवं स्कोरिंग शीट तथा जोखिम आधारित संगामी लेखा परीक्षा को कार्यान्वित किया जाएगा.

वित्तीय वर्ष-13 की 709 शाखाओं की तुलना में वर्ष 2013-14 के लिए 834 शाखाओं की संगामी लेखा परीक्षा करके इसका कवरेज बढ़ा दिया गया है और 31.12.2012 के अनुसार यह बैंक के कुल कारोबार में जमाराशियों का 64.36%, कुल अग्रिमों का 80.87% तथा कुल कारोबार का 71.13% है.

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा वार्षिक वित्तीय निरीक्षणः 2011-12 में किए गए पर्यवेक्षण के अनुसार क्रेडिट लेखा परीक्षा सी ए आई डी के अंतर्गत एक विशेष कार्य के रूप में पोषित किया जाएगा और नई संरचना जुलाई, 2013 से कार्य करना आरंभ कर देगी. ₹ 1,97,048 करोड़ की निधि आधारित एवं गैर-निधि आधारित कारोबार वाले 3504 खातों के संबंध में क्रेडिट लेखा परीक्षा की गई, जिससे बड़ी राशि के ऋणों के संबंध में अनुपालन का उच्च स्तर सुनिश्चित किया गया.

संक्षेप में, आपके बैंक का केन्द्रीय निरीक्षण एवं लेखा प्रभाग स्वयं के निदेशक-मंडल नियामक एवं भारत-सरकार द्वारा निर्धारित प्रणालियों एवं पद्धतियों की प्रभावी मॉनिटरिंग कर रहा है.

परिचालन एवं सेवाएं

ग्राहक-केन्द्रित पहलें

अपने दैनिक परिचालनों में प्रभावी ग्राहक सेवा तथा ग्राहक संतुष्टि, बैंक के लिए सदा ही प्राथमिक लक्ष्य रहे हैं. आपका बैंक ग्राहकों की आवश्यकताओं एवं संतुष्टि के प्रति सदा तत्पर रहा है और उसका यह विश्वास रहा है कि प्रौद्योगिकियां, प्रक्रियाएं उत्पाद एवं इसके लोगो का हर प्रकार का कौशल अपने ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए उपयोग में लाया जाना चाहिए.

हाल ही में आपके बैंक ने अपनी शाखाओं में ग्राहक सेवा में सुधार हेतु अनेकों उपाय किए हैं साथ ही साथ, ग्राहक शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए ग्राहक शिकायत निवारण तंत्र को सुदृढ़ किया है. आपके बैंक ने वेब आधारित **ग्राहक शिकायत निवारण मॉडयूल - मानक जन शिकायत निवारण तंत्र (एसपीजीआरएस)** कार्यान्वित किया है.

वित्त वर्ष, 2013 के दौरान ग्राहक सेवा में सुधार हेतु निम्नलिखित अन्य प्रमुख उपाय किए गए हैं -

1. **ऑनलाइन मीयादी जमाराशियां** - बैंक के ग्राहक बड़ौदा कनेक्ट सिस्टम के द्वारा मीयादी जमा कर सकते हैं.

2. **एसएमएस एलर्ट सुविधा**

   क. वित्तीय लेन देन - उन सभी लेन देनों के बारे में जो ₹ 5,000/- अथवा इससे अधिक राशि के हैं, उनके सभी निवासी बचत बैंक एवं चालू खाताधारकों तथा ओवरड्राफ्ट ग्राहकों के संबंध में, जिनके मोबाइल नम्बर बैंक के सीबीएस सिस्टम में रजिस्टर्ड हैं.

   ख. गैर-वित्तीय लेन देन

   i. मीयादी जमाराशियों का नवीकरण - देय तारीख से 30 दिन पूर्व

   ii. संभावित निष्क्रिय खातों के खाताधारकों को (खाता निष्क्रिय होने से पूर्व) खाता चालू रखने की सूचना

   iii. निष्क्रिय खातों के खाताधारकों को अपने खाते सक्रिय करने के बारे में

3. **अंतर-बैंक जमाराशि खातों का अंतरण** - इसका तात्पर्य यह है कि यह सुविधा लागू हो जाने के बाद खाता नं. में परिवर्तन किए बिना बचत बैंक, चालू एवं मीयादी जमाराशि खाते एक शाखा से दूसरी शाखा में अंतरित किए जा सकते हैं.

4. **अपरिचालित खातों को सक्रिय करनाः** 01.09.2012 से 30.12.2012 की अवधि के दौरान अपरिचालित खातों को सक्रिय करने का अभियान चलाया गया. आपके बैंक की शाखाओं से कहा गया था कि वे अपरिचालित/ निष्क्रिय खातों को सक्रिय तथा निष्क्रिय खातों को अपरिचालित/ निष्क्रिय होने से बचाने का हरसंभव प्रयास करें.

5. **मोबाइल/ ई-मेल आई डी पंजीकरण** - स्टाफ सदस्यों को कुछ प्रोत्साहन देते हुए वर्तमान एवं नए खातों के मोबाइल नं. एवं ई-मेल आई डी के पंजीकरण का अभियान चलाया गया.

6. **पासबुकों में मुख्य नोडल अधिकारी के ब्यौरे** - ग्राहकों को अपनी समस्याओं/ शिकायतों को दर्ज करने में सुविधा हो, इस दृष्टि से मुख्य नोडल अधिकारी तथा बैंकिंग लोकपाल के ब्यौरों को पासबुक मुद्रण के समय पासबुक में शामिल करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है. शाखाओं से कहा गया है कि मुद्रित होने तक इन ब्यौरो को सभी पासबुको में रबड़ की मोहर लगाकर प्रदर्शित करें.

7. **मीयादी जमाराशियों पर सकल ब्याज का प्रदर्शन** - इसका तात्पर्य यह है कि मासिक अथवा तिमाही आधार पर प्रदत्त ब्याज अथवा स्रोत पर कर की कटौती आदि के ब्यौरे ग्राहक की बचत बैंक पासबुक विवरणी में अलग से प्रदर्शित होंगे.

8. **एटीएम असफल लेन देनों के लिए मुआवजा** - शाखाओं को कहा गया है कि वे ए टी एम के असफल लेन-देनों, नकदी प्राप्त न होने आदि की दर्ज शिकायतों का समाधान करें और शिकायत दर्ज होने के सात दिनों के अंदर खाते में राशि क्रेडिट कर दें.

   यदि शिकायत का निवारण नहीं किया गया तो आठवें दिन से बैंक द्वारा स्वयमेव राशि के क्रेडिट किए जाने तक ₹.100/- प्रतिदिन के हिसाब से मुआवजा दिया जाएगा.

9. **एन ई एफ टी/ आर टी जी एसः** आर टी जी एस एवं एन ई एफ टी से धनप्रेषण को लोकप्रिय बनाने के प्रयोजन से बैंक-इतर ग्राहकों (वाकिंग कस्टमर्स) से ₹.50,000/- तक के निधि अंतरण अनुरोध को स्वीकार किया जाता है.

इसके अलावा बैंक की वेबसाइट पर निम्नलिखित सूचना प्रदर्शित की जाती है -

1. सीटीएस 2010 (चेक छायांकन प्रणाली) भारतीय रिज़र्व बैंक के निदेशानुसार मानक चेक बुक
2. मृतक खाताधारक के दावा निपटान के लिए सभी संबद्ध प्रारूपों सहित जांच सूची
3. बैंक की वेबसाइट पर अपरिचालित/ निष्क्रिय/ दावा न किए गए जमाराशि खातों की सूची का प्रदर्शन (भारतीय रिज़र्व बैंक की सलाह पर -10- वर्ष से अधिक पुरानी अवधि के ग्राहकों के नाम एवं पते प्रदर्शित किए जाते हैं.)

शाखाओं में ग्राहक सेवा सुधारने के प्रयास

शाखाओं में ग्राहक सेवा की क्वालिटी के विषय में शाखा स्तरीय ग्राहक सेवा समिति की बैठकों से फीडबैक प्राप्त किया जाता है. इन समितियों की प्रत्येक महीने बैठकें आयोजित की जाती हैं और इसमें वरिष्ठ नागरिकों एवं पेशनरों सहित समाज के विभिन्न वर्गों के ग्राहकों को आमंत्रित किया जाता है. बैठकों में प्राप्त विचारों/ सुझावों का आकलन कर सेवा क्वालिटी में सुधार हेतु उनकी संभाव्यता के परीक्षण हेतु समुचित फॉलो-अप कार्यवाही की जाती है.

आपके बैंक का ध्यान सभी डिलीवरी चैनलों के माध्यम से उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करने पर केन्द्रित है और ग्राहक संतुष्टि के स्तर में बढ़ोत्तरी हेतु प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए ई-उत्पाद तथा वैकल्पिक डिलीवरी चैनल्स, जैसे - एटीएम/ डेबिट कार्ड, पी ओ एस, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, आदि उपलब्ध कराए गए हैं, जो कि विभिन्न ग्राहकों की विभिन्न आवश्यकताओं के अनुरूप हैं. विभिन्न प्रक्रियाओं एवं पद्धतियों में सुधार कर सभी प्रकार के ग्राहकों के हितों एवं प्रत्याशाओं का ध्यान रखा गया है.

अनुपालन

आपका बैंक भारतीय बैंकिंग कोड्स एवं स्टैंडर्ड (बी सी एस बी आई) का सदस्य है और इसने बी सी एस बी आई ने अगस्त, 2009 में निर्धारित ''ग्राहकों के प्रति प्रतिबद्धता संहिता'' को अपनाया है. इसने **''माइक्रो एवं लघु उद्यमियों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता संहिता''** को भी अपनाया है. इन्हें बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया गया है और ग्राहकों को बैंक शाखाओं के माध्यम से भी उपलब्ध कराया गया हैं.

वित्तीय वर्ष 2011 के लिए वार्षिक मौद्रिक एवं क्रेडिट नीति की घोषणा करते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर ने यह प्रस्ताव रखा था कि बैंकों को अपने निदेशक-मंडलों की बैठकों में हर छमाही में ग्राहक सेवाओं/ ग्राहकों के प्रति ध्यान देने की समीक्षा करने के लिए चर्चा करने के प्रयोजन से विशेष समय प्रदान करना चाहिए. इसकी अनुपालना में आपके बैंक ने जनवरी-जून 2012 एवं जुलाई-सितंबर 2012 के लिए क्रमशः दि.4 अगस्त, 2012 एवं 3 मार्च, 2013 को इस प्रकार दो छमाही बैठकें आयोजित कीं.

निदेशक-मंडल की ग्राहक सेवा समिति

आपके बैंक में 31 मार्च, 2013 के अनुसार अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में निम्नलिखित सदस्यों की निदेशक-मंडल ग्राहक सेवा की

उपसमिति गठित की गई है -

1	श्री एस.एस.मूंदड़ा	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
2	श्री पि.श्रीनिवास	कार्यपालक निदेशक
3	श्री सुधीर कुमार जैन	कार्यपालक निदेशक
4	श्री रंजन धवन	कार्यपालक निदेशक
5	श्री मौलिन अरविंद वैष्णव	निदेशक
6	श्री सत्यदेव त्रिपाठी	निदेशक

यह उप-समिति, नीति निर्धारण तथा उनकी अनुपालना से संबंधित मुद्दों को देखती है जिससे ग्राहक सेवा में सतत सुधार होता है. यह मृतक जमाकर्ताओं/ लॉकर किरायदारों/ सेफ कस्टडी में सामान जमाकर्ताओं के संबंध में निपटान हेतु उन दावों की स्थिति की मॉनिटरिंग करती है जो 15 दिन से अधिक समय से पेंडिंग हैं, तथा बैंकिंग लोकपाल द्वारा पारित अवार्डस के कार्यान्वयनों की समीक्षा भी करती है.

ग्राहक सेवा पर स्थायी समिति

आपके बैंक ने **''ग्राहक सेवा पद्धति एवं कार्यनिष्पादन बजट पर स्थायी समिति''** का गठन किया है जिसमें बैंक के तीनों कार्यपालक निदेशक और चार महाप्रबंधकों के अलावा -3- प्रतिष्ठित जन प्रतिनिधि शामिल किए गए हैं और यह आपके बैंक में प्रचलित प्रणालियों एवं पद्धतियों की समीक्षा करती है और सतत आधार पर आवश्यक सुधारात्मक उपाय करती है.

बैंक के प्रधान कार्यालय द्वारा तिमाही आधार पर क्षेत्रीय कार्यालयों से शाखा स्तरीय ग्राहक सेवा समिति की बैठकों से सुझाव प्राप्त किए जाते हैं और उन्हें ग्राहक सेवाओं संबंधी प्रणालियों एवं पद्धतियों की लेखा परीक्षा की स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है.

ग्राहक केन्द्रित पहलें एवं शिकायत निवारण

- आपके बैंक ने निदेशक-मंडल द्वारा अनुमोदित ग्राहक शिकायत निवारण नीति तथा एक सुसंगठित ग्राहक शिकायत निवारण तंत्र तैयार किया है. आपके बैंक से संबंधित ग्राहक शिकायतों के संबंध में परिचालन एवं सेवाओं के महाप्रबंधक को नोडल अधिकारी बनाया गया है. अंचल एवं क्षेत्रीय स्तरो पर संबंधित अंचल एवं क्षेत्रीय प्रमुख नोडल अधिकारी बनाए गए हैं. नोडल अधिकारियों एवं उनके संपर्क नम्बर को सभी शाखाओं में प्रदर्शित किया गया है.
- प्रत्येक तिमाही में निदेशक-मंडल के समक्ष ग्राहक शिकायतों एवं समस्याओं के निवारण के बारे में एक नोट प्रस्तुत किया जाता है जिसमें आपके बैंक के क्षेत्रीय कार्यालयों एवं प्रधान कार्यालय में प्राप्त ग्राहक शिकायतों की स्थिति प्रस्तुत की जाती है. इसके बाद ग्राहक सेवा में सुधार हेतु तत्संबंधी फॉलो-अप उपाय एवं आवश्यक पहलें की जाती हैं.
- ग्राहकों की शिकायतों को कम करने एवं झंझटमुक्त ग्राहक सेवा सुनिश्चित करने की दृष्टि से ग्राहकों से प्राप्त शिकायतों का नियमित रूप से विश्लेषण किया जाता है और समयोचित कार्यवाही की जाती है जिससे कि भविष्य में इस प्रकार की शिकायतें प्राप्त न हों.
- ग्राहक सेवाओं के संबंध में आपका बैंक अपने निदेशक-मंडल द्वारा अनुमोदित नीतियों को अपनाता है और यह नीतियां आपके बैंक की वेबसाइट पर उलब्ध हैं.

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के 11 जून, 2012 के पत्रांक डीओ नं.1/3/2012-बीओ-III में दिए गए निदेशों के अनुसार सभी बैंकों में एकरूपता लाने और सभी शिकायतों का एक केन्द्रीयकृत डेटाबेस तैयार कर ग्राहकों को सुविधा प्रदान करने की दृष्टि से आपके बैंक ने ''मानकीकृत जनशिकायत निवारण तंत्र'' लागू किया है जिससे कि शिकायतकर्ता अपनी समस्याओं को एक सरल एवं आसान तरीके से बहु-विधि चैनलों के द्वारा उठा सकें.

इसके साथ ही आपके बैंक की वेबसाइट के होम पेज पर **''ऑनलाइन कंप्लेंटस (एसपीजीआरएस)** का आयकन उपलब्ध कराया गया है.

एस पी जी आर एस की विशेषताएं -

- आपके बैंक की वेबसाइट के होम पेज पर **''ऑनलाइन कंप्लेंटस (एसपीजीआरएस)** आयकन उपलब्ध कराया गया है.
- शिकायतों/ समस्याओं के रजिस्ट्रेशन के साथ ही तुरंत एक ट्रैकर आई डी जेनरेट होता है और वह शिकायतकर्ता के ई-मेल आई डी पर सूचित कर दिया जाता है. इस ट्रैकर आई डी के आधार पर ग्राहक अपनी शिकायत/ समस्या की वर्तमान स्थिति जान सकता है.
- समस्याओं के शीघ्र निवारण के लिए संबंधित शाखा को यही ट्रैकर आईडी ई-मेल से भी भेजी जाती है.
- समस्या का समाधान करते समय, समस्या निवारण में व्यतीत दिनों को ध्यान में रखते हुए, अगले उच्च अधिकारी को एक स्वजनित एस्कालेटिंग मैट्रिक्स भी प्रदान किया जाता है.
- शिकायत बंद कर दिए जाने के मामले में ग्राहकों को स्वजनित टैक्स्ट संदेश भेजा जाता है.
- एसपीजीआरएस के कार्यान्वित हो जाने पर दायर की गई समस्याओं/ शिकायतों के निवारण समय'' में अत्यंत कमी आई है जो कि 5 से 7 दिन औसत है.
- आपके बैंक ने सभी अंचल कार्यालयों एवं प्रधान कार्यालय में समर्पित कंप्यूटर सिस्टम - कियोस्क - स्थापित किए हैं ताकि ग्राहक अपनी शिकायतें/ समस्याएं ऑनलाइन दर्ज करा सकें.

समीक्षाधीन वर्ष में अपनी शाखाओं में ग्राहक सेवा में सुधार हेतु आपके बैंक ने सबसे निचले स्तर की ग्राहक समितियों से प्राप्त फीडबैक एवं विभिन्न अध्ययनों/ सर्वेक्षणों के आधार पर कई ग्राहक केन्द्रित पहलें एवं उपाय किए हैं.

केवायसी-एएमएल-सीएफटी के लिए तंत्र

अपने ग्राहक को जानिए (केवायसी) मानदंड/ एंटी मनीलांड्रिंग (एएमएल) मानदंड/ आतंकवाद के वित्तपोषण की रोकथाम (सीएफटी) उपाय एवं पी एम एल ए, 2002 के अंतर्गत बैंक के दायित्व

केवायसी-एएमएल-सीएफटी के संबंध में आपका बैंक निदेशक-मंडल से अनुमोदित नीति का अनुसरण करता है. यह नीति बैंक के के वाय सी मानदंडों, ए एम एल मानकों, सी एफ टी उपायों तथा प्रीवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के अंतर्गत बैंक के दायित्वों के कार्यान्वयन के आधार हैं.

समस्त बैंक में केवायसी-एएमएल-सीएफटी कार्यान्वयन की मुख्य विशेषताएं

- बैंक वित्तीय अनुसंधान इकाई (एफआईयू) को इलेक्ट्रॉनिक रूप में भेजने के लिए इलेक्ट्रॉनिक तरीके से नकद लेन देन रिपोर्टों (सीटीआर) को जेनरेट करता है.
- सिस्टम आधारित एलर्टस जेनरेट करने के लिए ''एएमएल सॉल्यूशन'' स्थापित कर लागू कर दिया गया है.
- संदेहास्पद लेन-देनों का पता लगाने और रिपोर्टों (एसटीआर) को वित्तीय अनुसंधान इकाई (एफआईयू) को प्रेषित करने हेतु सिस्टम आधारित व्यवस्था है.
- बैंक ग्राहकों के खातों का प्रत्येक छमाही में सिस्टम आधारित जोखिम वर्गीकरण (एएमएल उपायों से) किया गया है.
- बैक एफआईयू - आइएनडी, नई दिल्ली को जाली करेंसी नोटों की रिपोर्ट (सीसीआर) प्रेषित करता है.
- बैंक एफआईयू-आइएनडी को गैर-लाभकारी संगठनों के लेन-देनों के बारे में रिपोर्ट (एनटीआर) प्रस्तुत करता है.

के वाय सी के पूर्णतः अनुपालन हेतु स्टाफ सदस्यों एवं ग्राहकों को शिक्षित करना होता है जिसके लिए बैंक ने निम्नलिखित उपाय किए हैं -

- ग्राहकों की सुविधा के लिए बैंक की वेबसाइट (www.bankofbaroda.com) पर के वाय सी दस्तावेजों की विस्तृत सूची दी गई है.
- केवायसी-एएमएल-सीएफटी शिक्षा के संबंध में संदर्भ सामग्री प्रदान करने के लिए बैंक के इंट्रानेट पर केवायसी-एएमएल पेज प्रदान किया गया है.
- बैंक के प्रशिक्षण संस्थानों में केवायसी-एएमएल-सीएफटी मार्ग-निर्देशों पर नियमित प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाते हैं.
- बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों/ कार्यपालकों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय बैंक संघ (आईबीए) तथा राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्थान (एनआईबीएम) में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं.
- कार्पोरेट पर्यवेक्षण (कार्पोरेट ओवरसाइट) एवं शाखाओं की लेखा परीक्षा के प्रयोजन से बैंक के प्रधान कार्यालय में विशेषज्ञता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं.

बैंक-ऑफिस परिचालन

क्षेत्रीय बैंक-ऑफिस एवं सिटी बैंक-ऑफिस

आपके बैंक ने दो प्रकार के बैंक-ऑफिसों की संकल्पनाएं कर उन्हें कार्यान्वित किया है, यथा - क्षेत्रीय बैंक-ऑफिस (आरबीओ) एवं सिटी बैंक-ऑफिस (सीबीओ). आरबीओ खाता खोलने के फार्मों एवं वैयक्तीकृत चेक बुकों (पीसीबी) की केन्द्रीयकृत प्रोसेसिंग करता है. आपके बैंक में -10- आरबीओ हैं जो बड़ौदा, भोपाल, दिल्ली, कोयंबत्तूर, मुंबई, लखनऊ, जयपुर, कोलकाता, पुणे एवं जमशेदपुर में स्थित हैं. आर बी ओ 2915 शाखाओं के लिए अल्पलागत (कासा) खाता खोल रहे हैं. -7- आरबीओ की केन्द्रीयकृत प्रोसेसिंग कार्यकलापों से आपके बैंक के 8 अंचलों का शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित हुआ है. खाता खोलने एवं उनके प्रबंधन हेतु दो अन्य आरबीओ को आरंभ करने की प्रक्रिया भी आरंभ कर दी गई है जिससे कि बैंक की अन्य शेष शाखाओं को आरबीओ प्रक्रिया के अंतर्गत शामिल किया जा सके.

आपके बैंक की 3908 शाखाओं के ग्राहकों को क्षेत्रीय बैंक-ऑफिस (आरबीओ) के माध्यम से वैयक्तीकृत चेक बुक जारी करने की सुविधा प्रदान की जा रही है. आपके बैंक ने 13 में से 12 अंचलों की सभी शाखाओं को यह सुविधा प्रदान की है. राजस्थान अंचल की शेष शाखाओं को पीसीबी जारी करने की सुविधा के अंतर्गत शामिल कर दिया जाएगा जिससे कि इसमें संपूर्ण देश के ग्राहक कवर हो जाएंगे.

सीबीओ समाशोधन लेन देनों - आवक एवं जावक दोनों - तथा सरकारी वसूलियों एवं ईसीएस लेन देनों की केन्द्रीयकृत अपलोडिंग करता है. आपके बैंक में 21 सीबीओ (सेवा शाखाएं) हैं जिनमें प्रत्येक शहर/ केन्द्र की शाखाओं का समाशोधन एवं ईसीएस कार्य केन्द्रीयकृत रूप में किया जाता है. समाशोधन का केन्द्रीयकरण 64 मुख्य शाखाओं (जो स्थानीय शाखाओं का समाशोधन कार्य करती हैं) में भी आरंभ किया जा रहा है. सीबीओ संकल्पना के तहत आपके बैंक की 1372 शाखाएं शामिल कर दी गई हैं. वित्तीय वर्ष 13 के दौरान आपके बैंक ने मुंबई, अहमदाबाद एवं सूरत में पूर्णतः आटोमेटेड चेक प्रोसेसिंग सिस्टम आरंभ किया है.

सरकारी कारोबार एवं करेंसी चेस्ट

आपके बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान सरकारी कारोबार के संबंध में आरंभ किए गए नए व्यवसाय क्षेत्र निम्नानुसार हैं.

1. आपके बैंक ने झारखंड, उड़ीसा, असम, त्रिपुरा, प.बंगाल, दमन एवं दीव, छत्तीसगढ़, म.प्र., चंड़ीगढ़, केरल, पांडिचेरी राज्यों में 'कर वसूली' हेतु अनुमति प्राप्त कर ली है.
2. पीपीएफ / एससीएसएस कारोबार का कार्य करने के लिए अतिरिक्त 350 शाखाएं प्राधिकृत की गई.
3. आपके बैंक ने 1 दिसंबर, 2012 से 31 मार्च 2013 के दौरान पीपीएफ खातों के संग्रहण हेतु विशिष्ट अभियान चलाया. अभियान अवधि के दौरान कुल 22,540 नए पीपीएफ खाते खोले गए.
4. विदेश मंत्रालय से उनके मिशन / पोस्ट को किए जाने वाले धनप्रेषण संबंधी कारोबार को भी हासिल किया गया है. अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय शाखा, नई दिल्ली को योजना के तहत बैंकिंग व्यवस्था के अनुरूप निधियों के निपटान हेतु नोडल शाखा निर्धारित किया गया.
5. बैंक ने केनेडी एवेन्यू शाखा, अमृतसर एवं बीएम मार्ग शाखा, जालंधर में कस्टम डयूटी की प्रत्यक्ष वसूली की व्यवस्था की है.
6. बैंक ने तमिलनाडु में ई-माध्यम से आरटीओ टैक्स के भुगतान को परिचालित कर दिया है.
7. दिल्ली एवं हिमाचल प्रदेश में बैंक की लगभग 15 अन्य शाखाओं में ई-स्टैंपिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है.
8. आपके बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक बांडों की प्राप्ति एवं भुगतान के संबंध में जीबीएम मॉडयूल को सक्रिय कर दिया है. सभी प्राधिकृत शाखाओं ने अपने संपूर्ण डेटा को जीबीएम मॉडयूल में माइग्रेट कर दिया है एवं भारतीय रिज़र्व बैंक की अपेक्षाओं के अनुसार रिपोर्टिंग प्रणाली को परिवर्तित कर दिया है.
9. बैंक की सभी शाखाओं द्वारा प्रत्यक्ष करों के ई-भुगतान हेतु फिनेकल में CA 118 मेनु को विकसित किया गया है जो करों के विप्रेषण हेतु ऑफलाइन मोड उपलब्ध कराता है.

10. टेलिकॉम पेंशनर्स को पेंशन की प्रोसेसिंग एवं भुगतान के संबंध में सीपीपीसी स्थापित किया गया है.

नई पेंशन योजना (एनपीएस)

आपके बैंक ने एनपीएस-लाइट के तहत नई पेंशन योजना को सक्रिय कर दिया है. आपके बैंक ने 14.09.2012 को इसके शुभारंभ के उपरांत इस योजना के तहत 31.03.2013 तक कुल 20,872 आवेदन संगृहीत किए हैं.

नकदी प्रबंधन एवं करेंसी चेस्ट

1. आपके बैंक ने अपने अंचलों / क्षेत्रों से निरंतर निगरानी एवं अनुवर्ती कार्रवाई करते हुए नकद जमा अनुपात (एटीएम के नकदी को छोड़) को 0.30 अथवा उससे कम बनाए रखा है.
2. आपके बैंक ने नए करेंसी चेस्ट खोलने के लिए 30 केंद्र निर्धारित किए हैं एवं विभिन्न अधिकारियों से मंजूरी प्राप्त करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है.

करेंसी प्रबंधन हेतु नीतिपरक योजना (2011-14)

आपके बैंक ने भुगतान प्रणाली में सुधार लाने हेतु करेंसी प्रबंधन संबंधी कार्यनीतिपरक योजना 2011-14 के तहत नए करेंसी चेस्ट खोलने के लिए 30 नए केंद्रों को निर्धारित किया है. इस प्रकार करेंसी चेस्ट की कुल संख्या वर्तमान के 84 से बढ़कर 114 हो गई है.

क्रमांक	अंचल का नाम	तीन वर्षों में प्रस्तावित नये करेंसी चेस्ट (मार्च 2014 तक)
1.	बिहार, उड़ीसा एवं झारखंड अंचल	03
2.	पूर्वी अंचल	04
3.	बृहद मुंबई अंचल	00
4.	उत्तरी गुजरात अंचल	02
5.	दक्षिणी गुजरात अंचल	00
6.	महाराष्ट्र एवं गोवा अंचल	02
7.	मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ अंचल	04
8.	उत्तरी अंचल	01
9.	राजस्थान अंचल	04
10.	कर्नाटक एवं आंध्र प्रदेश अंचल	01
11.	तमिलनाडु एवं केरल अंचल	01
12.	पूर्वी उत्तरप्रदेश अंचल	06
13.	पश्चिमी उत्तरप्रदेश एवं उत्तराखंड अंचल	02
	कुल	30

सतर्कता

ऑटोमेशन के संबंध में वैश्विक स्तर पर होने वाले बदलाव तथा बैंकिंग उद्योग में होने वाले व्यापक परिवर्तनों के बावजूद बैंकिंग सेवा की प्रकृति व्यक्तिपरक है. उत्पादन उन्मुख संगठनों के विपरीत, बैंकिंग में व्यक्तिपरक सेवा की जरूरत होती है. इस प्रकार इसकी सेवा की गुणवत्ता अधिकांशतः व्यक्तियों के नजरिए पर निर्भर करती है.

आपके बैंक के सतर्कता विभाग का यह प्रयास रहा है कि परिचालन स्तर तथा नियंत्रक कार्यालय स्तर पर कार्यरत स्टाफ को निवारक तथा अन्वेषक उपाय करने में सम्यक सावधानी एवं सतर्कता बरतने के लिए प्रोत्साहित तथा सक्षम बनाया जाये. इससे कार्य-दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ ईमानदार स्टाफ के लिए सुरक्षा का माहौल तैयार करने में मदद मिलती है.

घोर लापरवाही के मामलों, जिनमें आपके बैंक की निधियां बचे जा सकने वाले जोखिम में पड़ गई और ऐसे मामले, जिनमें व्यवसायिक निर्णयों की वजह से हानि हुई, के बीच सावधानीपूर्वक अंतर किया जाता है. प्रत्येक मामले की आवधिक निगरानी यह सुनिश्चित करने के लिए की जाती है कि जांच-पड़ताल तेजी से समाप्त हो और सभी संबंधितों को निष्पक्ष प्रतीत हो. यह सुनिश्चित करने का भी प्रयास किया जाता है कि जहां जरूरी हो वहाँ समय पर तथा यथोचित पेनल्टी हो.

विभिन्न निवारक उपायों के संबंध में स्टाफ सदस्यों की सभी श्रेणियों को जागरूक करने के अतिरिक्त आपके बैंक की सतर्कता मशीनरी कंप्यूटरीकृत ई बैंकिंग माहौल में उभरने वाले नए जोखिमयुक्त क्षेत्रों में प्रभावी ढंग से अपनी सकारात्मक भूमिका का निर्वाह कर रही है.

आपके बैंक में खरीद एवं टेंडर प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लाने के लिए बैंक द्वारा टेंडर आमंत्रित करने की नोटिस / अवार्ड किए गए टेंडर के विवरण तथा टेंडर / कांट्रैक्ट के सारांश की व्यापक उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु बैंक की वेबसाइट पर डाले जाते हैं.

आपके बैंक ने आवास ऋण, शिक्षा ऋण तथा ऑटो ऋण के संबंध में ऑनलाइन एप्लीकेशन एंड ट्रैकिंग स्टेटस की सुविधा आरंभ की है. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में समान ढंग से क्रियान्वित किए जाने हेतु वित्त मंत्रालय द्वारा सूचित किए गए अनुसार मानकीकृत जन शिकायत निवारण प्रणाली (एमजीपीआरएस) को 11 जनवरी 2013 से प्रभावी कर दिया गया है.

हमें यह उल्लेख करते हुए खुशी है कि परिचालन स्टाफ द्वारा दिखायी गई जागरूकता, सावधानी तथा सतर्कता के कारण बेइमान लोगों द्वारा किये गये धोखाधड़ी के 40 प्रयास विफल किये गये और इससे आपका बैंक बड़े वित्तीय नुकसान से बचा.

कारोबार निष्पादन

वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान व्यवसाय विकास के क्षेत्र में आपके बैंक की प्रमुख उपलब्धियों का ब्यौरा नीचे दिया गया है.

संसाधन संग्रहण एवं आस्ति विस्तार

31 मार्च, 2013 को कुल संसाधनों में बैंक की जमाराशियों का अंश 86.6% रहा. कुल जमाराशियां ₹ 3,84,871.11 करोड़ रुपये से बढ़कर ₹ 4,73,883.34 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले वर्ष से 23.1% की वृद्धि दर्शाती है. कम लागतवाली जमाराशियों में महत्वपूर्ण घटक बचत बैंक जमाराशियों में 13.04% की वृद्धि हुई और ₹ 74,579.53 करोड़ रुपये से बढ़कर ₹ 84,302.61 करोड़ रुपये हो गई.

कुल जमाराशियों (घरेलू तथा वैश्विक) में कम लागतवाली जमाराशियों (चालू + जमा) का अंश 25.3% रहा है और घरेलू जमाराशियों में यह अंश 30.4% रहा.

वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान आपके बैंक के कुल अग्रिम में 14.2% की वृद्धि हुई. घरेलू अग्रिमों में 11.0% और विदेशी अग्रिमों में 21.89% की वृद्धि दर्ज हुई.

बैंक ऑफ बडौदा ने 31 मार्च 2013 को समाप्त वर्ष के लिए, वित्त वर्ष 2012-13 एवं वित्त वर्ष 2013 की चौथी तिमाही के वित्तीय परिणाम घोषित किए

निधियों की संरचना

विवरण (रुपये करोड़ में)	मार्च 2012 को समाप्त	मार्च 2013 को समाप्त	वृद्धि (%)
जमाराशियां	3,84,871.11	4,73,883.34	23.13
- घरेलू	2,80,135.26	3,41,705.59	21.98
- विदेशी	1,04,735.85	1,32,177.74	26.20
उधारियां	23,573.05	26,579.28	12.75

वैश्विक अग्रिम (शुद्ध)

विवरण (रुपये करोड़ में)	मार्च 2012 को समाप्त	मार्च 2013 को समाप्त	वृद्धि (%)
जमाराशियां	2,87,377.29	3,28,185.77	14.20
- घरेलू	2,02,075.39	2,24,294.33	11.00
- विदेशी	85,301.90	1,03,891.44	21.79

होलसेल बैंकिंग एवं मिड कॉर्पोरेट बैंकिंग

आपके बैंक का होलसेल बैंकिंग प्रभाग सभी प्रकार के ऋण उत्पादों एवं सेवाओं, यथा-मीयादी ऋण, अल्पावधि ऋण, मांग ऋण, कार्यशील पूंजी सुविधाएं, व्यापार वित्त उत्पाद, ट्रेजरी उत्पाद, पूरक ऋण, सामूहिक ऋण, संरचनात्मक ऋण, विदेशी मुद्रा / ब्याज दर स्वैप, विदेशी मुद्रा ऋण, भावी किराया प्राप्तियों के पेटे ऋण तथा और भी कई प्रकार के ऋण अपने बड़े एवं मध्यम कार्पोरेट ग्राहकों को उनकी जरूरतों के अनुसार प्रदान कर रहा है. ऋण उत्पाद एवं सेवाएं लचीली हैं और ग्राहक की जोखिम प्रोफाइल तथा विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर उपयुक्त रूप से निर्मित की गई हैं.

आपके बैंक ने अनेकों बहुराष्ट्रीय कंपनियों, घरेलू व्यावसायिक गृहों एवं सार्वजनिक क्षेत्र की महत्वपूर्ण कंपनियों के साथ सुदृढ़ व्यावसायिक संबंध कायम करने में महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की है.

आपके बैंक के कार्पोरेट ग्राहकों को बड़े एवं मध्यम कार्पोरेट में वर्गीकृत किया गया है. ₹ 500 करोड़ से ज्यादा बिक्री टर्न ओवर को बड़े कार्पोरेट एवं ₹ 150 करोड़ से ₹ 500 करोड़ के बिक्री टर्नओवर को मध्यम कार्पोरेट में वर्गीकृत किया गया है.

किसी भी बैंकिंग उद्योग के विकास की संभावनाएं उस अर्थव्यवस्था विकास की गति से गहरे रूप में जुड़ी होती है, जिनसे वह संबद्ध है. दुर्भाग्यवश भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान दशक की न्यूनतम वृद्धि दर्ज की. राजकोषीय एवं चालू खाते के घाटे, अधिक मुद्रास्फीति एवं ब्याज दरें, अस्थिर वायदा दरें, निजी निवेश इत्यादि से देश की विकास दर प्रभावित हुई है.

तथापि, इस दौर में आपके बैंक ने ऋण विस्तार के क्षेत्रों की पहचान की एवं अपने फास्ट ट्रैक डेस्क के माध्यम से 94 नए संबंध स्थापित किए. होलसेल एवं मिड कार्पोरेट विभाग ने वर्ष के दौरान विभिन्न क्षेत्रों / उद्योगों की प्रदेश भर में फैली परियोजनाओं / ईकाइयों में ₹ 53,565/- करोड़ की नई / बढ़ी हुई ऋण सुविधाएं मंजूर कीं. इससे संवेदनशील क्षेत्रों जैसे घरेलू वाणिज्यिक रियल इस्टेट, पावर, रोड, टेलिकॉम, आयरन एवं स्टील इत्यादि को अतिरिक्त ऋण देने पर भी विचार किया.

आपके बैंक का गैर - खाद्य सकल अग्रिम 31.03.2012 के ₹ 2,01,822.71 करोड़ से बढ़कर 31.03.2013 को ₹ 2,23,990.20 करोड़ हो गया. वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान के कुल घरेलू ऋण का 37.5% हिस्सा होलसेल ऋण से संबद्ध रहा.

आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 13 के दौरान एक नए व्यवसाय वर्टिकल अर्थात् मिड कार्पोरेट सेगमेंट की स्थापना की. इसका उद्देश्य मिड कार्पोरेट ऋणकर्ताओं को ऋण प्रवाह बढ़ाना तथा समर्पित शाखाओं के माध्यम से मिड कार्पोरेट ग्राहकों की संख्या को बढ़ाना है. महत्वपूर्ण मिड कार्पोरेट व्यवसाय सेगमेंट की आवश्यकताओं के प्रति फोकस युक्त व्यावसायिक दृष्टिकोण रखते हुए आरंभिक तौर पर संपूर्ण भारत में 16 मिड कार्पोरेट शाखाएं खोली गई है.

आपके बैंक का उद्देश्य सीएफएस शाखाओं के माध्यम से बड़े कार्पोरेट व्यवसाय को तथा मिड कार्पोरेट शाखाओं के माध्यम से मिड कार्पोरेट व्यवसाय को बढ़ाना एवं इसके द्वारा 'ऑन एण्ड ऑफ' तुलन पत्र व्यवसाय, दोनों के माध्यम से, आय अर्जन को अधिकतम करना है.

आपके बैंक का होलसेल बैंकिंग विभाग के पास एक संपूर्ण परियोजना वित्त विभाग है. परियोजना वित्त विभाग के पास विभिन्न क्षेत्रों के प्रोफेशनल की सेवाएं उपलब्ध हैं जोकि आपके बैंक के ग्राहकों की टीईवी अर्थात् तकनीकी व्यवहार्यता एवं मूल्यांकन का अध्ययन करता है.

विभाग के पास एक सिंडिकेशन डेस्क की सुविधा भी है जो ग्राहकों की घरेलू निधि आवश्यकताओं को सिंडिकेट करता है. विभाग को टीईवी अध्ययन, परियोजनाओं की जांच, सिंडिकेशन सौदों इत्यादि के माध्यम से खाता शुल्क आधारित आय अर्जित करता है.

आपके बैंक के होलसेल बैंकिंग विभाग के पास घरेलू विदेशी मुद्रा कारोबार (डीएफबी) भी है. डीएफबी सभी प्राधिकृत शाखाओं के माध्यम से व्यवसाय को, जिसमें एमआईएस तथा रिपोर्टिंग / आयात निर्यात व्यवसाय प्रबंधन भी शामिल है, संचालित करता है.

आपके बैंक ने आस्ति गुणवत्ता को बनाए रखने एवं मूल्यांकन गुणवत्ता को बेहतर करने हेतु निर्धारित प्रक्रिया के पालन एवं स्क्रीनिंग करने पर विशेष बल दिया है.

उपरोक्त हेतु उपयुक्त कौशल युक्त कर्मचारी अथवा दक्ष, सक्षम एवं कौशलयुक्त मानवशक्ति का होना एक पूर्व शर्त है. इसे ध्यान में रखते हुए आपका बैंक क्रेडिट तथा फॉरेक्स अधिकारियों के नियमित तौर पर प्रशिक्षित किये जाने एवं बैंक के अंदर तथा बाहरी प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग विशिष्ट प्रशिक्षण दिए जाने पर विशेष बल दे रहा है. आपके बैंक ने विशेषीकृत अधिकारियों की भर्ती तथा सीए/आईसीडब्ल्यूए/सीएस/एमबीए साथ ही साथ अनुभवी बैंकिंग प्रोफेशनल की सीधी भर्ती करना जारी रखा है.

यह नोट करें कि आपके बैंक ने ऋण प्रस्तावों की शीघ्र मंजूरी हेतु 'ऋण अनुमोदन प्रक्रिया कमेटी अप्रोच' को अपनाया है. ये समितियां टर्न अराउंड समय (टीएटी) को कम करने के लिए बार-बार बैठकें करती हैं.

रिटेल व्यवसाय

पूर्व की भांति वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान रिटेल व्यवसाय बैंक के समग्र व्यवसाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा. आपका बैंक वैयक्तिक एवं लघु व्यवसाय ग्राहकों (व्यापारियों) जोकि सहज एवं संवहनीय लागत पर बैंकिंग सुविधाएं चाहते हैं, की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने पर विशेष ध्यान देता है.

वर्ष के दौरान रिटेल बैंकिंग संविभाग के कार्यनिष्पादन का ब्यौरा नीचे दिया गया है.

रिटेल बैंकिंग के अंतर्गत वृद्धि

वर्ष के दौरान आपके बैंक की रिटेल ऋण बही में पांच प्रमुख उत्पाद अर्थात् होम लोन, ऑटो लोन, शिक्षा ऋण, ट्रेडर्स लोन, मोर्टगेज लोन शामिल हैं, जोकि मार्च 2013 तक एक साथ मिलकर कुल रिटेल ऋण संविभाग में 80.4% की हिस्सेदारी रखते हैं. अन्य उत्पाद जिनके नाम लाबोड / ओडीबीओडी हैं, की बैंक के कुल ऋणों में 16.7% की हिस्सेदारी रही.

इसके अतिरिक्त अन्य उत्पाद, जैसे-बड़ौदा पर्सनल लोन एवं विविध उत्पाद जैसे डॉक्टर्स लोन, सरकारी प्रतिभूतियों के एवज ऋण इत्यादि ने कुल रिटेल ऋणों में 2.9% का योगदान किया.

कुल बकाया रिटेल ऋण 31 मार्च 2012 के ₹ 35,668 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2013 को ₹ 38,046 करोड़ रहा. वित्तीय वर्ष 13 के दौरान ₹ 2,379 करोड़ (6.7%) की वृद्धि दर्ज की गई जो कि आर्थिक मंदी एवं उच्च ईंधन खर्च के कारण रिटेल मांग में कमी को प्रतिबिंबित करती है.

पांच महत्वपूर्ण रिटेल उत्पादों के तहत वृद्धि

वित्तीय वर्ष, 2013 के दौरान कुल खुदरा ऋणों में 80.4% हिस्सा रखने वाले पांच प्रमुख ऋण उत्पादों ने वित्तीय वर्ष-13 में ₹ 4,412 करोड़ (16.9%) की कुल वृद्धि दर्ज की.

- वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान आवास ऋण के अंतर्गत ₹ 1,911 करोड़ (13.5%) की वृद्धि दर्ज की गई.
- वित्तीय वर्ष, 2013 के दौरान ऑटो ऋणों के अंतर्गत ₹ 512 करोड (21.1%) की कुल वृद्धि दर्ज की गई.
- वित्तीय वर्ष, 2013 के दौरान ट्रेडर्स ऋणों के तहत् ₹ 1620 करोड़ (29.1%) की वृद्धि दर्ज की गई.
- वित्तीय वर्ष, 2013 के दौरान बड़ौदा मोर्टगेज ऋणों के अंतर्गत ₹ 284 करोड़ (13.0%) की कुल वृद्धि दर्ज की गई.
- वित्तीय वर्ष, 2013 के दौरान शिक्षा ऋणों में ₹ 86करोड़ (4.6%) की वृद्धि दर्ज की गई.

खुदरा ऋणों में एनपीए:

आपके बैंक के खुदरा ऋण व्यवसाय के अंतर्गत गैर-निष्पादक आस्तियों की राशि दि.31.12.2012 के ₹ 681.67 करोड़ (1.99%) के स्तर तथा दि.30.09.2012 के ₹ 653.47 करोड़ (1.92%) के स्तर की तुलना में दि.31.03.2013 को ₹ 669.08 (1.76%) रही. खुदरा ऋण के अंतर्गत गैर निष्पादक आस्तियों का स्तर दि.31.03.2012 का ₹ 682.37 करोड़ (1.91%) था.

रिटेल जमाराशियों के अंतर्गत वृद्धि

आपके बैंक की **बचत जमा राशियां** ₹ 9,425 करोड़ (12.98%) की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्शाते हुए दि.31.03.2013 को ₹ 81,995 करोड़ रही.

आपके बैंक की रिटेल **मीयादी जमा राशियां** ₹ 16,672 करोड़ (13.83%) की वार्षिक वृद्धि दर्शाते हुए दि.31.03.2013 को ₹ 1,37,215 करोड़ रही.

विचाराधीन वर्ष के दौरान समग्र रिटेल जमाराशियां, अर्थात् **रिटेल मीयादी जमाराशियां + बचत जमाराशियों** के अंतर्गत ₹ 26,097 करोड़ (13.51%) की वृद्धि दर्ज की गई.

गोल्ड कॉइन की बिक्री

वित्तीय वर्ष, 2013 के दौरान विविध वज़न के कुल 696.076 कि.ग्रा.के लगभग 77,459 गोल्ड कॉइन की बिक्री की गई.

वित्तीय वर्ष-13 के दौरान रिटेल बैंकिंग में नवोन्मेषी कार्य

1. नए उत्पादों का प्रारंभ-

इस वर्ष दि.1 जुलाई, 2012 को "बड़ौदा एज्युकेशनल लोन फॉर वोकेशनल एज्यूकेशन एण्ड ट्रेनिंग कोर्स" नामक एक नये रिटेल आस्ति उत्पाद का प्रारंभ किया गया.

दि. 25 जनवरी, 2013 को सात वर्ष, छह माह एवं पांच दिनों की अवधि के लिए 9.34% की ब्याज दर के साथ "बड़ौदा डबल धमाका" नाम से बड़ौदा डबल धमाका जमा योजना का एक आवधिक जमा उत्पाद का प्रारंभ किया गया.

2. उत्पाद संशोधन

- आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष-13 में बड़ौदा एडिशनल एश्योर्ड एडवान्स (एएए) योजना में अधिकतम सीमा ₹ 25 लाख तक बढ़ाते हुए तथा आधार दर + 6.50% ब्याज दर को घटाकर आधार दर + 1.50% की दर के साथ इस टॉप-अप होम लोन में संशोधन किया.

- बड़ौदा नागरिक बचत खाते को संशोधित करते हुए बड़ौदा लघु बचत बैंक जमा खाता योजना का नाम दिया गया और उसे अधिक स्वीकार्य और आकर्षक बनाने के लिए उसमें निम्नलिखित विशेषताएं शामिल की गई-
  - न्यूनतम प्रारंभिक शेष राशि ₹ 50 से घटा कर शून्य कर दी गई.
  - माह के दौरान आहरणों की संख्या तीन से बढ़ाकर चार की गई.
  - वर्ष के दौरान निःशुल्क चेकों की उगाही हेतु चेकों की संख्या 10 से बढ़ाकर 50 की गई.
  - परिचालन न करने /अपरिचालित /निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने संबंधी पूर्व में लागू प्रभार को समाप्त कर शून्य प्रभार किया गया.
  - स्थायी अनुदेश, ईसीएस एवं इंटरनेट बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जो पूर्व में उपलबध नहीं थी.
  - आपके बैंक ने आवास ऋण, शिक्षा ऋण एवं बड़ौदा ट्रेडर्स ऋण योजनाओं को अपने रिटेल ग्राहकों के लिए अधिक आकर्षक बनाने के लिए उनके प्रमुख पैरामीटर्स में कई संशोधन किए.

3. व्यवसाय संबंधी अन्य पहलें

- **रिटेल ऋण अभियान - रिटेल मानसून धमाकाः** आपके बैंक के रिटेल ऋण पोर्टफोलियो को बढ़ाने के लिए दि.14 मई, 2012 से 30 सितंबर, 2012 की अवधि के दौरान एक रिटेल ऋण अभियान, मानसून धमाका प्रारंभ किया गया. अभियान की अवधि के दौरान 24,323 खातो में ₹ 2,088.21 करोड़ का नया व्यवसाय प्राप्त किया गया.
- **रिटेल ऋण अभियान -रिटेल ऋण त्यौहार धमाका (I)-** रिटेल मानसून धमाका अभियान की सफलता से प्रेरित होकर एक नया अभियान- "रिटेल ऋण त्यौहार धमाका" दि.1 अक्तूबर, 2012 से 30 नवंबर, 2012 तक मुख्य रुप से होम लोन एवं कार लोन को केंद्र में रखते हुए प्रारंभ किया गया. इसे मिले प्रतिसाद को देखते हुए उसे दि. 31 दिसंबर, 2012 तक आगे बढ़ाया गया. इस अभियान के प्रारंभ से दि. 31 दिसंबर, 2012 तक 18,102 खातों में कुल ₹ 1,617.58 करोड़ मंजूर किए गए.
- **रिटेल ऋण अभियान- रिटेल ऋण त्यौहार धमाका (II)** - उपरोक्त अभियानों की सफलता को देखते हुए 1 जनवरी, 2013 से 31 जनवरी, 2013 तक होम लोन एवं कार लोन पर केंद्रित करत हुए "रिटेल ऋण त्यौहार धमाका (II)" नाम से एक और अभियान चलाया गया, जिसे 31 मार्च, 2013 तक आगे बढ़ाया गया. इस अभियान के प्रारंभ से दि. 31 मार्च, 2013 की अवधि में 16750 खातों में ₹ 1,811.04 करोड़ मंजूर किए गए.
- **बड़ौदा महा उत्सव जमा योजना-** पूर्व की 444 दिनों की 9.35% की ब्याज दर की "बड़ौदा उत्सव जमा योजना" के स्थान पर दि.13 अगस्त, 2012 को 1111 दिनों के लिए 9.15% की ब्याज दर पर "बड़ौदा महा उत्सव योजना" नामक आवधिक जमा योजना प्रारंभ की गई.
- **बचत बैंक जमा अभियान (I)-** कम लागत की जमाराशियों के संग्रहण के लिए दि.1 जुलाई, 2012 को तीन माह की अवधि के लिए एक बचत बैंक जमा अभियान प्रारंभ किया गया. अभियान की अवधि के दौरान 16,06,508 खातों में ₹ 2,301 करोड़ (धारित राशि) की नयी जमाराशियां संग्रहित की गई.
- **बचत बैंक जमा अभियान (II)-** कम लागत और जमाराशिया संग्रहित करने हेतु दि.1 जनवरी, 2013 को तीन माह की अवधि के लिए एक और अभियान प्रारंभ किया गया. इस अभियान की अवधि के दौरान 13,89,750 खातों में रु. 2,700 करोड़ (धारित राशि) की नयी जमाराशियां संग्रहित की गई.

बचत बैंक अभियान की सफलता की खुशी में मुंबई में सीएमडी के साथ एक विशेष संध्या का आयोजन किया गया

- **नयी रिटेल लोन फैक्ट्रियां खोलना-** समीक्षाधीन वर्ष के दौरान रिटेल लोन व्यवसाय को बढ़ाने हेतु सोडेपुर, महेसाणा तथा राजकोट में तीन नयी रिटेल लोन फैक्ट्रियां खोली गई.

धन संपदा प्रबंधन सेवाएं-

अपने ग्राहकोन्मुखी प्रयासों के एक भाग के रुप में आपका बैंक वर्ष, जून 2004 से ही अपने एचएनआई एवं मूल्यवान ग्राहकों के लिए धन संपदा प्रबंधन सेवाएं (डब्ल्यूएमएस) उपलब्ध कराता रहा है. इस समय अपनी वीएमएस के अंतर्गत बैंक विविध साझेदारों के साथ टाई-अप व्यवस्था के अंतर्गत स्वास्थ्य जमा, म्युचूअल फंड एवं इक्विटी ट्रेडिंग सहित जीवन बीमा व गैर-जीवन बीमा में विविध थर्ड पार्टी उत्पाद उपलब्ध करा रहा है.

संपदा प्रबंधन सेगमेंट को मजबूत करने के उद्देश्य से आपके बैंक ने म्युचूअल फंड एवं जीवन बीमा में अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड के साथ दो संयुक्त उद्यम प्रारंभ किए हैं. इन दो जे.वी.कंपनियों के उत्पाद आपके बैंक के समग्र भारत में शाखाओं के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से संवितरित किए जाते है. इन संयुक्त उद्यमी कंपनियों के उपक्रम में उत्साहवर्धक वृद्धि दिखाई देना शुरु हो गया है.

अपनी संयुक्त उद्यमी कंपनियों के उत्पादों के संवितरण के साथ , आपने बैंक ने साधारण बीमा के लिए नेशनल इश्योरेंस कंपनी लि. के साथ तथा म्युचुअल फंड उत्पाद हेतु अन्य सात अग्रणी आस्ति प्रबंधन कंपनियों के साथ टाई-अप व्यवस्था की है. आपके बैंक ने जनवरी, 2007 से ई-ट्रेडिंग के लिए इंडिया इन्फोलाइन लि. के साथ भी टाई-अप व्यवस्था की है और बॉब कैपिटल मार्केट लि. के माध्यम से इसका अपना इक्विटी ट्रेडिंग प्लेटफार्म है, जिसे रिटैल ग्राहकों के लिए प्रारंभ किया गया था. आईपीओ /एफपीओ तथा राईट इश्यू सबस्क्रिप्शन हेतु एएसबीए आवेदकों के स्वीकार

हेतु सभी शाखाओं को इनेबल करते हुए ग्राहक-मित्रवत् तथा निवेशकों की सुविधा हेतु कई उपाय किए है. साथ ही, इसके अपने नेट बैंकिंग ग्राहकों के लिए ट्रांजेकशन राइट के साथ आईपीओ /एफपीओ/राइट इश्यू हेतु एएसबीए आवेदकों का उनकी सुविधानुसार उनके घर /कार्यालय से स्वीकार करने की सुविधा हेतु ऑनलाइन एएसबीए आवेदन प्रस्तुति की सुविधा प्रारंभ की है. आपके बैंक ने सिंडिकेट एएसबीए आवेदकों के स्वीकार हेतु 12 केंद्रों को सक्रिय किया है. ये ग्राहकोंन्मुखी उपाय आपके बैंक के कासा संग्रहण के प्रयासों में उल्लेखनीय रुप से सहभागी बनेंगे ऐसी अपेक्षा है.

अपने सेवा के स्तर को और ऊपर उठाने के लिए आपके बैंक ने इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस पालिसी धारकों के लिए एक प्रिमियम वसूली मोडयूल प्रारंभ किया है. साथ ही, आपके बैंक का साधारण बीमा उत्पाद बैंक द्वारा वित्त-पोषित आस्तियों को कवर उपलब्ध कराता है. यह आपके बैंक को शुल्क आधारित आय उपलब्ध कराता ही है, साथ ही, ऋणकर्ता इकाई को संपदा प्रबंधन सेवाओं के अंतर्गत जोखिम को दूर करने का विकल्प भी उपलब्ध कराता है.

वित्तीय वर्ष 14 गुणवत्तापूर्ण संपदा प्रबंधन सेवाओं के अगले चरण में बैंक की गति का साक्षी बनेगा. इसमें एटीएम के माध्यम से बीमा नवीकरण प्रिमियम वसूली तथा बड़ौदा पायोनियर के लिए निधि वसूली मोडयूल का समावेश है. यह आपके बैंक की शाखाओं को अपने निवेशक ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करने में सहायक बनेगा. गैर-जीवन बीमा के लिए आपके बैंक का टाइ अप साझेदार भी सीबीएस प्लेटफार्म के माध्यम से तथा बैंक के आई-बैंकिंग पोर्टल के माध्यम से बीमा एवं पालिसी का नवीकरण सक्रिय कर एक और कदम बढ़ाएगा.

एमएसएमई व्यवसाय

किसी भी देश के विकास में माइक्रो, लघु और मझौले क्षेत्र (एमएसमएमई) का महत्व सर्वविदित् ही है.

दुन एंड ब्रैडस्ट्रीट रिसर्च (2012), के अनुसार भारत में एमएसएमई क्षेत्र, उद्यमों के आकार, उत्पादों एवं सेवाओं के वैविध्य और प्रौद्योगिकी के स्तरों की दृष्टि से अत्यंत वैविध्यपूर्ण है. यह क्षेत्र बड़े उद्योगों की तुलना में कम पूंजी लागत पर रोजगारों के अवसर उपलब्ध कराता है, बल्कि ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में औद्योगिकीकरण में सहायक बनता है, क्षेत्रीय असंतुलन को घटाता है और राष्ट्रीय आय एवं संपदा का अधिक संतुलित वितरण सुनिश्चित करता है. एमएसएमई बड़े उद्योगों की अनुषंगी इकाइयों के रूप में सहयोग करता है और देश के आर्थिक-सामाजिक विकास में उल्लेखनीय योगदान देता है.

बैंक ऑफ बडौदा ने मे. पीआजीओ व्हीकल्स प्रा. लि. के साथ समझौता करार किया.

इस क्षेत्र के महत्व को देखते हुए आपका बैंक नियंत्रक दिशानिर्देशों के अलावा निर्माण/सेवा क्षेत्र में उन इकाइयों पर भी उन्हें एमएसएमई के समतुल्य मानते हुए विचार करता रहा है, जिन्होंने क्रमशः प्लांट एवं मशीनरी/उपकरणों में निवेश किया है और जिनका टर्नओवर रू. 150 करोड़ तक का है. नियंत्रक एमएसएमई उद्यमों के अनुरूप ही इस विस्तृत क्षेत्र पर अधिक ध्यान देने के लिए ऐसा किया गया है. तथापि आपका बैंक नियंत्रक रिपोर्टिंग के लिए नियंत्रक परिभाषाओं और दिशानिर्देशों का कड़ा अनुपालन करता है.

वित्तीय वर्ष 13 में चुनौतिपूर्ण आर्थिक परिवेश के बावजूद एमएसएमई की नियंत्रक श्रेणी के अंतर्गत आपके बैंक का कार्यनिष्पादन अत्यंत मजबूत रहा है. वास्तव में इस व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए आपके बैंक द्वारा समीक्षाधीन वर्ष के दौरान इस क्षेत्र को लागू होने वाली ब्याज दरों को एमएसएमई इकाइयों की अपेक्षाओं के अनुरूप और औचित्यपूर्ण बनाया गया.

यह नोट किया जाए कि आपके बैंक ने इस व्यवसाय के अंतर्गत वर्ष के प्रारंभ में जो लक्ष्य निर्धारित किए थे, उन सभी को सफलतापूर्वक प्राप्त किया है.

व्यवसाय में वृद्धि

एमएसएमई क्षेत्र में कुल बकाया राशि दि. 31 मार्च 2013 को ₹ 44,974 करोड़ रही. गत तीन वर्षों में एमएसएमई क्षेत्र के अंतर्गत ऋणों में हुई वृद्धि निम्नलिखित तालिका में दर्शाई गई है:

वर्ष	वृद्धि (% वर्ष दर वर्ष)
2010-11	29.63%
2011-12	26.11%
2012-13	30.31%

वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान प्रमुख उपलब्धियां

- मार्च 2013 की समाप्ति पर एसएमई अग्रिम ₹ 44,974 करोड़ था, जो कि वर्ष दर वर्ष आधार पर ₹ 10,462 करोड़ (30.31%) की वृद्धि दर्शाता है.
- वित्तीय वर्ष 2013 में एमएसएमई सेक्टर को ₹ 28,047 करोड़ के कुल ऋण में माइक्रोसॉफ्ट उद्यमोंको अग्रिम 62.1% अर्थात् ₹ 17,409/- करोड़ था. इस प्रकार भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित अनिवार्य लक्ष्य को आसीनी से पार कर लिया गया.
- 31 मार्च 2013 को आपके बैंक के सकल घरेलू ऋण में एसएमई अग्रिमों ने 19.7% का अंशदान किया.
- सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को दिए गए अग्रिम भारत सरकार द्वारा मार्च अंत तक के दिए गए लक्ष्य ₹ 33650 करोड़ की तुलना में ₹ 38227 करोड़ तक पहुंच गए.
- लोन फैक्टरी मॉडल की सफलता को ध्यान में रखते हुए आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष-13 के दौरान छः नई एसएमई लोन फैक्ट्रियां खोलीं.
- अपने एमएसएमई व्यवसाय को और बढ़ाने हेतु आपके बैंक वित्तीय वर्ष 13 के दौरान 'एमएसएमई कैपेक्स लोन एवं कैपेक्स कार्ड' नामक नया उत्पाद आरंभ किया.

वर्ष 2013 के दौरान एमएसएमई वित्तपोषण संबधी पहलें

1. आपके बैंक ने वर्ष के दौरान 5 नए एसएमई ऋण फैक्ट्री इन्द्रप्रस्थ (नई दिल्ली), आणंद, भोपाल, जूनागढ़ और जालंधर में खोली गई, जिन्हें मिला कर देश भर में कुल 52 एसएमई ऋण फैक्ट्री हो गई. 'लोन फैक्ट्रिज़' मॉडल यह गुणवत्तायुक्त ऋण मूल्यांकन, टर्न-अराउंड समय घटाने एवं मात्रा को बढ़ाना सुनिश्चित करने और उसके द्वारा आपके बैंक के लिए अपने एमएसएमई ऋणों की गुणवत्ता को कम न होने देते हुए उसए बढ़ाना संभव बनाने के लिए आपके बैंक द्वारा प्रारंभ की गई एक महत्वपूर्ण संकल्पना है.
2. आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2014 के लिए विविध शाखाओं में एसएमई लोन फैक्टरी, विशेषीकृत एसएमई शाखाओं एवं एमएसएमई कक्षों को स्थापित करने की योजना बनाई है.
3. आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान एमएसएमई वित्तपोषण में अपनी ब्रांड इमेज को स्थापित करने के लिए विविध सेमिनारों और प्रदर्शनों में सक्रिय रूप से भाग लिया.
4. आपके बैंक ने परिवर्धित प्रति-बिक्री, स्थानीय बैठकों एवं ट्रेड निकायों को सहभागी बनाने के माध्यम से समग्र ग्राहक संबंध प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया.
5. आपके बैंक ने ऐसी प्रणाली का प्रारंभ किया है, जिसमें मासिक आधार पर सभी एसएमई ऋण फैक्ट्री को उनके कार्यनिष्पादन के अनुसार श्रेणीक्रम दिया जाता है तथा सक्रिय कौशल निर्माण एवं प्रोत्साहन के उपाय के रूप में वार्षिक/अर्ध वार्षिक आधार पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली एसएमई ऋण फैक्ट्री को सम्मानित/बधाई/ पुरस्कृत किया जाता है.
6. आपके बैंक ने एसएमई ऋण फैक्ट्री से सम्बद्ध प्रोसेसिंग/मार्केटिंग अधिकारियों के लगातार ज्ञान वर्धन एवं कौशल निर्माण हेतु कर्मचारी महाविद्यालय/प्रशिक्षण केन्द्रों में विशेष कोर्स/बाहरी प्रशिक्षण भी आयोजित किए हैं.
7. आपके बैंक की एसएमई को आकर्षक मूल्य संकल्पना प्रस्ताव के साथ **'स्टैंड बाय मीयादी ऋण एवं कार्यशील पूंजी सीमा'** नामक एक नया उत्पाद प्रारंभ करने की योजना है.
8. आपके बैंक ने एमएसएमई ऋणकर्ताओं के लिए ऑन लाइन ऋण आवेदन की व्यवस्था एवं प्रस्तावों के ट्रैकिंग की सुविधा भी प्रारंभ की है.
9. आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 13 के दौरान समग्र भारत में विविध क्षेत्रों/ उद्योगों से संबद्ध क्षेत्र विशेष से संबंधित कई योजनाओं को नवीकृत किया है.
10. आपके बैंक ने नया व्यवसाय कैन्वास करने हेतु प्रयासों को दुगुना करने के उद्देश्य से एसएमई लोन फैक्ट्रिज़ एवं शाखाओं के स्टाफ सदस्यों को प्रोत्साहित करने के लिए जनवरी से मार्च 2013 के दौरान एमएसएमई महोत्सव का आयोजन किया.
11. आपके बैंक ने रेटिंग, वित्तीय शर्तों तथा बैलेंसशीट अनुपातों आदि के बारे में संबद्ध ज्ञान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दुन एंड ब्रैडस्ट्रीट के साथ संयुक्त रूप से अलीगढ़ एवं रायपुर में एसएमई ऋणकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया.

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान बेहतर व्यवसाय संभावनाओं के साथ समान गतिविधियों से जुड़ी इकाइयों के क्लस्टर से संबद्ध कुछ पॉकेटों के लिए विकसित की गई क्षेत्र-विशेष-योजनाओं ने संतोषजनक परिणाम प्राप्त किए. क्लस्टर डेवलपमेंट अग्रणी शाखाओंके साथ भी किया गया. भारत सरकार द्वारा सूचित कार्यक्रमों, विशेष रूप से बुनकर क्रेडिट कार्ड तथा प्रधानमंत्री रोजगार निर्माण कार्यक्रम (पीएमईजीपी) पर वित्तीय वर्ष 13 के दौरान ध्यान केन्द्रित किया गया.

पश्चिम भारत में एमएसएमई ऋणों में आपके बैंक के कार्यनिष्पादन को देखते हुए हालही में नयी दिल्ली में राष्ट्रपति महोदय के हाथों से आपके बैंक को अवार्ड प्राप्त हुआ है.

ग्रामीण एवं कृषि ऋण

आपका बैंक सामान्यतया प्रथमिकताप्राप्त क्षेत्र में और विशेष रूप से कृषि ऋणों में हमेशा अग्रणी रहा है. यह अपनी 1,436 ग्रामीण शाखाओं तथा 1,162 अर्ध-शहरी शाखाओं के विशाल नेटवर्क के माध्यम से ग्रामीण बा. जार की संभावनाओं का दोहन करता रहा है.

वित्तीय वर्ष 13 के दौरान भी आपके बैंक ने नयी 291 ग्रामीण और अर्ध-शहरी शाखाएं खोलीं

आपके बैंक को उत्तर प्रदेश और राजस्थान राज्यों में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) के संयोजक होने का गौरव प्राप्त है. आपके बैंक के पास गुजरात (12), राजस्थान (12), उत्तर प्रदेश (15), उत्तरांचल (2). मध्य प्रदेश (2) एवं बिहार (2) राज्यों में 45 जिलों में अग्रणी बैंक का दायित्व है.

आपके बैंक ने तीन राज्यों में 1,526 शाखाओं के नेटवर्क और मार्च अंत तक ₹ 29,282.38 करोड़ के कुल व्यवसाय के साथ तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) प्रायोजित की हैं.

वितीय वर्ष 13 में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋणों में कार्यनिष्पादन

आपके बैंक के प्राथमिकता प्राप्त अग्रिम मार्च 2012 के अंत में ₹ 68,527 करोड़ से बढ़ कर मार्च 2013 के अंत में ₹ 80,004 करोड़ हो गए जो समायोजित बैंक ऋण (एएनबीसी) का 39.31% है, जब कि अनिवार्य लक्ष्य 40% का है. लक्ष्य पूरा करने में हुई यह कमी प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र से संबद्ध नियंत्रक परिभाषाओं में परिवर्तन/संशोधन के कारण है.

बैंक ऑफ बडौदा ने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए संशोधित 'प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र वर्गीकरण दिशानिर्देशों' पर जयपुर में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया.

कृषि अग्रिम

आपके बैंक के प्रत्यक्ष कृषि अग्रिम ₹ 2,220 करोड़ की समग्र वृद्धि और गत वर्ष की तुलना में 10.9%₹ की बढ़त के साथ ₹ 22,645 करोड़ हो गए. आपके बैंक के कुल कृषि अग्रिम 0.02% की फ्लैट वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) के साथ मार्च 2013 के अंत में ₹ 28,739 के स्तर पर पहुंचे. जैसा कि पूर्व में बताया गया है यह प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए गए और दि. 20.07.2012 से प्रभावी संशोधित दिशानिर्देशों के कारण हुआ. आपके बैंक के प्रत्यक्ष कृषि अग्रिम मार्च 2013 के अंत में समायोजित शुद्ध बैंक ऋण के 11.13% रहे, जब कि अनिवार्य लक्ष्य 13.5% का है. कुल कृषि अग्रिम मार्च 2013 के अंत में समायोजित शुद्ध बैंक ऋण के 14.12% रहे, जब कि अनिवार्य लक्ष्य 18% का है.

आपके बैंक ने कृषकों कोऋण प्रदान करने हेतु अपने कृषि ऋण उत्पाद बड़ौदा किसान क्रेडिट कार्ड के तहत् वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान 2,74,665 कार्ड जारी किए. आपके बैंक ने कृषक समुदाय की सुविधा के लिए वर्ष के दौरान एटीएम में सक्रिय 'बड़ौदा किसान रूपय कार्ड भी प्रारंभ किया. वित्तीय वर्ष 13 के दौरान आपके बैंक ने लगभग 3,32,141 नये कृषकों को ऋण प्रदान किये. अपने माइक्रो वित्तपोषण के नवोन्मेषी उपायों के एक भाग के रूप में आपके बैंक ने 10,912 स्वयं सहायता समूहों वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान ₹ 198.45 करोड की राशि प्रदान की, जिसके फलस्वरूप स्वयं सहायता समूह ऋण सहबद्धता की कुल संख्या 1,65,328 एवं राशि ₹ 1,369.97 करोड़ हो गई.

व्यवसाय एवं सामाजिक पहलें

आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान ग्रामीण और कृषि ऋणों हेतु उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने के प्रयोजन से अनेक नवोन्मेषी पहलों की शुरुआत की. इनमें से कुछ निम्नानुसार हैं:

- कृषि अग्रिमों को बढ़ाने के लिए आपके बैंक ने विशेष अभियान अर्थात् फसली ऋणों के लिए खरीफ एवं रबी अभियान चलाए, जिनमें क्रमशः ₹ 5,284 एवं 2,262 करोड़ संवितरित किए गए. निवेश ऋणों के लिए भी एक और अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत ₹ 1,096 करोड़ का संवितरण किया गया.
- आपके बैंक ने 4,245 ग्राम्य स्तरीय ऋण शिविर आयोजित किए और वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान 2,06,375 ऋणकर्ताओं को ₹ 2,922 करोड़ संवितरित किए गए.
- आपके बैंक ने पूरे देश में 450 थ्रस्ट शाखाओं का चयन किया है, जिसका उद्देश्य कृषि ऋणों को बढ़ाना है. इन शाखाओं द्वारा मार्च 2013 के अंत तक प्रदत्त कुल कृषि अग्रिम का हिस्सा 36.0% है.
- आपके बैंक ने स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप, विशेषतः कॉल्ड स्टोरेज, पॉल्ट्री फार्म, फीशरी इत्यादि जैसी गतिविधियों के लिए विशेष योजनाएं बनाई हैं. इन योजनाओं के तहत् ब्याज दर, प्रभार आदि में विशेष छूट प्रदान की गई है, ताकि अधिकतम व्यवसाय प्राप्त किया जा सके.
- आपके बैंक ने कृषि क्षेत्र के अंतर्गत ऋण प्रस्तावों की प्रक्रिया में शाखाओं की क्षमताएं बढ़ाने एवं उसके द्वारा कृषकों को पर्याप्त मात्रा में समय पर ऋण सुलभ हो सके इस उद्देश्य से ऑटोमेटेड लोन प्रोसेसिंग सिस्टम का प्रारंभ किया है.

ग्रामीण विकास संबंधी संसदीय स्थायी समिति का उदयपुर दौरा

बड़ौदा ग्रामीण परामर्श केन्द्र (बीजीपीके)

यह भी आपके बैंक के नवोन्मेषी प्रयासों में से एक है, जिसके माध्यम से बैंक ग्रामीण समुदाय को ऋण के संबंध में सलाह, वित्तीय शिक्षा तथा अन्य सेवाएं, जैसे कि कृषि उत्पादों की वैज्ञानिक ढंग से खेती, कीमतों इत्यादि के बारे में जानकारी प्रदान करता है. वित्तीय वर्ष 2013 के अंत तक आपका बैंक 52 क्षेत्रीय ग्रामीण परामर्श केन्द्र खोल चुका है.

इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान एक और बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान, बड़ौदा आर-सेटी खोला गया. इसके साथ ही, बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान, बड़ौदा आर-सेटी की संख्या 47 हो गई. इस प्रकार अब भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप आपके बैंक के प्रत्येक अग्रणी जिले में एक आर-सेटी उपलब्ध है. अजमेर स्थित् बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान, पूर्णतया महिलाओं के लिए है बीएसवीएस मूलतः ऐसे संस्थान हैं, जिनका प्रयोजन स्वरोजगार उद्यम शुरु करने के लिए युवाओं को प्रशिक्षित करना और अपेक्षित कौशल के संबंध में ज्ञान प्रदान करना है. वितीय वर्ष 2013 के दौरान लगभग 42,601 युवा लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया, इनमें से 27,891 युवाओंने स्वरोजगार उद्यम स्थापित किए. इन केंद्रोंद्वारा प्रशिक्षित 1,64,899 लाभार्थियों में से 1,02,996 ने अपने स्वरोजगार उद्यम आरंभ कर दिए हैं.

वित्तीय साक्षरता तथा ऋण परामर्श केन्द्र (एफएलसीसी) - "सारथी"

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा दिशा-निर्देशों के आधार पर, बैंक ने 45 एफएलसीसी, जिन्हें "सारथी" नाम दिया गया है, जरूरतमंद लोगों को वित्तीय साक्षरता तथा ऋण परामर्श सुविधाएं प्रदान करने के लिए स्थापित किये ताकि वे बैंकिंग प्रणाली से बैंकिंग सुविधाओं का लाभ उठा सकें और साथ ही ऋण के बोझ तले आये वित्तीय संकट में जूझते लोगों को परामर्श सुविधाएं प्रदान की जा सके.

बैंक ने अपने बीएसवीएस ट्रस्ट के तहत् इन केन्द्रों को खोला है. इनमें निःशुल्क परामर्श सेवाएं संबधित लोगों को दी जा रही हैं. आपके बैंक ने

वर्ष 2013 के दौरान 6 नये एफएलसीसी खोले जिन्हें मिलाकर मार्च 2013 के अंत तक एफएलसीसी कुल संख्या 45 हो गयी है. इस प्रकार अब आपके बैंक के सभी अग्रणी जिलों में एफएलसीसी केन्द्र उपलब्ध हैं.

व्यवसाय सुलभकर्ता मॉडल

यह मॉडल वित्तीय समावेशन की प्रक्रिया को तेज करने और बैंक के कृषि ऋण में बढ़ोतरी के लिए पूरे देशभर में क्रियान्वित किया गया है. व्यवसाय सुलभकर्ता, आपके बैंक के लिए ऋण आवेदनपत्र कैनवास करेंगे और इसके लिए बैंक उन्हें मेहनताने का भुगतान करेगा. सेवा निवृत्त बैंकरो तथा सरकारी कर्मचारियों, एनजीओ, कृषक-क्लब तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़े व्यक्तियों को एजेन्टों के रूप में लगाया जाता है ताकि ग्रामीण तथा अर्धशहरी क्षेत्रों में बैंक की पहुंच बढ़ सके.

माइक्रो लोन फैक्टरी

आपके बैंक ने उत्तर प्रदेश में रायबरेली तथा सुल्तानपुर में माइक्रो लोन फेक्टरी खोली है. माइक्रो फायनांस लोन फैक्टरी के पास मोबाइल वैन है जिसमें स्वयं सहायता समूह वित्त पोषण संबंधी समस्त स्टेशनरी / दस्तावेज एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं. इसमें ऐसे अधिकारी होते हैं, जो स्वयं सहायता समूहों के यथास्थान तथा उनके पास जाकर उन्हें ₹ 25,000 तक के ऋण स्वीकृत एवं वितरित करने के लिए अधिकृत है :

बैंक द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कार्यनिष्पादन

वर्ष के दौरान अपने दो आरआरबी के संविलयन के बाद बैंक द्वारा प्रायोजित आरआरबी की संख्या घट कर तीन हो गई.

- बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, प्रधान कार्यालय, रायबरेली
- बड़ौदा राजस्थान ग्रामीण बैंक, प्रधान कार्यालय, अजमेर
- बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक, प्रधान कार्यालय, भरूच

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान अन्य बैंक के दो आरआरबी का भी हमारे बड़ौदा राजस्थान आरआरबी के साथ संविलयन हो गया. संविलयन के बाद इन तीनों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कुल व्यवसाय मार्च 2012 के अंत के 26,257.43 करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च 2013 के अंत में 29,284.23 करोड़ रुपये हो गया. इस प्रकार इसमे 11.53% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज हुई.

इन तीनों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने वर्ष 2013 के दौरान 97.06 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया जबकि वर्ष 2012 के दौरान 148.22 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था.

इन सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की समग्र "शुद्ध मालियत" मार्च 2012 के अंत के 1,018.44 करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च 2013 के अंत मे 1,234.42 करोड़ हो गई और "आरक्षित निधियां तथा अधिशेष" मार्च 2012 के अंत के 726.55 करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च 2013 के अंत में 777.52 करोड़ रुपये हो गया.

वित्तीय समावेशन (एफआई) के लिए बैंक के प्रतिबद्ध प्रयास

आपके बैंक में वित्तीय समावेशन (एफआई) को केवल एक सामाजिक प्रतिबद्धता के रूप में ही नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत का समग्र आर्थिक विकास करने वाले एक साधन के रूप में देखा जा रहा है ताकि सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) आधारित डिलीवरी चैनलों के माध्यम से भारतीय अर्थ व्यवस्था आधारिक स्तर पर उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाया जा सके.

आपके बैंक की वित्तीय समावेशन योजना का उद्देश्य समाज के उस वर्ग, जो इससे वंचित है को बहुत ही कम लागत पर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराना और इसके द्वारा बैंकिंग विहीन जनसंख्या/ क्षेत्र तक औपचारिक बैंकिग सेवा पहुंचाना है.

माननीय केन्द्रीय वित्तमंत्री श्री पी. चिदंबरम द्वारा उत्तर प्रदेश में एक साथ 300 नयी बैंक शाखाओं का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव, वित्त मंत्रालय एवं राज्य सरकार के मंत्री एवं वरिष्ठ अधिकारियों, विभिन्न बैंकों के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशकों व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया.

अपनाई जा रही कार्यनीतियां एवं मॉडल

वित्त मंत्रालय नें पूरे भारत में बैंकिंग सुविधा विहीन क्षेत्र के रूप में लगभग 6 लाख गांवों की पहचान की है. इन गांवों को सेवा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न बैंकों को आवंटित किया गया है. आपके बैंक के पास दिनांक 31/03/2013 को इसके सेवा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 21,526 गांव है. वित्त मंत्रालय और भारतीय रिज़र्व बैंक नें बैंकों को इन गांवों को न्यूनतम लागत पर बैंकिंग सेवा उपलब्ध कराने के लिए सूचित किया है. तदनुसार आपके बैंक ने एक योजना स्वीकृत की है, जो इन्हें तीन वर्षो की अवधि अर्थात 2013-2016 में बैंकिंग सेवा उपलब्ध कराकर इन 21,526 सेवा क्षेत्र गांवों को कवर करने के लिए गांव स्तर पर अलग अलग होगी.

वित्तीय समावेशन के लिए आपके बैंक ने निम्नलिखित तीन व्यवसाय मॉ डल अपनाए हैं.

1. आईसीटी आधारित व्यवसाय प्रतिनिधि मॉडल
2. मोबाइल वैन मॉडल
3. वित्तीय समावेशन गांवों में ब्रिक एवं मोर्टार शाखाएं

आपके बैंक नें 1,436 ब्रिक एवं मोर्टार ग्रामीण शाखाओं के नेटवर्क के माध्यम से 4,959 गांवों को, बीसी मॉडल के माध्यम से 3,474 गांवों को

और मोबाइल वैन के माध्यम से 49 गांवों को कवर किया है.

आपके बैंक नें वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान बैंकिंग सुविधा विहीन गांवों में 151 ब्रिकी एवं मोर्टार शाखाएं खोली हैं.

- आईसीटी आधारित व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी) मॉडल

  यह सुनिश्चित करने के लिए कि वित्तीय समावेशन का क्रियान्वयन बहुत ही प्रभावशाली तरीके से हो रहा है और सीबीएस में पूरी तरह से संकलित है, आपके बैंक ने शुरू से अंत तक पूर्ण समाधान हेतु, अर्थात ग्रामीणों के नांमाकन से लेकर उनको स्मार्ट कार्ड जारी करने तक, दो सेवा प्रदाताओं को नियुक्त किया है. इसका उद्देश्य सभी गांवों की दहलीज पर तकनीकी-आधारित बैंकिंग लेनदेन पहुंचाना है.

  आईसीटी आधारित व्यवसाय प्रतिनिधि मॉडल बायोमेट्रिक स्मार्ट कार्ड आधारित तकनीकी के साथ एप्लीकेशन सेवा प्रदाता (एएसपी) मॉडल पर आधारित है. इस पद्धति के अंतर्गत, व्यवसाय प्रतिनिधि ग्राहकों का नामांकन करने और लेनदेन प्रोसेसिंग के लिए प्वाइंट ऑफ सर्विस (पीओएस) डिवाइस के साथ गांवों में जाते हैं. ये पीओएस डिवाइस जीपीआरएस तकनीकी द्वारा सीधे बैंक के सीबीएस के साथ जुडे हैं.

- **मोबाइल वैन मॉडल**

  वित्तीय समावेशन के क्रियान्वयन हेतु अपनाया गया दूसरा व्यवसाय मॉडल मोबाइल वैन मॉडल है. इस मॉडल में विद्यमान शाखा के सेवा क्षेत्र में आने वाले गांवों में मोबाइल वैन जाती है. सप्ताह में निर्धारित दिनों के दौरान बैंकिंग सेवा प्रदान करने के लिए स्टाफ सहित वैन निर्धारित गांवों का दौरा करती है.

  ये मोबाइल वैन कंप्यूटर हार्डवेयर से सुसज्जित हैं और ग्राहकों को तुरंत मोबाइल वैन के माध्यम से उसके खाते को संचालित करने में समर्थ करने के लिए सीधे बैंक के सीबीएस के साथ जुडी हुई हैं. खाता खोलने की प्रक्रिया और खाते में लेनदेनों सहित अन्य गतिविधियां मोबाइल बैंक में उसी तरह की जा सकती हैं जैसे एक सामान्य शाखा में की जाती हैं.

  आपके बैंक ने इसे आबंटित 49 वित्तीय समावेशन गावों को कवर करने के लिए गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार और गोआ राज्यों में वर्तमान में पांच मोबाइल वैन लगाई हैं. आपके बैंक की मोबाइल वैनों को वित्तीय समावेशन ग्राहकों से अच्छा प्रतिसाद मिला है. ये वैन बाहरी स्वरूप में ग्रामीण जनसमूह को बैंक की विभिन्न जमा/ ऋण योजनाओं के बारे में जानकारी देने के इरादे से सुसज्जित की गई हैं.

लघु बैंकिंग शाखाएं (यूएसबी)

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार आपके बैंक ने 31 मार्च 2013 तक पूरे देश में 2,000 से अधिक आबादी वाले गांवों में 2,695 लघु बैंकिंग शाखाएं खोली हैं जो व्यवसाय प्रतिनिधि मॉडल के माध्यम से कवर की जा रही हैं. लिंक शाखाओं से आपके बैंक के अधिकारी पूर्व निर्धारित तारीख और समय पर यूएसबी का दौरा करते है. वे ग्रामीणों को विभिन्न बैंकिंग उत्पादों की सूचना देने के अतिरिक्त खाता खोलने, ऋण अनुरोध, शिकायतों का समाधान, वित्तीय साक्षरता पर ग्रामीणों की साथ बैठक करना इत्यादि के लिए सभी आवेदनों को पूरा करते हैं.

आपके बैंक की यह पहल वित्तीय साक्षरता में प्रगति और ग्राम स्तर पर आत्मविश्वास पैदा करती है, जो अंततः आपके बैंक की वित्तीय समावेशन अभियान हेतु प्रतिसाद में वृद्धि करेगी.

बैंक ऑफ बडौदा ने वाराणसी में विशाल ऋण शिविर का आयोजन एवं 1001 लघु बैंकिंग शाखाओं का शुभारंभ किया

वित्तीय साक्षरता - सफलतापूर्वक समावेशन के लिए प्रमुख उपाय

वित्तीय समावेशन का वांछित उद्देश्य केवल तभी प्राप्त किया जा सकता है जब बैंक गांवों से सही प्रतिक्रिया प्राप्त करने में समर्थ हो. ग्रामीणों से प्रतिक्रिया लेने के उद्देश्य से, बैंक को उन्हे विभिन्न बैंकिंग सुविधाओं और इनके लाभ की जानकारी देने की आवश्यकता है. दूसरे शब्दों में, वित्तीय साक्षरता किसी बैंक की वित्तीय समावेशन पहल की सफलता के लिए कारक होगी. इसलिए वित्तीय समावेशन के सभी घटकों को प्रत्येक दूसरे के साथ एक बांड विकसित करने की आवश्यकता है जो केवल बैंकिंग सेवा प्रदान करने के लिए ही नही, बल्कि जहां भी कोई बैंक वित्तीय समावेशन कार्यक्रम का क्रियान्वयन कर रहा है, वित्तीय साक्षरता के माध्यम से जनसंख्या के बीच बैंकिंग और बैंकिंग उत्पादों की बडी जागरुकता पैदा करेगी.

आपके बैंक ने देश के ग्रामीण हिस्से में वित्तीय साक्षरता की दिशा में निम्नलिखित मुख्य पहलें की है.

1. ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में बेरोजगार युवाओं को स्वयं नियोजित बनने में समर्थ करने के उद्देश्य से व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए लगभग 47 बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बडौदा आरएसईटीआई) स्थापित किए है और 5,505 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं तथा 1,64,742 युवाओं को प्रशिक्षित किया है जिनमें से मार्च 2013 को 62.20% के सेटलमेंट अनुपात के साथ 1,02,477 स्वयं नियोजित हैं.
2. पूरे देश में लगभग 45 वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श केन्द्र (एफएलसीसी) "सारथी" क्रियाशील हैं. इन वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श केन्द्रों के प्रारंभ से कुल 46,860 व्यक्तियों ने इन केन्द्रों के दौरे किए हैं और 33,050 प्रकरणों में, मामले मार्च 2013 की समाप्ति तक सुलझाए गए हैं.

3. लगभग 52 बडौदा ग्रामीण परामर्श केन्द्र ग्रामीण क्षेत्रों में मूल्यवर्द्धित सेवाओं और विकास गतिविधियों हेतु वित्तीय शिक्षा, ऋण परामर्श, तकनीकी मामलों पर सूचना सांझा करने एवं परेशानी हल करने, अन्य संगठनो के साथ संयोजन एवं संपर्क की सुविधा दे रहे हैं.

4. एसएचजी - बैंक लिंकेज कार्यक्रम के अंतर्गत एसएचजी को उनकी दहलीज पर ऋण एवं बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने, अधिकतम चार दिन में परेशानी मुक्त और शीघ्र ऋण डिलीवरी सुनिश्चित करने एवं एसएचजी को परेशानी मुक्त ऋण देने के उद्देशय से मोबाइल माइक्रो फाइनेंस लोन फैक्ट्री स्थापित की गई हैं.

5. "बीवायएसटी - बॉब उद्यम-वृति उद्यमी विकास कार्यक्रम" (बीवायएसटी) ऋण, व्यवसाय सलाहकार, प्रशिक्षण और नेटवर्किंग एवं मार्केटिंग के रूप में गैरलाभांवित युवा सक्रिय माइक्रो-उद्यमी को प्रारंभ से अंत तक सहायता उपलब्ध कराता है.

6. गुणवत्तापूर्ण एसएचजी स्थापित करने, क्रेडिट लिंकेज आसान करने और शाखा स्टाफ के प्रशिक्षण में सहायता उपलब्ध कराने के लिए माइक्रो फाइनेंस केन्द्र (सीएमएफ), जयपुर से जोडना, जो बैंक की शाखाओं के सेवा क्षेत्र में गांव के विकास और माइक्रो फाइनेंस एवं कृषि ऋण में सुधार करने में सहायक है.

7. आपके बैंक नें ग्रामीण ऋण, ग्रामीण विकास और कृषि विकास में उपलब्ध ऋण अवसरों का परीक्षण करने तथा चुनौतियों पर ध्यान देने एवं उनसे बाहर निकलने के उद्देश्य से विकास अध्ययन संस्थान (आईडीएस), जयपुर, एक प्रमुख रिसर्च एवं पोलिसी एडवाइजरी संस्थान, में एक प्रोफेसर चेयर भी स्थापित की है. इसका उद्देश्य उपरोक्त दिशा में विभिन्न अध्ययन करना और फीडबैक से सीखना है.

वित्तीय समावेशन में उत्पाद नवीनता

आपका बैंक वित्तीय समावेशन का प्रयोग अपनी कार्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के कार्य को सुदृढ़ करने के लिए एक अवसर के रूप में भी कर रहा है. आपका बैंक ग्रामीण लोगों के बीच बैंकिंग जागरुकता फैलाने, उनको अपने उत्पादों की जानकारी देने, ग्रामीण ऋण, कृषि तकनीकी जानकारी, ऋण परामर्श, ज्ञान बांटने / शिकायत सुलझाने, औरतों और लडकियों का उद्धार करने, किसान क्लब स्थापित करने एवं एसएचजी की स्थापना इत्यादि के लिए विभिन्न कदम उठा रहा है.

बेसिक प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की सहायता से इस योजना द्वारा बेरोजगार युवाओं को ग्रामीण क्षेत्रो में उनका अपना व्यवसाय आरंभ करने में प्रोत्साहन मिलेगा. नई प्रौद्योगिकी के माध्यम से ग्राहकों को उनके गांवों में नियुक्त बीसी तुरंत बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रहे हैं.

आपके बैंक ने विभिन्न प्रकार के ग्राहकोन्मुखी उत्पादों की शुरूआत की है जो विशेषरूप से वित्तीय समावेशन ग्राहकों हेतु तैयार किए गए है. उनमें से कुछ निम्नानुसार है.

अंतर्निहित ओडी सुविधा सहित बेसिक बचत बैंक जमा खाता

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार यह उत्पाद विशेष रूप से आसान केवायसी मानदंडो के साथ वित्तीय समावेशन गांवों के व्यक्तियों हेतु बनाया गया है. यह खाता बिना कोई राशि जमा किए खोला जा सकता है इस पर कोई दंड नही लगता और व्यवसाय प्रतिनिधि, शाखा एवं एटीएम के माध्यम से खोला/ संचालित किया जाएगा.

फ्लैक्सीबल आरडी खाता (यशस्वी जमा योजना)

यह एक मनी बैक आरडी सुविधा है जो चलनिधि प्रदान करने के लिए वित्तीय समावेशन खाता धारक हेतु यथावत् बनाई गई है. यह उत्पाद मनी बैक सुविधा देता है, छः माह की समाप्ति पर, जमाकर्ता की आवश्यकता के अनुसार खाते में बकाया जमा राशि के 50.0% के समान राशि का वापस भुगतान किया जा सकता है.

बडौदा किसान क्रेडिट कार्ड (बीकेसीसी)

यह उत्पाद किसानों के लिए है जो उनकी आवश्यकताओं जैसे उत्पादन ऋण, निवेश ऋण, पर्सनल ऋण आवश्यकताओं और उपभोग आवश्यकताओं को कवर करता है. यह ऋण सीमा का उपयोग करने में फ्लैक्सीबल है यथा वह वर्ष के दौरान अपनी आवश्यकतानुसार ऋण सीमा का उपयोग कर सकता है.

बडौदा सामान्य क्रेडिट कार्ड (बीजीसीसी)

ग्रामीणों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बैंक की सभी ग्रामीण और अर्ध-शहरी शाखाओं के माध्यम से बीजीसीसी क्रियान्वित किया गया है.

कम प्रीमियम वाला बीमा उत्पाद

आपके बैंक ने इण्डिया-फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के साथ समन्वय करके वित्तीय समावेशन ग्राहकों के लिए कम प्रीमियम वाला एक जीवन बीमा उत्पाद भी शुरू किया है. यह ग्राहकों को पांच वर्ष की अवधि हेतु ₹ 20.99 प्रति हजार के सिंगल प्रीमियम पर ₹ 5,000/- से ₹ 50,000 तक का कवर लेने की आसान सुविधा देता है.

प्रत्यक्ष लाभ अंतरण

भारत सरकार ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) क्रियान्वित करने का निर्णय लिया है. प्रत्यक्ष लाभ अंतरण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लाभार्थी सरकारी लाभों को इलैक्ट्रानिक रूप से, बिना किसी देरी और रिसाव के, यदि विद्यमान संवितरण प्रणाली में कोई हो, अपने खाते में सीधे प्राप्त करता है. डीबीटी के क्रियान्वयन के संबंध में अनेक प्रारम्भिक कार्य किए गए हैं और बहुत से कार्य किए जा रहे हैं. इस कार्यक्रम के अंतर्गत सरकार सब्सिडी, स्कॉलरशिप, पेंशन, नरेगा मजदूरी, एलपीजी सब्सिडी इत्यादि जैसे नकद लाभों का नामित लाभार्थियों के बैंक खाते में सीधे अंतरण करेगी. सरकारी लाभों के अंतरण की इस प्रणाली में चरणबद्ध एवं समयबद्ध तरीके से तबदीली होगी. दिनांक 01.01.2013 से 26 चयनित योजनाओं के अंतर्गत डीबीटी के प्रथम चरण के लिए 16 राज्यों में लगभग 43 जिलों की पहचान की गई है. 1.7.2013 से इसे अन्य 78 जिलों में आरंभ किया जायेगा यह डीबीटी योजना 31/03/2013 तक सम्पूर्ण देश के सभी जिलों में क्रियांवित की जाएगी. डीबीटी योजना का क्रियान्वयन अग्रणी बैंक प्लेटफार्म से किया जाता है. आपके बैंक के पास 45 जिलों में अग्रणी बैंक की जिम्मेदारी है. इसके अतिरिक्त, आपका बैंक डीबीटी योजना के प्रभावी क्रियान्यवन की निगरानी कर रहा है.

आधार भुगतान अनुपूरक प्रणाली (एपीबीएस)

एपीबीएस, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा जारी आधार संख्या के प्रयोग से नेशनल पेमेंट कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया (एनपीसीआई) द्वारा पेशकश की गई नई भुगतान सेवा है. सरकारी लाभों को आधार संख्या के आधार पर लाभार्थी के खाते में अंतरित किया जाता है ताकि, सरकारी विभागों/ एजेंसियों को लाभार्थियों के बैंक विवरण और खाता संख्या रखने की आवश्यकता न हो. आपके बैंक में एपीबीएस परिचालन में है.

आधार समर्थ भुगतान प्रणाली (एईपीएस)

एईपीएस एक बैंक संचालित मॉडल है जो आधार सत्यापन का प्रयोग करके किसी बैंक के व्यापार प्रतिनिधि के माध्यम से पीओएस द्वारा (माइक्रो एटीएम) ऑनलाइन अंतःप्रचालनीय वित्तीय लेनदेनों की अनुमति देता है.

आधार समर्थ बैंकिंग लेनदेन के निम्नलिखित चार मूल प्रकार हैं.

1. शेष की स्थिति
2. नकद जमा
3. नकदी आहरण
4. आधार से आधार निधियों का अंतरण

आपके बैंक में एईपीएस परीक्षण चरण में है और मई 2013 के मध्य तक परिचालन में जाएगा.

31/03/2013 तक वित्तीय समावेशन में बैंक के कार्य निष्पादन की विशेषताएं

- आपके बैंक ने अपने सेवा क्षेत्र के अंतर्गत 21,526 गांवों में से अभी तक 4,959 गांवों को कवर किया है. लगभग 90% गांव सक्रिय लेनदेन मोड पर है.
- आपके बैंक ने 49.60 लाख ''नो फ्रिल बेसिक बचत बैंक खाते'' खोले हैं, जिनमें से 8.69 लाख खाते व्यापार प्रतिनिधि एजेंटों (बीसीए) के माध्यम से खोले गए.
- आपके बैंक में ''नो फ्रिल खातों'' में औसत बकाया राशि लगभग 1,200 करोड रुपये है.
- आपके बैंक ने 2,000 से अधिक की आबादी वाले गांवों में 2,695 अल्ट्रा स्माल शाखाएं खोली हैं.
- आपके बैंक ने मार्च 2016 तक 21,526 गांवों के लिए अपने एफआईपी को क्रियांवित करने के लिए शाखा स्तर तक पृथकीकरण योजना अनुमोदित की है.
- आपके बैंक ने वित्तीय समावेशन ग्राहकों हेतु ''माइक्रो-इंश्योरेंस'' उत्पाद की शुरुआत की है. ऐसा करने वाला आपका बैंक पहला बैंक है.
- आपका बैंक चार राज्यों अर्थात गुजरात, बिहार, गोवा और उत्तर प्रदेश में पांच मोबाइल वैन परिचालित कर रहा है तथा 100 और मोबाइल वैन शुरू करने की योजना है.
- आपके बैंक ने वित्तीय समावेशन के अंतर्गत कियोस्क प्लेटफार्म पर बीसीए के रूप में बैंक के सेवा क्षेत्र में अपने सीएससी का नामांकन करने के लिए सीएससी ई-गवर्नेंस लि. के साथ एक समझौता किया है.
- आपका बैंक आधार आधारित भुगतानों, यूआईडीएआई लिंकेज, गांव कोड अद्यतन करने इत्यादि के लिए तकनीकी रूप से पूरी तरह से तैयार है.

वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति समुदायों को अग्रिम

बैंक द्वारा अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के लोगों को दिये जाने वाले अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि हो रही है. यह बात इस तथ्य से स्पष्ट है कि इन्हें मंजूर किए गए अग्रिमों की राशि मार्च 2012 के अंत में ₹ 4,336.02 करोड़ रुपये से बढकर मार्च, 2013 के अंत में ₹ 4,712.66 करोड रुपये हो गई. वस्तुतः समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कमजोर वर्ग के लोगों को आपके बैंक द्वारा मंजूर किए गए कुल अग्रिमों में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति को दिये गए अग्रिमों का अंश 27.64% है. इसके अतिरिक्त, बैंक ने विभिन्न सरकारी प्रायोजित योजनाओं, यथा-स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (एसजीएसवाई), स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना (एसजेएसआरवाई), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) इत्यादि के तहत अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के लोगों के वित्त पोषण पर विशेष ध्यान दिया है.

यह उल्लेखनीय है कि बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान प्रशिक्षार्थियों का चयन करते समय अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति से जुडे लोगों को वरीयता दे रहे हैं. अभी तक इन केन्द्रों ने अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति श्रेणी के 72,365 युवाओं को प्रशिक्षित किया है.

अंतरराष्ट्रीय परिचालन

डीआईएफसी, दुबई में 100वां विदेशी कार्यालय खोलने के साथ आपके बैंक के अंतर्राष्ट्रीय परिचालन में यह एक ऐतिहासिक वर्ष था. शाखा का शुभारंभ श्री पी.चिदम्बरम, वित्तमंत्री, भारत सरकार द्वारा किया गया. आपके बैंक ने 1953 में अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में अपने प्रारंभिक प्रवेश से लेकर, वैश्विक व्यापार अवसरों को तलाशने के लिए अपने विदेशी नेटवर्क में लगातार विस्तार किया है.

भारत के माननीय केन्द्रीय वित्तमंत्री श्री पी चिदंबरम, डीआईएफसी में बैंक ऑफ बडौदा के 100वें विदेशी कार्यालय का शुभारंभ करते हुए

अंतर्राष्ट्रीय कारोबार

वर्ष के दौरान, प्रमुख प्रगतिशील अर्थव्यवस्थाओं ने निरंतर मंद वृद्धि, राजकोषीय बाधाओं और मितव्ययी उपायों का सामना किया है और इसके छितरे प्रभाव अन्य अर्थव्यवस्थाओं पर भी पड़ रहे हैं. इस कठिन परिवेश में भी आपके बैंक के अंतर्राष्ट्रीय परिचालन ने विकास पर निरंतर निगरानी रखकर और व्यवसाय मॉडल का उपयुक्त समायोजन कर पहले से कदम उठाकर अच्छा वृद्धि दौर बनाए रखा है.

आपके बैंक ने उभरते अवसरों पर लगातार नजर रखी है और शाखाओं के बडे नेटवर्क का पूरा लाभ लेने के लिए विदेशी केन्द्रों के बीच बड़ी सक्रियता रही है.

बैंक ऑफ बडौदा के कार्यपालक निदेशक श्री पि श्रीनिवास, श्री एस के जैन एवं श्री रंजन धवन न्यू साउथ वेल्स के प्रीमियर एवं वेस्टर्न सिडनी के मंत्री माननीय बैरी रॉबर्ट ओ'फारेल्ल के मुंबई दौरे के समय उनसे बातचीत करते हुए

आपका बैंक अपनी आईटी आधारभूत संरचना, सार्वजनिक आवश्यकताओं के अनुसार सेवा और उत्पादों में सुधार, शाखा नेटवर्क का विस्तार और प्रिंट एवं इलैक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से प्रचार में प्रगति / वृद्धि के माध्यम से ग्राहक सुविधा के लिए अपनी पहलों के साथ सतत रूप से रहा है. इस वर्ष के दौरान आपके बैंक ने सिडनी, आस्ट्रेलिया और डीआईएफसी, दुबई शाखाओं के माध्यम से दो नए केन्द्र स्थापित किए हैं. मलेशिया में संयुक्त उपक्रम बैंक इण्डिया इंटरनेशनल बैंक (मलेशिया) बीएचडी ने भी इस वर्ष के दौरान अपना परिचालन शुरु किया.

व्यवसाय तथा लाभ कार्य-निष्पादन

वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान बैंक की विदेशी शाखाओं ने कुल व्यवसाय (जमाराशियां±अग्रिम) में 24.2% की वृद्धि दर्ज की. जबकि ग्राहक जमाराशियों में 24.03%, कुल जमाराशियों में 26.2% तथा अग्रिमों में 21.8% की वृद्धि दर्ज हुई.

वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान आपके बैंक के वैश्विक कारोबार में अंतरराष्ट्रीय परिचालन का 29.4% का उल्लेखनीय योगदान रहा है.

मुंबई में आयोजित बैंक के अंतर्राष्ट्रीय परिचालन संबधी व्यवसाय समीक्षा एवं बजट बैठक

कुल आस्तियां

आपके बैंक के अंतर्राष्ट्रीय परिचालन की कुल आस्तियों में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 30.1% की उल्लेखनीय वृद्धि हुई. ये आस्तियां मार्च 2012 को समाप्त अवधि को ₹ 1,28,398 करोड़ से बढ़कर मार्च 2013 में ₹ 1,67,038 करोड़ हो गईं.

लाभ

प्रणाली में बढती तरलता और क्रेडिट कारोबार में गिरावट की इस चुनौतीपूर्ण अवधि के दौरान भी व्यापार स्तर में वृद्धि और ब्याज आय में सुधार के कारण वित्तीय वर्ष 2013 में सकल लाभ में पिछले वर्ष की तुलना में 24.7% की वृद्धि रही. तथापि, वर्ष के दौरान उच्च प्रावधानों के कारण कुल लाभ ने 19.20% की नकारात्मक वृद्धि दर्ज की.

आपके बैंक के वैश्विक कुल लाभ में अंतरराष्ट्रीय परिचालन का योगदान 24.6% रहा.

आस्ति गुणवत्ता

आपके बैंक की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपस्थिति इसे भारी ऋण जोखिम में डालती है. आपका बैंक पूर्व-संवितरण चरण के दौरान किसी परियोजना की ऋण आवश्यकताओं का वास्तविक रूप से निर्धारण करने के लिए सभी कदम उठाता है और मूल्यांकन एवं अन्य तकनीकी, आर्थिक, वाणिज्यिक, व्यवस्थापन संबंधी एवं वित्तीय पहलुओं पर सावधानीपूर्वक निगरानी करता है.

वैश्विक मंदी ने विश्व अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों को प्रभावित किया है और इससे आस्तियों की गुणवत्ता पर दबाब पड़ा है. इस प्रतिक्रिया से, आपके बैंक ने आस्तियों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए निगरानी तरीको में और वृद्धि की है. इससे दबाबग्रस्त खातों की समय पर पहचान और वसूलियों के लिए सभी संभव कदम उठाए गए हैं. इसके अतिरिक्त, पुनर्संरचित खातों पर कडी नजर रखी गई ताकि ये एनपीए श्रेणियों में न चले जाएं.

तथापि, बाहरी परिवेश ने आस्तियों की गुणवत्ता पर प्रभाव डाला है और कुल अग्रिम का सकल एनपीए मार्च 2012 को 0.68% से बढ़कर मार्च 2013 में 1.37% हो गया.

अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति

वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान आपके बैंक की अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति अपनी 100 शाखाओं / कार्यालयों के माध्यम से 24 देशों में निम्नानुसार है.

बैंक की ओवरसीज शाखाएं / कार्यालय	60
बैंक के प्रतिनिधि कार्यालय	1
बैंक की विदेशी अनुषंगियों की शाखाएं	39
कुल	100

बैंक के निम्नलिखित संयुक्त उपक्रम हैं :

1. इंडो जाम्बिया बैंक लि., जाम्बियां - -20- शाखाएं
2. इण्डिया इंटरनेशन बैंक (मलेशिया) बीएचडी, मलेशिया - -1- शाखा

विदेशी विस्तार

वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान आपके बैंक ने 12 नई शाखाएं / कार्यालय (अनुषंगियों को शामिल करते हुए) खोले हैं. इसमें बैंक की सिडनी, आस्ट्रेलिया; डीआईएफसी, दुबई, सोहर, ओमान; रोज़ बेली, मॉरिशिस और डीएमसीसी, दुबई में स्थित इलैक्ट्रानिक बैंकिंग सर्विस यूनिट (ईबीएसयू) शाखाएं शामिल हैं.

अनुषंगियों की शाखाएं न्यूजीलैंड में वेलिंगटन और मनुकुआ; यूगांडा कम्पाला में एंतेब्बे, काबले और इंडस्ट्रीयल एरिया; घाना में टेमा और बोत्सवाना में गेबोरोन वेस्ट खोली गईं.

यूंगाडा में बैंक की अनुषंगी - बैंक ऑफ बडौदा (यूगांडा) लि. की नई शाखा इंडस्ट्रीयल एरिया, कम्पाला का शुभारंभ.

इसके अतिरिक्त, इस वर्ष के दौरान मलेशिया में संयुक्त उपक्रम बैंक - "इण्डिया इंटरनेशनल बैंक (मलेशिया) बीएचडी का भी परिचालन शुरु हुआ है.

माननीय केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री श्री नमो नरायण मीणा दीप जलाकर मलेशिया में संयुक्त उद्यम बैंक - इंडिया इंटरनेशन बैंक (मलेशिया) बेरहाड का शुभारंभ करते हुए

भविष्य की योजनाएं

शाखा नेटवर्क को और फैलाने के उद्देश्य से आपके बैंक ने, उन देशों में जहां यह पहले से उपस्थित हैं, नए केन्द्रों की पहचान की है. इससे आपके बैंक का परिचालन मजबूत होगा और बाजार हिस्सेदारी में सुधार / सुरक्षा मिलेगी. आपके बैंक ने व्यवसाय की लाभप्रद वृद्धि हेतु अवसर प्रदान करने के लिए नए देशों में जाने की भी योजना बनाई है.

यूएई, यूगांडा, केन्या और बोत्सवाना में नेटवर्क विस्तार के लिए आपका बैंक आवश्यक मूलभूत संरचना तैयार कर रहा है. आपका बैंक यू.के. में दो अतिरिक्त शाखाएं खोलने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुमोदन की प्रतीक्षा कर रहा है.

भारत के पब्लिक सेक्टर बैंकों के ओवरसीज विस्तार के संबंध में वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी विभिन्न निर्देशों के अनुसार ही ओवरसीज विस्तार पर विचार किया जा रहा है.

सिंडीकेशन सेंटर

आपके बैंक का लंदन में ग्लोबल सिंडीकेशन सेंटर और दुबई एवं सिंगापुर में रीजनल सिंडीकेशन सेंटर स्थित हैं, जहां अंतर्राष्ट्रीय बाजार के सिंडीकेशन ऋणों के व्यवसाय पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है. आपके बैंक ने कार्पोरेट कार्यालय, मुम्बई में एक अंतरराष्ट्रीय मर्चेंट बैंकिंग कक्ष (आईएमबीसी) स्थापित किया है जो मुख्य रूप से भारतीय कार्पोरेट्स की आवश्यकताओं को पूरा करता है. आपका बैंक सिंडीकेशन लोन मार्केट एवं ऋण ओरीजिनेशन भागीदारी में भी सक्रिय रहा है.

उत्पाद एवं सेवाएं

आपके बैंक में अपनी सभी ओवरसीज शाखाओं और अनुषंगियों के लिए एक सिंगल कोर सोल्यूशन उपलब्ध है. यह नए उत्पादों और सेवाओं की जानकारी देने की सुविधा देता है तथा परिचालन वाले देश के ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरूप तबदीली / सुधार करने में भी सहायता करता है.

प्रतिस्पर्धात्मक दौर में बने रहने के लिए आपके बैंक में लगातार सुधार और नवीनता से प्रौद्योगिकी का भरपूर उपयोग किया जा रहा है. आपके बैंक के लक्षित ग्राहकों को इलैक्ट्रोनिक एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से आवश्यक जानकारी दी जा रही है.

ओवरसीज परिचालनों में प्रौद्योगिकी

- 31 मार्च 2013 को समाप्त अवधि में विदेशी कार्यालयों एवं अनुषंगियों में एटीएम की संख्या बढ़कर 89 हो गई है (54 ऑनसाइट एवं 35 ऑफसाइट) जो 31 मार्च, 2012 को 76 (45 ऑनसाइट एवं 31 ऑफसाइट) थी. इसके अतिरिक्त, तीन नए एटीएम भी स्थापित किए जाने की प्रकिया में हैं.

दुबई में इलैक्ट्रोनिक बैंकिंग सर्विस यूनिट - मल्टी कमोडिटीज सेंटर का शुभारंभ

- बहुत से कार्यालय / अनुषंगियां चिप आधारित डेबिट कार्ड को अपना रही हैं.
- 12 विदेशी कार्यालयों एवं अनुषंगियों अर्थात यूएई, यूनाइटेड किंगडम, ओमान, मॉरेशिस, फिजी, सेसल्स, आस्ट्रेलिया, केन्या, यूगांडा, बोत्सवाना, न्यूजीलैंड और घाना में "बडौदा कनेक्ट" के रूप में ब्रांडेड, लेनदेन आधारित इंटरनेट बैंकिंग, क्रियान्वित की गई है. इसके अलाबा, तंजीनिया में "व्यू-बेस्ड इंटरनेट बैंकिंग" शुरू की गई है.
- यूएस, यूके, यूएई, बहामास, बहरीन, हांगकांग, सिंगापुर एवं बेल्जियम में ग्लोबल ट्रेजरी सोल्यूशन क्रियान्वित किया जा चुका है.
- केन्द्रीकृत स्विफ्ट गतिविधि का क्रियान्वयन पूरा किया जा चुका है और आपके बैंक के डाटा सेंटर से परिचालित की जा रही है. यूएस के अलावा सभी क्षेत्र / अनुषंगियां उनके स्विफ्ट परिचालन स्विफ्ट कक्ष, डाटा सेंटर के माध्यम से कर रही है.
- भुगतान संदेश पद्धति, कोर बैंकिंग सोल्यूशन (फिनाकल) एवं स्विफ्ट के मध्य की कड़ी है जो आने वाले एवं जाने वाले स्विफ्ट संदेशों को एंटी मनी लांड्रिग जांच के साथ सीधे प्रोसेसिंग में मदद करती है. इसे यूएस के अलावा सभी क्षेत्रों/ अनुषंगियों में कार्यान्वित किया गया है.
- एन्टी मनी लांड्रिंग इरैज (बैच मोड) को 21 टेरीटरीज / अनुषंगियों में कार्यान्वित किया गया है.
- एन्टी मनी लांड्रिंग ऑनलाइन लिस्ट मैचिंग सोल्यूशन को यूएस के अलावा 21 टेरीटरीज / अनुषंगियों में कार्यान्वित किया गया है.

विदेशी परिचालनों में जोखिम प्रबंधन

31 मार्च, 2008 से आपके बैंक के सभी विदेशी कार्यालयों पर बासेल II दिशानिर्देशों को कार्यान्वित किया गया था और आपके बैंक ने ऋण जोखिम हेतु मानकीकृत दृष्टिकोण, बाजार जोखिम हेतु मानकीकृत आवधिक पद्धति एवं परिचालनगत जोखिम हेतु बेसिक इंडिकेटर पद्धति को अपना लिया है.

आपके बैंक ने ऋण, बाजार एवं परिचालनगत जोखिम के प्रभावी व्यवहार हेतु विदेशी केन्द्रों पर एक पृथक जोखिम प्रबंधन विभाग स्थापित किया है और ऐसे केन्द्रों पर विशेष जोखिम प्रबंधकों को पदस्थ किया है. जोखिम प्रबंधन पद्धति और उसके कार्यान्वयन को सशक्त करने में इसके परिणाम मिले हैं.

विदेशी केन्द्रों पर आंतरिक क्रेडिट रेटिंग हेतु कार्यान्वित किया गए बॉब रैम मॉडल ने अग्रिम खातों एवं उनके मूल्यांकन संबंधी विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के साथ क्रेडिट मॉनिटरिंग प्रक्रिया को और सशक्त किया है.

आपके बैंक के सभी विदेशी केन्द्रों पर आस्ति वर्गीकरण एवं ऋण मॉ निटरिंग हेतु एक एस्क्राम मॉडल कार्यान्वित किया गया है.

विदेशी परिचालनों में विनियामक अनुपालन

आपका बैंक संबंधित देश के विनियामक मानदंडों का सख्ती से पालन करता है और हमेशा से एक नियम-पालक बैंक के रूप में रहा है. सभी विनियामक दिशानिर्देशों / परिवर्तनों / मामलों को उच्च प्राथमिकता से साथ मानता है.

अनुपालना मामलों को संभालने के लिए आपके बैंक ने विदेशी केन्द्रों पर समर्पित अधिकारियों को पदस्थ किया है जिनकी कुशलता में प्रशिक्षण एवं अन्य तरीकों से लगातार वृद्धि की जाती है. अनुपालना को केवल विनियामक आवश्यकता के रूप में ही नही देखा जाता बल्कि बैंक एवं अन्य शेयरधारकों के हित और प्रतिष्ठा की सुरक्षा के रूप में लिया जाता है.

सभी विदेशी कार्यालयों / अनुषंगियों के लिए उनकी संबंधित विनियामक आवश्यकताओं के अनुसार बैंकिंग के विभिन्न क्षेत्रों में नीति / नियम बने हैं. विनियामक दिशानिर्देशों एवं आवश्यकताओं के साथ अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए इनकी समय-समय पर समीक्षा की जाती है.

ट्रेजरी परिचालन

आपके बैंक में बडौदा सन टॉवर कार्पोरेट कार्यालय, मुंबई में अति आधुनिक डीलिंग रूम कार्यरत है. इस डीलिंग रूम के माध्यम से आपका बैंक ट्रेजरी परिचालन को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार है. ट्रेजरी डिवीजन घरेलू परिचालन का कार्य संचालित करता है तथा विभिन्न मार्केट कार्यकलापों जैसे विदेशी मुद्रा, ब्याज दरें, सावधि आय, डेरीवेटिव्स, इक्विटी और अन्य वैकल्पिक आस्ति श्रेणियों का कार्य देखना है. आपका बैंक अपने ग्राहकों को कई वित्तीय सेवाएं प्रदान करने के लिए अति आधुनिक प्रौद्योगिकी प्लेटफार्म का उपयोग करता है. इन सेवाओं में ब्याज दर स्वैप, मुद्रा स्वैप, वायदा एवं आप्शन शामिल हैं.

आपके बैंक ने अति आधुनिक स्वचालित डीलिंग प्रणाली स्थापित की है जिससे रियल टाइम आटो जनरेटेड विदेशी मुद्रा दरें पूरे देश में फैली प्राधिकृत शाखाओं के माध्यम से अपने ग्राहकों को उपलब्ध कराई जाती हैं. ग्राहकोन्मुखी कदम के रूप में वित्त वर्ष 2013 के दौरान ग्राहक सेवा में बॉब प्राधिकृत डीलिंग प्रणाली को बेहतर बनाने एवं लेनदेनों की तेजी से प्रोसेसिंग करने तथा देरी एवं ब्रेकडाउन को रोकने के लिए पुराने सर्वरों को उच्च क्षमता सर्वरों से परिवर्तित कर संवर्धन किया गया.

बिजनेस प्रोसेस रि-इंजीनियरिंग के तहत आपके बैंक ने ग्लोबल ट्रेजरी सोल्यूशन को सभी बडे वित्तीय केन्द्रों पर सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है. ग्लोबल ट्रेजरी प्लेटफार्म सरलता से 9 केन्द्रों विशेष रूप से मुंबई, लन्दन, बहामास, ब्रुशेल्स, दुबई, बहरीन, सिंगापुर, हांगकांग और न्यूयार्क में कार्य कर रहा है. ट्रेजरी सोल्यूशन का 10वां कार्यान्वयन डीआईएफसी दुबई, जो सूची में एक ऑफसोर बैंकिंग यूनिट है, में हो रहा है.

वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान वृद्धि में बढोतरी एवं कड़ी मुद्रास्फीति का नियंत्रण प्रमुख मौद्रिक नीति की चुनौतियां थीं. गत वर्ष के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर और रिवर्स रेपो दर को 100 बीपीएस तक कम किया और सीआरआर में 75 बीपीएस की कटौती कर चलनिधि को प्रभावित किया. भारतीय रिजर्व बैंक ने प्रणाली में चलनिधि को प्रभावित करने के लिए रू. 1,27,180 करोड को विस्तारित करने के लिए खुले बाजार परिचालन संचालित किए. उच्च घोषित ऋण कार्यक्रम एवं उच्च मुद्रास्फीति ने नवम्बर, 2012 तक गिल्ट मुनाफे पर दबाब डाला. इससे तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक नीति दरों में परिवर्तनों के विराम के कारण वित्तीय वर्ष 2013 में जुलाई से दिसम्बर के दौरान 10 वर्ष का बैंचमार्क गिल्ट 8.05%-8.25% की श्रेणी में रहा. तथापि, भारतीय रिजर्व द्वारा दिसम्बर 2012 में खुला बाजार परिचालन के पुनर्ग्रहण एवं जनवरी, 2013 में नीति

दरों की कमी के बाद, 10 वर्ष गिल्ट निम्नतम 7.80% पर पहुंचा जबकि वर्ष के अंत में 7.95% रहा.

कमजोर आर्थिक वृद्धि की पृष्टभूमि और सरकार द्वारा राजकोषीय घाटे को नियंत्रित करने के लिए सुधार के लिए उठाए गए कदम एवं उपायों के प्रति आपके बैंक की ट्रेजरी जमा प्रतिभूतियों ने उच्च लाभ दिया है और इसके निर्धारित आय संविभाग के लिए मितव्ययी अवधि को बनाए रखा है.

वर्ष की अंतिम तिमाही में रेट कटिंग चक्र पुनः आरंभ होने पर यह कार्यनीति बैंक के निवेश में अच्छी औसत आय बनाए रखने और निवेशों की बिक्री से भी अच्छी आय सुनिश्चित करने में सहायक रही. घरेलू एसएलआर निवेश पर औसत आय 7.76% रही. वित्त वर्ष 13 में ट्रेजरी ने ₹ 7,450 करोड़ की आय, ब्याज/बट्टे में अर्जित की. जबकि निवेश की बिक्री और विदेशी मुद्रा से लाभ क्रमशः ₹ 617 करोड़ तथा ₹ 803 करोड़ रहा.

आपके बैंक की ट्रेजरी अपने वर्तमान उत्पादों, जैसे-ब्याज दर स्वैप (आईआरएस), करेंसी स्वैप (सीआईआरएस), फारवर्ड एवं ऑप्शन के आधार पर ब्याज दरें और विदेशी मुद्रा जोखिमों को कम करने के लिए अपने ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरूप समाधान प्रदान करता है. वर्ष के दौरान, आपके बैंक की ट्रेजरी ने विभिन्न आस्ति वर्गों में उपलब्ध आर्बिट्रेज अवसरों में सक्रियता से भाग लिया जिसमें मुद्रा बाजार सीबीएलओ, कॉल, मार्केट रेपो, सरकारी प्रतिभूतियाँ तथा फोरेक्स मार्केट शामिल हैं. ट्रेजरी ने बाजार के उतार चढ़ाव का फायदा उठाया तथा ओवर नाइट इंडेक्स्ड स्वैप का उपयोग हेजिंग, और ट्रेडिंग अवसरों के लिए किया.

वित्त वर्ष 2013 की दूसरी छमाही में, विदेशी संस्थागत निवेशों की आवक, सरकार द्वारा घोषित सुधार संबंधी पहलें और अमेरिकी अर्थव्यवस्था में मूलभूत सुधार के कारण इक्विटी मार्केट के सेंटिमेंट में सुधार रहा. ट्रेजरी के इक्विटी अनुभाग ने अपने पोर्टफोलियो का सक्रिय उपयोग किया और नियमित अंतराल पर जब भी बाजार में अवसर मिला, मुनाफा कमाया.

वित्त वर्ष 2012 के लिए वित्त मंत्री के बजट भाषण की घोषणा के अनुरूप आपके बैंक ने, पिछले वर्ष, इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में दीर्घ कालीन डैब्ट फंड उपलब्ध कराने के लिए तुरंत पहल की और देश का पहला इनफ्रास्ट्रक्चर डैब्ट फ़ंड - मेसर्स इंडिया इंफ्राडैब्ट लिमिटेड का शुभारंभ किया.

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विदेशी मुद्रा अनुभागों में आपके बैंक की ट्रेजरी का विदेशी मुद्रा अनुभाग बाजार के बड़े भागीदारों में अपना स्थान बनाए रखा. प्रोप्राइटरी ट्रेडिंग अनुभाग, बाजार की अस्थिरता का उपयोग कर उपलब्ध आर्बिट्रेज को भुनाने में सक्रिय था और भारतीय बाजार को प्रभावित कर रही कठिन लिक्विडिटी स्थिति में संसाधनों का संग्रहण किया.

आपके बैंक की ट्रेजरी, निदेशक मण्डल द्वारा निर्धारित मिड ऑफिस बाजार एक्स्पोजर सीमा को वास्तविक समय के आधार पर मॉनिटर करता है. वैल्यू एट रिस्क (वीएआर) जोखिम प्रबंधन पैरामीटर सहित सभी पोर्टफोलियो पर बाजार जोखिम को नापने के लिए प्रयोग में लाया जाता है. इन उपायों को जोखिम नंबरों पर बैक टेस्टिंग के साथ समर्थित रखा जाता है और करेंसी पोर्टफोलियो तथा विभिन्न निवेशों की स्ट्रैस टेस्टिंग की जाती है.

कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर)

एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक होने के नाते आपके बैंक द्वारा राष्ट्रीय/राज्य के राहत कोषों हेतु तथा किसी भी व्यक्ति, ट्रस्ट, सोसाइटी, विविध प्रकार के लोगों को लाभ पहुँचने के लिए सामाजिक क्रियाकलापों से जुड़ी प्रतिष्ठित परोपकारी/सामाजिक संस्थाओं को दान दिये गए हैं.

विभिन्न क्रियाकलापों को प्रोत्साहित करने के लिए दान दिये जाते हैं. ये समाज कल्याण के उपाय के रूप में और गैर व्यावसायिक आधार पर वैयक्तिक ट्रस्ट, सामाजिक कार्य करने वाले संगठनों/संस्थाओं इत्यादि को दिये जाते हैं.

आपके बैंक ने विशेष रूप से निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए दान दिये हैं:

- शिक्षा विस्तार के लिए - दूरस्थ क्षेत्र के गावों में बालिकाओं और महिलाओं सहित
- प्रतिष्ठित महाविद्यालय/पब्लिक स्कूल और इसी प्रकार के अन्य संस्थाओं को
- परमार्थ एवं कमजोर वर्ग की सेवा से जुड़े प्रतिष्ठित अस्पतालों को
- युद्ध के दौरान शहीद सिपाहियों के परिवारों और अपंग हुए सिपाहियों को सहायतार्थ
- वृद्धाश्रम
- ऐतिहासिक जगहों, जैसे बागों, किलों और मंदिरों इत्यादि का संरक्षण
- वृक्षारोपण/पुनः-वृक्षारोपण, नदियों, झीलों, जंगलों, पक्षीविहारों इत्यादि सहित पर्यावरण की सुरक्षा, संरक्षण और स्वच्छता के प्रयासों को प्रोत्साहन देने के लिए
- शहरों में बगीचों को अंगीकृत करने के लिए जहां आपके बैंक के नाम का प्रचार हो सके.
- परिवार नियोजन संबंधी क्रियाकलापों के लिए
- पशुओं के प्रति क्रूरता की रोकथाम को बढ़ावा देने वाले उपायों और पशुओं तथा पक्षियों हेतु चिकित्सालय की स्थापना एवं उनको चलाने के लिए
- ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा, गोबर गैस प्लांट जैसे अक्षय वाले ऊर्जा के स्रोतों के संवर्द्धन एवं उपयोग को बढ़ाने के लिए
- बीमारियों/महामारियों के नियंत्रण हेतु टीकाकरण परियोजना
- अपंग व्यक्तियों जैसे अंधों, लँगड़ों, बहरों और गूंगों इत्यादि अथवा अन्य किसी अपंगता से ग्रस्त व्यक्तियों को सहायता उपलब्ध करने वाली संस्थाओं की सहायतार्थ
- प्रदूषण नियंत्रक साधनों को प्रोत्साहित करने के लिए
- सामाजिक और मानव मूल्यों से जुड़े.अन्य कोई मुद्दे/परियोजनाएं

सामाजिक न्याय एवं सशक्तीकरण संबंधी संसदीय स्थायी समिति का मुंबई में दौरा

वित्त वर्ष 2013 के दौरान, आपके बैंक ने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला कल्याण इत्यादि क्षेत्र के विभिन्न संगठनों को ₹ 699.74 लाख दान स्वरूप संवितरित किए. क्रिया-कलाप वार दान का संवितरण इस प्रकार से है:

क्रम संख्या	क्रियाकलाप	दानों की संख्या	राशि (₹ लाख)
1.	शिक्षा	4	24.00
2.	स्वास्थ्य	3	4.50
3.	महिला कल्याण	1	2.00
4.	समाज कल्याण क्रिया-कलाप	5	669.24
		13	699.74

उपरोक्त के अतिरिक्त, आपका बैंक बेरोजगार युवकों को, बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान के माध्यम से लाभदायक स्वरोजगार प्राप्त करने एवं उद्यमिता तथा कौशल विकास के लिए, जिससे उनका एवं उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हो, और इन स्थानों पर विभिन्न क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को विकास मिले, निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहा है. आपके बैंक के सभी अग्रणी जिलों में बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान स्थापित किए गए हैं. 31 मार्च 2013 को आपके बैंक की कुल ..... बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान हैं.

आपके बैंक ने बड़ौदा ग्रामीण परामर्श केंद्र भी स्थापित किए हैं जिसमें ज्ञान बांटने, समस्या समाधान और देश भर में ग्रामीण जनों को ऋण संबंधी सलाह दी जाती हैं. ग्रामीण जनों में विभिन्न वित्तीय और बैंकिंग सेवाओं के बारे में जागरूकता लाने और वित्तीय समावेशन की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए आपके बैंक ने वित्तीय साक्षरता और ऋण परामर्श केंद्र (ए. फएलसीसी) की स्थापना भी की हैं. 31 मार्च 2013 को आपके बैंक की कुल 45 एफ़एलसीसी हैं.

आस्ति गुणवत्ता प्रबंधन

दबावपूर्ण आर्थिक वातावरण के कारण आस्ति गुणवत्ता के दृष्टिकोण से वित्त वर्ष 2013 बैंकिंग उद्योग के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है. तथापि, आपके बैंक ने अपनी आस्ति गुणवत्ता को गंभीर ह्रास से बचाने के लिए सतत मानीटरिंग और एनपीए पोर्टफोलियो में वसूली जारी रखी. फिर भी, वित्त वर्ष 2013 के दौरान अति तनावपूर्ण आर्थिक गिरावट का आपके बैंक की आस्ति गुणवत्ता पर कुछ हद तक प्रभाव रहा.

वर्ष 2013 में भारतीय बैंकों ने सामान्य रूप से स्लिपेज की बड़ी घटनाएँ देखीं. ऐसा भारत तथा बाहरी वित्तीय बाजार में भारी उतार चढ़ाव की स्थिति तथा वर्ष 2013 में पूरे वर्ष उच्च मुद्रास्फीति तथा उच्च ब्याज दरों के कारण हुआ.

प्रतिकूल आर्थिक पैरामीटरों के परिदृश्य के बावजूद, आपके बैंक के प्रारम्भिक शेष की तुलना में वर्ष के दौरान नए स्लिपेज 2.29% रहे. उच्च स्लिपेज की पृष्ठभूमि में 31 मार्च 2013 को सकल अग्रिमों की तुलना में सकल एनपीए 2.40% रहें. फलस्वरूप मार्च 2013 के अंत तक शुद्ध अग्रिमों की तुलना में शुद्ध एनपीए का अनुपात बढ़कर 1.28% तक पहुँच गया.

वित्त वर्ष 2013 में आपके बैंक का ऋण हानि कवरेज अनुपात (तकनीकी रूप से बट्टे खाते में डाले गए सहित) 68.24% रहा जोकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकिंग उपक्रमों की तुलना में आपके बैंक से अपेक्षाकृत उच्च स्तर पर है.

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने शाखा, क्षेत्र, अंचल और कॉर्पोरेट स्तर पर वसूली एवं ऋण अनुप्रवर्तन के लिए ढांचे की रूपरेखा निर्धारित की. इसके अलावा प्रत्येक डीआरटी सेंटर में नोडल अधिकारियों को विविध मामलों की अनुवर्ती कार्यवाही के लिए लगाया गया जिससे कि डिक्री लेने में लगने वाले समय को कम से कम किया जा सके तथा वसूली को बढ़ाया जा सके. डीआरटी सूट दर्ज एनपीए खातों में वसूली के लिए, बैंक को प्रभारित आस्तियां अब ई-बोली के माध्यम से बेची जा रही है ताकि बैंक को प्रभारित आस्तियों का समुचित मूल्य मिल सके. इसके अतिरिक्त, और अधिक तेज गति से वसूली करने के लिए एआरसी को वसूली एजेंट के रूप में नियुक्त किया गया है और सरकारी परिसमापक से संपर्क साधने के लिए परामर्शक नियुक्त किए गए हैं.

आपके बैंक ने एनपीए खातों में वसूली की संभावनाओं का पता लगाने के लिए अनुवर्ती कार्यवाही प्रणाली पर ज़ोर देना जारी रखा. बड़ी राशि वाले एनपीए खातों; जैसे ₹ 25 लाख और उससे अधिक राशि के खातों की कॉर्पोरेट कार्यालय से सीधे अनुप्रवर्तन करने की प्रणाली से शाखाओं ने वकीलों, रिकवरी एजेन्टों के माध्यम से सघन कार्यवाही सुनिश्चित हुई. अतः वित्त वर्ष 2013 में एनपीए खातों में नकद वसूली ₹ 625.57 करोड़ रही. यह वर्ष 2012 की वसूली राशि ₹ 580.46 करोड़ की तुलना में अधिक है. अपग्रेडेशन वित्त वर्ष 2013 के दौरान वर्ष 2012 के ₹ 336 करोड़ की तुलना में ₹ 341 करोड़ रहा.

वित्त वर्ष 2013 के दौरान आपके बैंक ने गाँव/कस्बा स्तर पर वसूली कैंप लगाकर तथा लोक अदालतों के माध्यम से छोटे खातों की वसूली पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित किया. बैंक ने प्रोत्साहन पर आधारित "संकल्प - v" वसूली योजना चलायी, जिससे छोटे खातों में वसूली बढ़ाने का सभी स्टाफ सदस्यों का सार्थक प्रयास/सहयोग मिल सके. इस योजना के अंतर्गत ऐसे खातों जिनमें ₹ 15 लाख तक की राशि बकाया है, में वित्त वर्ष 2013 के दौरान ₹ 231 करोड़ की नकद वसूली की गई.

आपके बैंक के अग्रिम पोर्टफोलियो का आस्ति वर्गीकरण ब्रेकअप इस प्रकार है.

आस्ति वर्ग (सकल)	31 मार्च 2013	31 मार्च 2012
मानक	324828.74	286542.59
सकल एनपीए	7982.58	4464.75
कुल	332811.32	291007.34
सकल एनपीए में शामिल है :		
अवमानक	4981.15	2661.82
संदेहास्पद	2628.33	1318.71
हानिगत	373.10	484.22
कुल एनपीए	7982.58	4464.75

सूचना प्रौद्योगिकी

आपके बैंक ने घरेलू परिचालनों, विदेशी परिचालनों और अनुषंगी परिचालनों को ध्यान में रखते हुए एंड टू एंड बिजनेस एवं आईटी स्ट्रेटेजी प्रोजेक्ट हाथ में लिए हैं.

- आपके बैंक ने सर्वोत्तम टेक्नॉलजी इनफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर अति आधुनिक डाटा सेंटर चालू किया है. और यह अप टाइम इंस्टीटयूट टीयर 3 के मानदंडों को पूरा करता है. विभिन्न भूकंप खंडों को ध्यान में रखते हुए तथा प्रत्येक असफलता बिन्दु का गहन विश्लेषण कर डिजास्टर रिकवरी साइट तैयार की गई है जिससे कि ग्राहकों को निर्बाध बैंकिंग सेवाएँ मिलती रहें. वर्ष के दौरान बैंक के डाटा सेंटर का अपने भवन में न्यू डाटा सेंटर के रूप में सफल माइग्रेशन होने के बाद आपके बैंक ने डिजास्टर रिकवरी सेंटर का विस्तार किया जिससे कि कारोबार विकास और टेक्नॉलजी विस्तार का लाभ मिल सके.

- आपके बैंक ने कई अन्य टेक्नॉलजी इनीसीएटिव, जैसे विंडो सर्वर वर्चुअलाइजेसन, डेस्कटॉप वर्चुअलाइजेसन तथा बैक ड्रॉप कंसालीडेसन शुरू किए हैं. इन्हें पर्यावरण उन्मुखी कदम के रूप में उठाया गया है और इनसे डाटा सेंटर की कार्यकुशलता में वृद्धि होगी. एप्लिकेशन वर्चुअलाइजेसन, बैंडविड्थ अपग्रेडेसन, एएसएम एवं आरएसी लागू करना, बैंक के विस्तृत नेट वर्क को अपटाइम और डिमांड अपग्रेड के अनुसार नई टेक्नालजी आधारित एमपीएलएस में सफलतापूर्वक माइग्रेसन किए गए हैं. बैंक के बढ़ते हुए आईटी इनफ्रास्ट्रक्चर की मॉनिटरिंग करने तथा इसके प्रभावी प्रबंधन के लिए एंटरप्राइज़ मैनेजमेंट सिस्टम को अपग्रेड किया गया और नए मॉडयूल स्थापित किए गए.

- आपके बैंक ने सभी 23 विदेशी केन्द्रों में कोर बैंकिंग इनफ्रास्ट्रक्चर को पीए-रिस्क से इंटेनियम सर्वर में अपग्रेड कर दिया है ताकि अतिरिक्त व्यवसाय के समर्थन प्राप्त हो सके. वर्ष के दौरान विभिन्न नई नियामक पहलें, जैसे यूआईडी संख्या की लिंकिंग, अकाउंट नंबर पोर्टिविलिटी, केवाईसी संबंधी सूचनाओं का संकलन, खाता खोलने की सरल प्रक्रिया, कोर बैंकिंग प्रणाली में गाँव का कोड जोड़ना, आधार भुगतान अनुपूरक प्रणाली (एपीबीएसई) लागू करना, आरएलएफ और एसएमई में केंद्रीयकृत ऋण प्रोसेसिंग, शाखाओं में सीबीएस लॉगिन के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, एनपीएस लाइट (आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के लोगों को उनकी वृद्धावस्था में सुरक्षित भविष्य के लिए आर्थिक सुरक्षा की योजना) लागू करना, नरेगा के भुगतान की स्वचालित प्रक्रिया, एनपीएस और एमजीपीएसवाईएस लाभार्थी इत्यादि जोड़े गए हैं. ऑस्ट्रेलिया की सिडनी शाखा में कोर बैंकिंग सोल्यूशन लागू किया गया हैं. सुदृढ़ तकनीकी प्लैटफ़ार्म ने आपके बैंक को वर्ष के दौरान 100 वीं अंतर्राष्ट्रीय शाखा खोलने हेतु सक्षम बनाया है. आपके बैंक के सभी क्षे. ग्रा. बैंक भी सीबीएस प्लैटफ़ार्म आधारित हैं और जैसा कि भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया है, आपके बैंक नें सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और पंजाब नेशनल बैंक के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको की 350 शाखाओं को अपने एक क्षे. ग्रा. बैंक में सफलतापूर्वक माइग्रेट कर लिया है.

वैकल्पिक डिलीवरी चैनल

- **इंटरनेट बैंकिंग अर्थात बड़ौदा कनैक्ट**

  अनुभव को बेहतर बनाने और प्रयोक्तानुकूल बनाने के लिए आपके बैंक में इंटरनेट बैंकिंग अर्थात बड़ौदा कनैक्ट (रिटेल पोर्टल) को पूरी तरह से नया कर दिया गया है. आपका बैंक अपने इंटरनेट बैंकिंग चैनलों में लगातार और अधिक सुविधाएं जोड़ रहा है. बढ़ाई गई अन्य सुविधाओं, जैसे विभिन्न राज्यों का आयकर भुगतान, पश्चिम बंगाल की सरकारी कर प्राप्ति (जीआरआईपीएस) का एकीकरण, ऋण खातों में जमा, बिल का भुगतान, प्रधानमंत्री राहत कोष में ऑनलाइन दान, ई-बैंकिंग के माध्यम से इंडिया फ़र्स्ट लाइफ इन्श्योरेंस के प्रीमियम का भुगतान, ई-बैंकिंग के द्वारा आईएमपीएस (त्वरित भुगतान सेवाएँ) इस वर्ष जोड़े गई हैं. आपके बैंक की इंटरनेट बैंकिंग सुविधा सभी स्मार्ट फोन/टैबलेट पर उपलब्ध है और ग्राहक को कहीं भी बैंकिंग की आरामदायक सुविधा मिलती है. इस वर्ष के दौरान सभी 13 विदेशी केन्द्रों अर्थात तंज़ानिया, यूगांडा, केन्या, मॉरीशस, सेशेल्स, बोत्सवाना, न्यूज़ीलैंड, यूएई, फिजी में इंटरनेट बैंकिंग चालू कर दी गई है और यूके, ओमान तथा घाना में लेनदेन आधारित एवं ऑस्ट्रेलिया में व्यू आधारित इंटरनेट बैंकिंग चालू की गई है. बैंक प्रायोजित सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में व्यू आधारित ई-बैंकिंग उपलब्ध कराई गई हैं. इंटरनेट बैंकिंग में विश्वास और सुरक्षा बढ़ाने के लिए आपके बैंक ने भारत और 5 विदेशी केन्द्रों अर्थात यूएई, यूके, न्यू जीलैंड, केन्या और यूगांडा में दोहरा प्राधिकार तथा फ्रॉड मैनेजमेंट सोल्यूशन बहाल कर उन्नत सुरक्षा व्यवस्था आरंभ की है और इसे एआरसीओटी ओटीपी, पीयूएलएल ओटीपी और एसएमएस ओटीपी सक्षम बनाया है.

  आपके बैंक ने लेनदेन आधारित ई-बैंकिंग लागू किए गए शेष 6 विदेशी केन्द्रों में भी फ्रॉड मैनेजमेंट सोल्यूशन बहाल करने का काम शुरू कर दिया है. आपके बैंक ने अमेरिकी क्षेत्र के लिए व्यू आधारित इंटरनेट बैंकिंग, ई-बैंकिंग के माध्यम से पीपीएफ़, यूएई के लिए इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से अंतर बैंक निधि अंतरण भी आरंभ किया गया. आपका बैंक द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में भी दोहरे प्राधिकार वाले लेनदेन आधारित इंटरनेट बैंकिंग सुविधा लागू करने पर विचार कर रहा है.

- **मोबाइल बैंकिंग - बड़ौदा एम- कनैक्ट**

आपके बैंक ने एक और वैकल्पिक डिलीवरी चैनल के रूप में ग्राहकों को विभिन्न सुविधा उपलब्ध कराने प्रयोजन से मोबाइल बैंकिंग में कई सुविधाएं जोड़ी है, जैसे - आईएमपीएस अर्थात इमिडियेट पेमेंट सर्विस व्यक्ति से खाता (पी2ए) निधि अंतरण, एनयूयूपी (नेशनल यूनिफ़ाइड यूएसएसडी प्लैटफ़ार्म) इत्यादि समर्थ कर ब्लैकबेरी, एण्ड्रोइड, विंडोज के अतिरिक्त सभी आई-फोन और आई-पैड पर मोबाइल बैंकिंग अनुप्रयोग सक्षम बनाना.

आपका बैंक आईएमपीएस के अंतर्गत पी2एम (पर्सन टू मर्चेंट) निधि अंतरण लागू करने के लिए भी प्रक्रियागत है और इंडिया फ़र्स्ट लाइफ इन्स्योरेंस के रूप में अपना पहला मर्चेन्ट अधिगृहीत किया है. यूगांडा और यूएई इत्यादि में मोबाइल बैंकिंग लागू करने तथा विंडोज 8 के लिए मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन को समर्थ बनाने के लिए आपका बैंक प्रक्रियागत है. इसने अपने प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में भी मोबाइल बैंकिंग लागू करना शुरू कर दिया है.

- **एटीएम**

  आपके बैंक के बेहतर निष्पादन, त्वरित एटीएम लेनदेन एवं आसान एटीएम प्रसार इस वर्ष हार्डवेयर अपग्रेडेशन के साथ आपके बैंक के एटीएम स्विच को जैसी कई उन्नत विशेषताओं के साथ उच्चतर वर्जन में अपग्रेड किया गया. भारत, यूएई, ओमान, मॉरीशस, फ़िजी, तं. जानिया, बोत्सवाना, त्रिनिदाद एवं टोबेगो तथा न्यूज़ीलैंड में एटीएम स्विच अपग्रेड किए गए. वर्ष के दौरान ग्राहक केन्द्रित कई पहलें जैसे रुपे एटीएम कार्ड, रुपे पीओएस और रुपे केसीसी कार्ड, ब्राउन लेबल एटीएम, इंडिया फ़र्स्ट लाइफ इन्स्योरेंस पॉलिसी धारकों के लिए एटीएम द्वारा बीमा प्रीमियम का भुगतान, एटीएम अंतरण रसीद का हिन्दी में मुद्रण, गुजराती, मराठी और तमिल भाषा में से क्षेत्रीय भाषा स्क्रीन का चुनाव, दृष्टिहीन व्यक्तियों के लिए बोलने वाला एटीएम, भारत में एटीएम/पीओएस में फ्रॉड मैनेजमेंट सोल्यूशन लागू किए गए. आपके बैंक ने अपने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में भी रुपे एटीएम और रुपे केसीसी कार्ड सफलतापूर्वक लागू किया है.

  आपके बैंक ने कुछ और ग्राहक केन्द्रित पहलें की हैं, जैसे एटीएम के द्वारा तुरंत भुगतान सेवा (आईएमपीएस), एटीएम स्क्रीन में क्षेत्रीय भाषाओं (मलयालम, तेलुगू, कन्नड़, बंगाली के लिए) का चयन, एटीएम द्वारा चेक बुक का अनुरोध, एटीएम द्वारा एनईएफ़टी, रुपे ई- कॉमर्स, लेनदेन नहीं होने वाले कार्ड के लिए मल्टी-फैक्टर प्रमाणीकरण, यूएई में वीजा डेबिट कार्ड, फ़िजी के लिए बीएसपी (बैंक साउथ पैसिफिक) इंटरचेंज, एटीएम के माध्यम से प्री-पैड कार्ड का भुगतान, भारत, ओमान और मॉरीशस में चिप आधारित कार्ड लागू करना, कार्ड से कार्ड में निधि अंतरण, एटीएमों के माध्यम से बिलों का भुगतान इत्यादि.

भुगतान तंत्र

- आपके बैंक की सभी शाखाओं (जो सीबीएस समर्थित हैं) में आरटीजीएस और एनईएफ़टी के माध्यम से अंतर बैंक धनप्रेषण होता है. आपके बैंक के इंटरनेट बैंकिंग पोर्टल में भी आरटीजीएस और एनईएफ़टी शुरू कर दी गई है. बैंक और क्षे.ग्रा. बैंक दोनों में ही स्ट्रेट थ्रू प्रोसेसिंग (एसटीपी) के माध्यम से एनईएफ़टी तथा आरटीजीएस लागू किया गया है. यूगांडा में भी आरटीजीएस और एनईएफ़टी लागू कर दिया गया है.
- व्यापारियों और इंटरनेट के माध्यम से खरीदारी करने वालों द्वारा सुरक्षित और संरक्षित ऑनलाइन खरीददारी के लिए डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड संबंधी इंटरनेट पेमेंट गेटवे बड़ी संख्या में प्रदान किए जा रहे हैं.
- आपके बैंक के ग्राहकों को नकदी प्रबंधन प्रणाली, वेब आधारित संपूर्ण नकदी प्रबंधन का साधन उपलब्ध कराती है जिसमें प्राप्ति प्रबंधन (संग्रहण), भुगतान प्रबंधन और इन्वाइस प्रबंधन (प्राप्य और देय प्रबंधन) शामिल हैं.
- आपके बैंक के क्रेडिट कार्ड परिचालन के लिए नई विस्तृत प्रबंधन एवं सहायता के लिए क्रेडिट कार्ड प्रबंधन प्रणाली लागू की गई है.
- भारत में विदेशी मुद्रा कारोबार के लिए अधिकृत सभी शाखाओं और इस वर्ष यूके और ऑस्ट्रेलिया को इसमे शामिल करने के साथ साथ अब 22 विदेशी केन्द्रों सहित विश्वभर में अंतर बैंक वित्तीय सम्प्रेषण के लिए स्विफ्ट सुविधा उपलब्ध है.
- भारत में सभी अधिकृत शाखाओं तथा इस वर्ष यूके और ऑस्ट्रेलिया को इसमे शामिल करने के साथ साथ 22 विदेशों केन्द्रों में पेमेंट मैसेजिंग सोल्युशन लागू किया गया हैं. पीएसएस के माध्यम से सीबीएस द्वारा स्विफ्ट मानकों के अनुरूप तैयार स्विफ्ट संदेशों की वैधता एवं फॉर्मेटिंग की सुविधा प्राप्त होती है और यह एएमएल जांच से भी गुजरता है.
- समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, दिल्ली के अतिरिक्त दक्षिणी राज्यों, कोलकाता, लुधियाना और चंडीगढ़ के सभी माइकर केन्द्रों में ग्रिड आधारित चेक ट्रांकेशन सिस्टम (सीटीएस) लागू किया गया हैं. आपका बैंक मुंबई और महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश पश्चिमी के ग्रिड में भी सीटीएस लागू करने के लिए प्रक्रियागत है.
- मुंबई में ऑटोमेटेड चेक प्रोसेसिंग केंद्र (आवक एवं जावक) का शुभारंभ किया गया और प्रोजेक्ट नवनिर्माण के अंतर्गत बिजनेस प्रोसैस री-इंजीनियरिंग के भाग के रूप में इस वर्ष सूरत और अहमदाबाद को भी इसमें जोड़ा गया है.
- इस वर्ष विनियामक अनुपालन हेतु, भारत एवं बेल्जियम को जोड़कर 22 विदेशी केन्द्रों पर एंटी मनी लोंड्रिन्ग को कार्यान्वित किया गया है. आपके बैंक ने जोखिम प्रबंधन सोल्यूशन भी कार्यान्वित किया है. आपके बैंक ने अपनी सभी प्रायोजित क्षे. ग्रा. बैंक में फेज 1 के अंतर्गत एंटी मनी लोंड्रिन्ग कार्यान्वित किया है और एंटी मनी लोंड्रिन्ग फेज 2 प्रक्रियागत है.

अन्य पहलें

- आपके बैंक ने ग्राहक को बेहतर सेवाएँ उपलब्ध करने के उद्देश्य से नई पहल के रूप में ग्राहक संबंध प्रबंधन कार्यान्वित किया है. जिसमें ग्राहकों की संतुष्टि और निष्ठा को बेहतर बनाने के लिए उन्हें संपर्क

केन्द्रों पर फोन द्वारा सुविधाएं दी जाती हैं. मौजूदा ग्राहक/संभावित ग्राहक टोल फ्री नंबर (1800223344 एवं 18001024455) पर संपर्क कर सकते हैं जहां निम्नलिखित सुविधाएं उपलब्ध हैं:

- चेक बुक जारी करना
- उत्पाद एवं सेवाओं के बारें में जानकारी
- खाता संबंधी पूछताछ - शेष, अंतरण, क्लियरिंग की राशि इत्यादि
- एटीएम कार्ड की हॉट-लिस्टिंग
- भुगतान रोकना - मार्किंग/अन - मार्किंग
- डेबिट कार्ड जारी करने हेतु अनुरोध
- डेबिट कार्ड पिन पुनः जारी करने हेतु अनुरोध
- ई-बैंकिंग उपयोगकर्ताओं की सहायता
- मोबाइल बैंकिंग पासवर्ड पुनः जारी करना
- टी-पिन जारी करने की ऑनलाइन (कागज रहित) सुविधा

आपके बैंक के उत्पादों और सेवाओं के बारे में मौजूदा ग्राहक/प्रत्याशित ग्राहकों को अन्य जानकारी भी उपलब्ध कराई जाती है. सीआरएम एप्लिकेशन को बिक्री कार्यालयों जैसे रिटेल लोन फैक्ट्री (आरएलएफ़) और सिटी सेल्स ऑफिस (सीएसओ) से भी जोड़ा गया है. जिसमें ग्राहकों द्वारा संपर्क केन्द्रों में उत्पाद संबंधी की गई पूछताछ के आधार पर लीड तैयार किया जाता है और इसे इन कार्यालयों में अगली कार्यवाही हेतु भेजा जाता है.

आपके बैंक ने संपर्क केन्द्रों के माध्यम से वसूली की प्रक्रिया भी पूरी कर ली है जिसमें ग्राहकों को उनकी ईएमआई और देय राशि के बारे में सूचित किया जाता है. इससे ग्राहकों को देय तिथि पर ईएमआई/देय राशि जमा करने में सुविधा होती है.

- आपके बैंक के खुदरा और कॉर्पोरेट ग्राहकों को रिटेल डिपॉज़िटरी सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं. एनएसडीएल और सीएसडीएल दोनों ही के लिए डिपॉज़िटरी सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए शाखाओं को केंद्रीयकृत डिपॉज़िटरी एप्लिकेशन से सज्जित किया गया है. ऑनलाइन ट्रेडिंग प्रणाली द्वारा आपका बैंक अपने ग्राहकों को ऑनलाइन सेवाओं का एक सम्पूर्ण सेट उपलब्ध करा रहा है जिससे ग्राहक इक्विटी, म्यूचुअल फ़ंड, बॉण्ड्स और प्रारंभिक पब्लिक ऑफर (आईपीओ) जैसे इन्स्ट्रूमेंट की ट्रेडिंग करते हैं.
- आपके बैंक की सेवाओं की सुपुर्दगी को बेहतर बनाने के लिए सिटी बैंक ऑफिस और रीजनल बैंक ऑफिस में बैंक ऑफिस फंक्शन को केंद्रीयकृत किया गया है. आपके बैंक में अब कुल 70 सिटी बैंक ऑफिस और 10 रीजनल बैंक ऑफिस है. व्यक्तिगत आधार पर चेक बुक जारी किया जाना भी केंद्रीकृत किया गया है. आपके बैंक ने केंद्रीकृत एफ़सीएनआर परिचालन का भी शुभारंभ किया है.
- परिचालन लागत कम करने एवं बेहतर निधि प्रबंधन हेतु यूके यूएई, बहामास, बहरीन, हॉंगकांग, सिंगापुर, बेल्जियम और भारत में एकीकृत ग्लोबल ट्रेजरी सोल्यूशन को कार्यान्वित किया गया है.
- उद्यम वार महाबही सोल्यूशन कार्यान्वित किया गया है. यह सुविधा आपके बैंक के कारोबार विकास में कार्यनीतिक निर्णय लेने में मददगार साबित होती है और उद्यमों की समेकित रिपोर्ट भी उपलब्ध कराती है.
- भारत में आपके बैंक के सभी कार्यालयों में केंद्रीयकृत पे-रोल, वेतन मॉडयूल, ई-टीडीएस मॉडयूल एवं अवकाश मॉडयूल कार्यान्वित किए गए हैं.
- आपके बैंक ने व्यावसायिक कार्यनीति की एक पहल के रूप में लचीली एवं कार्यनीतिक सूचनाओं का इंटरएक्टिव स्रोत प्रदान करने के लिए डाटा वेयर हाउस, ग्राहकों को बेहतर तरीके से समझने के लिए ग्राहक संबंध प्रबंधन एवं यूनिफ़ोर्म कस्टमर व्यू अक्रॉस चैनल प्रारम्भ किए हैं.
- आपके बैंक द्वारा कार्यनीति के एक भाग के रूप में आसानी से महत्वपूर्ण सूचना उपलब्ध कराने हेतु डेटावेअर हाऊस, ग्राहकों को समझने एवं सभी चैनलों पर समरूप ग्राहक दृष्टिकोण अपनाने के लिए ग्राहक संबंध प्रबंधन को अपनाया है.
- आपके बैंक ने मौजूदा एप्लिकेशन जैसे विनिमय, उन्नत विशेषताओं के साथ ई-बिजनेस सूट, समग्र ग्राहक संबंध प्रबंधन, एचआरएनईएस और उद्यमवार महाबही मॉडयूल को अपग्रेड किया है.
- वित्तीय समावेशन को सफल बनाने हेतु कारोबार प्रतिनिधि द्वारा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से खाता खोलने और लेनदेन हेतु, सूचना प्रौद्योगिकी सुविधाएं विकसित की गई है. वित्तीय समावेशन हेतु पायलट आधार पर गुजरात, उत्तर प्रदेश एवं बिहार में मोबाइल वाहन द्वारा बैंकिंग सेवा प्रारम्भ की गई है.
- आपके बैंक ने बेहतर और त्वरित ग्राहक सेवा के उद्देश्य से लोन प्रोसेसिंग (रिटेल, कृषि और एसएमई) मॉडयूल को पूर्ण रूप से स्वचालित कर दिया है. आपका बैंक आवास ऋण, ऑटो ऋण एवं शिक्षा ऋण के लिए सिंगल क्लिक ऑनलाइन ऋण आवेदन फीचर उपलब्ध करा रहा है.
- आपका बैंक मिड-कॉर्पोरेट और कॉर्पोरेट ग्राहकों के लोन प्रोसेसिंग को स्वचालित करने जा रहा है.

सूचना सुरक्षा

- प्रौद्योगिकी से संबधित खतरों के मद्देनजर समीक्षाधीन वर्ष के दौरान एक सुदृढ़ सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली स्थापित की गई है. बैंक ने अपने कोर बैंकिंग सोल्युशन तथा अन्य सभी एप्लिकेशनों, साथ ही डाटा सेंटर और डिजासटर रिकवरी सेंटर इनफ्रास्ट्रक्चर का बाहरी एजेंसी से ऑडिट कराया है.
- आपके बैंक ने उन्नत सूचना प्रौद्योगिकी सुरक्षा के लिए एक सुरक्षा परिचालन केंद्र (एसओसी) स्थापित किया है.
- आपके बैंक का डाटा सेंटर और डिजास्टर रिकवरी सेंटर दोनों ही आईएसओ 27001 द्वारा प्रमाणित है.
- इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम तथा पीओएस के लिए आपके बैंक ने फ्रॉड मैनेजमेंट सोल्यूशन कार्यान्वित किया है. इंटरनेट बैंकिंग में सुरक्षा

और विश्वास बढ़ाने के लिए आपके बैंक ने, दोहरा प्रमाणीकरण सहित फ्रॉड मैनेजमेंट सोल्यूशन भारत में तथा पाँच विदेशी केन्द्रों अर्थात यूएई, यूके, न्यूज़ीलैंड, केन्या और यूगांडा में आरंभ किया है और इसे एआरसीओटी ओटीपी, पीयूएलएल ओटीपी और एसएमएस ओटीपी समर्थ किया है.

- आपके बैंक ने सुरक्षा उपाय के रूप में, अपने सभी ग्राहकों द्वारा वैकल्पिक डेलीवरी चैनल के माध्यम से किए गए सभी अंतरण और ₹ 5000/- और उससे अधिक राशि के सभी सीबीएस लेनदेनों के लिए एसएमएस अलर्ट डिलीवरी सुविधा भी कार्यान्वित की है.
- आपके बैंक ने एक्सटर्नल फेशिंग एप्लिकेशन, ई-बैंकिंग लॉग मोनिट्रिंग इत्यादि के लिए नियमित वीएपीटी (संवेदनता मूल्यांकन एवं वेधन जांच) कराई है.
- आपके बैंक ने ग्राहकों के हितों की रक्षा के लिए शाखाओं में हो रहे संदिग्ध अंतरणों की दिन प्रतिदिन निगरानी के लिए फ्रॉड रिस्क मैनेजमेंट सिस्टम कार्यान्वित किया है.
- जबकि साइबर अटैक अब और अधिक अप्रत्याशित हो गये हैं और इलेक्ट्रोनिक अंतरण नए प्रकार के दुरुपयोगों के प्रति संवेदी हो सकते हैं, यह अत्यावश्यक हो गया है कि बैंक अब ऐसे खतरों से बचने के लिए तथा नुकसान को न्यूनतम /शून्य करने के लिए कुछ न्यूनतम जांच और संतुलन कायम करें. नुकसान को नयूनतम करने के लिए आपके बैंक ने निम्नलिखित अतिरिक्त सुरक्षा उपाय किए हैं और इसे शीघ्र ही आरंभ किया जाएगाः
  - सभी नए डेबिट और क्रेडिट कार्ड तब तक केवल देशी उपयोग के लिए जारी किए जाएंगे जब तक कि ग्राहक अंतर्राष्ट्रीय उपयोग हेतु विशेष रूप से मांग न करें.
  - मौजूदा मैगस्ट्रीप कार्ड को ईएमवी चिप कार्ड में परिवर्तित किया जाएगा.
  - पिन समर्थित पीओएस
  - कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग के लिए डिजिटल हस्ताक्षर द्वारा अतिरिक्त सुरक्षा समर्थ बनाना

प्रत्यक्ष लाभ अंतरण

- आपके बैंक ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) के अंतर्गत मजदूरी का भुगतान और आधार अनुपूरक सिस्टम (एपीबीएस) के अंतर्गत लाभार्थी को सीधे अंतरण के लिए कदम उठाए हैं.
- आपके बैंक ने मनरेगा अंतरण के लिए, राजस्थान के सांगानेर ब्लॉक में इस वर्ष एक पायलट प्रोजेक्ट आरंभ किया हैं और ₹ 86,54,676/- राशि के 9,593 अंतरण प्रोसैस किए हैं.
- आपके बैंक ने एपीबीएस के अंतर्गत, 1,31,735 आधारकार्डो को खातों से लिंक किया है और 6635 लाभार्थियों को ₹ 49,01,659/- का क्रेडिट प्रदान किया है.
- प्रत्यक्ष लाभार्थी अंतरण के अंतर्गत आपके बैंक ने केन्द्रीय प्रोजेक्ट योजना निगरानी प्रणाली (सीपीएसएमएस) के अंतर्गत के साथ एक और प्रोजेक्ट आरंभ किया है.

ई-बिजनेस

- आपके बैंक का ई-बिजनेस विभाग विभिन्न प्रकार के वैकल्पिक डिलिवरी चैनलों जैसे एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग (बड़ौदा कनैक्ट), मोबाइल बैंकिंग, आरटीजीएस/एनईएफटी, फोन बैंकिंग इंटरनेट पेमेंट गेटवे (आईपीजी), संपर्क केंद्र इत्यादि की सुविधाएं प्रदान करता है. इसके अतिरिक्त, आपके बैंक का ई-बैंकिंग विभाग डिपोजिटरी सेवाओं, नकदी प्रबंधन सेवाओं का कार्य भी देखता है.
- इस वर्ष आपके बैंक ने विभिन्न प्रकार के डेबिट कार्ड, जैसे माइस्ट्रो पिन डेबिट कार्ड और रुपे डेबिट कार्ड का शुभारंभ किया है. इसके अतिरिक्त, आपके बैंक ने नए प्रकार का प्री - पैड कार्ड अर्थात बड़ौदा ट्रैवल ईज़ी यूएस डॉलर ट्रैवल कार्ड का भी शुभारंभ किया है.
- जुलाई 2012 में आपके बैंक ने रिटेल ग्राहकों के लिए ऑनलाइन ट्रेडिंग की सुविधा का शुभारंभ किया है.
- वित्त वर्ष 2013 के दौरान ई-बिजनेस विभाग के विभिन्न अनुभागों का प्रदर्शन नीचे सारणीबद्ध हैः

विवरण	31/03/2012	31/03/2013	वर्ष के दौरान वृद्धि
परिचालित एटीएम की संख्या	2012	2630	618
जारी डेबिट कार्ड की संख्या (लाख)	80.44	103.76	23.32

वित्त वर्ष 2013 के दौरान नई पहलें तथा उपलब्धियां

क) माइस्ट्रो पिन डेबिट कार्ड : अप्रैल 2012 में शुभारंभ

ख) रुपे डेबिट कार्डः सितंबर 2012 में शुभारंभ

ग) ऑनसाइट एटीएम - सभी ऑनसाइट एटीएम में चेक ड्रॉप बॉक्स स्थापित करना

घ) दिनांक 5 दिसम्बर 2012 से नागरिक बचत खातों में डेबिट कार्ड जारी किया जाना

बड़ौदा कनैक्ट (इंटरनेट बैंकिंग)

विवरण	31/03/2012	31/03/2013	वर्ष के दौरान वृद्धि
प्रयोक्ताओं की संख्या	810430	1076635	266205
सम्बद्ध खातों की संख्या	3249216	4579969	1330753

वित्त वर्ष 2013 के दौरान नई पहलें

क) बड़ौदा कनैक्ट के माध्यम से ऋण खातों में क्रेडिट/अंतरण

ख) एनआरआई के लिए ऑनलाइन पीआईओ समर्थित/ एफ़डीआर

ग) इंडिया फ़र्स्ट इंश्योरेंस के प्रीमियम का ऑनलाइन भुगतान

बड़ौदा आरटीजीएस/एनईएफटी

विवरण	2011-12		2012-13	
	आरटीजीएस	एनईएफटी	आरटीजीएस	एनईएफटी
आवक संव्यवहारों की संख्या	16,62,070	61,37,139	21,83,550	1,31,42,497
जावक संव्यवहारों की संख्या	21,47,527	29,48,252	27,45,872	53,77,922
अंतिम माह अर्थात मार्च के दौरान प्रतिदिन औसतन (आवक) संव्यवहार प्रतिदिन	7,720	28,376	9,929	76,361
अंतिम माह अर्थात मार्च के दौरान प्रतिदिन औसतन (जावक) संव्यवहार प्रतिदिन	9,338	13,211	11,713	25,092

बड़ौदा नकदी प्रबंधन सेवाएं (बीसीएमएस)

- वित्त वर्ष, 2013 के दौरान बीसीएमएस में संव्यवहारों की कुल संख्या वित्त वर्ष, 2012 में 14.19 लाख की तुलना में 30.91 लाख रही, साथ ही कुल टर्नओवर वित्तीय वर्ष, 12 के रु.10,355 करोड़ की तुलना में रु.27,480.62 करोड़ रहा. वित्त वर्ष, 2013 के दौरान रु.97.27 लाख का लाभ अर्जित किया गया.
- ग्राहकों की कुल संख्या 31.03.2012 के 206 से बढ़कर 31.03.13 को 308 हो गई.
- इन सेवाओं को क्रमिक तौर पर 100 और केंद्रों पर विस्तारित किए जाने का प्रस्ताव है.

बड़ौदा ई-गेटवे (अंतर्राष्ट्रीय भुगतान गेटवे)

- 31 मार्च 2013 तक, कुल 148 मर्चेंटों का पंजीकरण किया गया जो कि 31 मार्च, 2012 तक 124 था. वित्त वर्ष, 13 के दौरान कुल टर्नओवर रु.50.85 करोड़ रहा. वित्त वर्ष, 2013 के दौरान इस कार्य से रु.65.68 लाख का लाभ अर्जित हुआ.

वित्त वर्ष, 2013 के दौरान की गई नई पहलें

- रिटेल ग्राहकों के लिए ऑनलाइन ट्रेडिंग की शुरुआत.
- बड़ौदा ट्रैवेल ईजी युएस डॉलर ट्रैवेल कार्ड का शुभारंभ किया गया.
- डेबिट कार्ड के असफल संव्यवहार की शिकायत संपर्क केंद्र के माध्यम से पंजीकृत करने की शुरुआत की गई.
- अप्रवासी भारतीयों (एनआरआई) के लिए संपर्क केंद्र की शुरुआत.

एनआरआई ग्राहकों के लिए बैंकिंग को और सुविधाजनक बनाने के लिए अंचल कार्यालय, लखनऊ में प्रथम कॉटेक्ट सेंटर का शुभारंभ

- संपर्क केंद्रो के लिए मानकीकृत जन शिकायत निवारण प्रणाली (ग्राहक शिकायतों के पंजीयन के लिए) की शुरुआत की गई.
- आपके बैंक के दो अंचलों मुख्यतः बृहद मुंबई अंचल और उत्तरी अंचल में अप्रैल, 2013 में रिटेल ऋण की वसूली (ईएमआई) ईसीएस के माध्यम से प्रायोगिक तौर पर शुरुआत की गई.
- आपका बैंक राष्ट्रीय स्वचालित समाशोधन गृह (ईसीएस क्रेडिट) के प्रायोगिक शुरुआत के लिए तैयार है.
- आपके बैंक में संपर्क केंद्र के माध्यम से शिकायतों के पंजीयन (एसपीजीआरएस पोर्टल) की शुरुआत की गई है.

वित्त वर्ष, 2014 के लिए प्रस्तावित पहलें /कार्यनीतियां

- 50 ई-लॉबीज की शुरुआत (एटीएम के साथ, बल्क नोट एक्सेप्टर, स्वयं सेवा पासबुक प्रिंटर कियोस्क, इंटरनेट बैंकिंग कियोस्क, चेक जमा मशीन और फोन बैंकिंग सुविधा).
- सभी बड़ौदा नेक्स्ट शाखाओं में स्वयं सेवा पासबुक प्रिंटर कियोस्क को लगाना.
- 50-100 बल्क नोट एक्सेप्टर लगाना.

एटीएम /डेबिट कार्ड

- कार्ड से कार्ड स्थानांतरण
- एटीएम बिल पे
- गैर-व्यक्तिगत डेबिट कार्ड
- बायोमेट्रिक एटीएम /डेबिट कार्ड
- एटीएम के माध्यम से नेफ्ट (एनईएफटी)
- टॉकिंग एटीएम
- एटीएम के माध्यम से चेक बुक के लिए अनुरोध.

बड़ौदा कनेक्ट (इंटरनेट बैंकिंग)

- सावधि जमा रसीद का ऑनलाइन परिपक्वता पूर्व भुगतान.
- बचत बैंक और आवर्ती जमा की ऑनलाइन सुविधा.
- क्युएनए की मदद से (पंजीकृत ग्राहकों के लिए) सुविधाजनक लॉग इन बिना वन-टाइम-पासवर्ड के प्रदान करना.
- "बड़ौदा कनेक्ट" के कार्पोरेट पोर्टल के पेजों को नया रुप देना.
- नेट बैंकिंग के माध्यम से आईएमपीएस का भुगतान.

बड़ौदा एम-कनेक्ट (मोबाइल बैंकिंग)

- मर्चेंट भुगतानों को लागू करना.
- फ्रॉड मैनेजमेंट सोल्युशन का कार्यान्वयन करना.

बड़ौदा प्री-पेड कार्ड

- बड़ौदा गिफ्ट कार्ड को ऑनलाइन जारी करना.
- पुनः भरे जाने योग्य कार्ड जारी करना

संपर्क केंद्र

- वसूली और बिक्री के लिए आउटबाउन्ड कॉल.
- वेब चैट
- एसएमएस/वॉयस/ई-मेल ब्लास्ट.
- विस्तारित आईवीआर (अर्थात लघु विवरणी, खाता विवरणी के लिए अनुरोध)

मानव संसाधन

लाभयोग्य और गुणात्क विकास के लिए मानव संसाधन का विकास आपके बैंक की समग्र कार्यनीति का एक संवेदनशील घटक है.

आज, आपके बैंक के पास सक्षम व अत्यधिक प्रेरित लगभग 43,108 कर्मचारियों का आधार है जिसने बैंक के व्यापक व्यवसायिक परिचालन को संभाल रखा है.

SPARSH
Human Touch For Business Excellence

आपके बैंक ने बैंक में संयुक्त एवं जिम्मेदार मानव संसाधन संस्कृति बनाने के लिए बहुत ही संतुलित कर्मचारी नीति अपनाई है जो विकास को बढ़ाने और आज के समय की विभिन्न चुनौतियों जैसे बड़ी संख्या में सेवानिवृत्ति, बड़ी संख्या में प्रतिभाओं की भर्ती, प्रशिक्षण की व्यापक आवश्यकता और उत्तराधिकार की समस्या व उत्पादकता का सामना कर सके. प्रोजेक्ट स्पर्श जैसी अनूठी एवं सम्पूर्ण उद्योग जगत में अदभुत मानव संसाधन रूपांतरण प्रोजेक्ट के माध्यम से एक व्यापक एचआर कार्यनीति और ढांचा बनाया गया है.

मानव संसाधन रुपांतरण की यह यात्रा अगस्त, 2011 में शुरु हुई और पिछले एक वर्ष में आपके बैंक ने अनेक महत्वपूर्ण एचआर पहलें शुरु की हैं. जो कि भविष्योन्मुख हैं और बैंक ऑफ़ बड़ौदा को उसके कर्मचारियों के लिए एक बेहतरीन जगह बनाने के लिए आरंभ की गई हैं. इसके लिए आपका बैंक श्रेष्ठ एचआर नीतियां व प्रक्रिया निर्मित करना चाहता है जिसके माध्यम से यह अन्य सभी बैंकों के लिए आदर्श बन सके, अपनी मानव पूंजी का अधिकतम लाभ उठा सके और कर्मचारी की उत्पादकता में अधिक सुधार ला सके.

प्रतिभा प्रबंधन व्यवस्था का गठनः बैंक में अगली श्रेणी के नेतृत्व को तैयार करना

आपके बैंक ने भविष्य की अगली पंक्ति के नेतृत्व विकास के लिए प्रतिभा प्रबंधन प्रणाली की स्थापना के द्वारा एक बड़ा कदम उठाया है जोकि भविष्य के लीडर्स की पहचान करता है ताकि अगले पांच वर्षों में नेतृत्व अंतराल से उठने वाले जोखिम को प्रभावी ढंग से कम किया जा सके और लीडर्स को एक व्यवस्थित विकास एजेण्डा के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा सके. व्यवस्थित व सुगठित प्रक्रिया के माध्यम से बैंक ने लगभग 15.0% से 20.0% लोगों को, जो विभिन्न स्केल के अधिकारी जैसे स्केल-III, IV,V और VI में है, भविष्य के लीडर के रुप में चयनित किया. उन में से प्रत्येक के लिये प्रशिक्षण योजना बनाई गई है. इस प्रोसेस को वार्षिक कार्य का रुप दिया गया है जिससे चयनित लोगों के पूल और विभिन्न प्रतिभा प्रबंधन गतिविधियों की लगातार समीक्षा की जा सके एवं परिष्कृत किया जा सके. अपनी तरह के पहले ठबड़ौदा वार्षिक लीडरशीप सम्मेलनठ की अवधारणा तैयार की गई जिससे प्रतिभा पूल के सदस्यों के बैंकिंग और उद्योग की प्रवृत्तियों के संबंध में दृष्टिकोण को व्यापक बनाया जा सके और उन्हें अपने सहयोगियों व बैंकों में वरिष्ठ नेतृत्व से जुड़ने में मदद किया जा सके. इस तरह का पहले सम्मेलन का आयोजन मुंबई में 11 - 12 अगस्त 2012 को हुआ

कार्पोरेट कार्यालय, मुंबई में 8 मार्च 2013 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया.

नीतिपरक श्रमशक्ति आयोजना और भर्ती कार्यनीति

आपके बैंक द्वारा मानव शक्ति की जरूरत का पता लगाने के लिये एक सशक्त मानव शक्ति आयोजना मॉडल का विकास किया गया है, इसकी मदद से आपके बैंक ने अगले कुछ वर्षों के लिए नीतिपरक श्रमशक्ति आयोजना आरंभ की है जिससे विभिन्न अन्य एचआर कार्य जैसे भर्ती आयोजना, कैरियर उन्नति, रिक्तियां व पदस्थापना व तैनाती में मदद मिल सके.

आपके बैंक ने एक स्पष्ट परिभाषित भर्ती नीति तैयार की है जोकि विभिन्न चैनलों से भर्ती को व्यापक आधार देने, नीतिपरक श्रम शक्ति आयोजना के अनुसार उभर रही आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बड़ी संख्या में भर्ती करने तथा नीचे बताये गए अनुसार स्पष्ट परिभाषित नियोजक प्रस्तावक शब्द "F I R S T" की संकल्पना विशेष बल देता है.



एक विशेष रुप से तैयार "कैरियर पोर्टल" का शुभारंभ बैंक की वेबसाइट पर किया गया जो इस मूल्य अवधारणा को परिभाषित करता है कि क्यों आपका बैंक किसी प्रभावी आवेदक के लिए पसंदीदा जगह है, कैरियर पाथ क्या है, उपलब्ध भर्ती के चैनल कौन से हैं. इसमें बैंक ऑफ़ बड़ौदा में काम करने के विभिन्न पहलु और बैंक ऑफ़ बड़ौदा से मौजूदा कर्मचारियों के अनुभव वृतांत का समावेश है. सभी कार्यनीतियां बैंक के नियोजक के रूप में ब्रांडिग सुधारने के लिए तैयार की गई हैं.

बड़ौदा में बैंक के कैरियर पोर्टल और प्रोजेक्ट स्पर्श के अंतर्गत प्रथम एचआर शेयर्ड सर्विसेज बैंक ऑफिस का उद्घाटन करते हुए बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री एस.एस.मूंदड़ा.

बड़ी संख्या में भर्ती हुए नए भर्ती किये गए स्टाफ सदस्यों को यथासंभव अल्पसमय में चुनौतियों का सामना करने हेतु उत्पादक बनाने के लिए परिचालनात्मक और सांस्कृतिक अवयवों, दोनों को शामिल करते हुए आपके बैंक ने बेहद सुगठित **''ऑन बोर्डिंग कार्यक्रम''** की शुरुआत की है, जोकि उन्हें, कार्य को तुरंत करने में समर्थ बनाती हैं और बैंक की सांस्कृतिक को आत्मसात करने में उनकी मदद भी करता है.

''बड़ौदा मणिपाल स्कूल ऑफ बैंकिंग''

बड़ौदा मणिपाल स्कूल ऑफ बैंकिंग ''फर्स्ट डे, फर्स्ट आवर'' प्रोडक्टिविटी मॉडल पर विद्यार्थियों को बैंक ऑफ़ बड़ौदा में बैंकिंग कैरियर के लिए उन्हें प्रशिक्षित करने के लिए बैंक ऑफ़ बड़ौदा और मणिपाल ग्लोबल एज्यूकेशन की संयुक्त पहल है. विद्यार्थी एक वर्षीय संकेंद्रित कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं जोकि बैंक की आवश्यकताओं के अनुरुप तैयार किया गया है और हमारे बैंक में प्रोबेशनरी आफिसर के रूप में लिए जाने के पहले वे बैंकिंग व वित्त में पोस्ट-ग्रेजुएट डिप्लोमा हासिल करते हैं.

Baroda MANIPAL School of Banking

KNOWLEDGE YOU CAN BANK UPON

Manipal

Joint Initiative of

Bank of Baroda

MANIPAL EDUCATION

यह नवोन्मेषी संसाधन चैनल वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान शुरु किया गया था और एक वर्ष के पाठयक्रम को पूर्ण करने के बाद, विद्यार्थियों ने वित्तीय वर्ष 2013 के बाद से बैंक को ज्वॉइन करना शुरु किया. 526 विद्यार्थियों के लगभग तीन बैच पहले ही बैंक ज्वॉइन कर चुके हैं. जबकि वर्तमान में लगभग 864 विद्यार्थियों के अन्य 4 बैच उपर्युक्त एक वर्षीय पाठयक्रम में भाग ले रहे हैं.

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री एस.एस.मूंदड़ा बड़ौदा मणिपाल स्कूल ऑफ बैंकिंग के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए.

क्षमता निर्माण संबंधी पहलें

अपेक्षित संकेंद्रण और विकासात्मक उन्मुखता को लाने के उद्देश्य से आपके बैंक ने अपने प्रशिक्षण तंत्र को ''बड़ौदा अकादमी'' के रूप में रिब्रांड किया है और एक ज्ञानार्जन संगठन, बेहतर विकास में मदद व अपने लोगों के विकास के लिए वातावरण प्रदान करने के क्रम में इस बड़ौदा अकादमी अवधारणा के तहत कई प्रशिक्षण प्रयासों की शुरुआत की है जिससे संगठन के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार हो सके.

प्रक्रियागत हिस्से में, विभिन्न महत्वपूर्ण प्रयासों की शुरुआत की गई जैसे बृहत वार्षिक प्रशिक्षण कैलेण्डर का प्रकाशन, एक अतिरिक्त प्रशिक्षण नामांकन के चैनल के रूप में स्वनामांकन की शुरुआत, प्रशिक्षण क्रेडिट

व्यवस्था की शुरुआत, प्रत्येक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में परीक्षा लेना, एसोसिएट फैकल्टी के रूप में विशेषज्ञों के एक पूल का निर्माण, पाठयसामग्री को समुन्नत और मानकीकृत करना, प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रयोग हेतु, केस स्टडी की डाइरेक्ट्री के निर्माण हेतु मुहिम आदि ये सभी प्रयास प्रशिक्षण एवं विकास प्रक्रिया पर नए तरह से ध्यान केन्द्रित करने के बारे में हैं और यह बैंक में मानव संसाधन विकास के लिए प्रशिक्षण हेतु एक अत्यंत सक्षम टूल के रूप में मदद करता है. प्रशिक्षण प्रक्रियाओं को सरल बनाने एवं सभी प्रशिक्षण पहलों को बृहत स्तर पर लागू करने में सक्षम बनाने के लिए विभिन्न आईटी टूल विकसित किए जा चुके हैं.

सॉफ्ट स्किल कार्यक्रमों और समग्र विकास को सुनिश्चित करते हुए व उपर्युक्त अधिकारियों एवं नए रिक्रूट के विकास के अलावा विशेष क्षमता निर्माण पहलो में, आपके बैंक ने प्रशिक्षण के लिए नई तरह से ध्यान देने, वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान पर्याप्त मात्रा में प्रशिक्षण एवं विकास गतिविधियों का आयोजन किया, जिसमें क्रेडिट क्षेत्र में समग्र विकास कार्यक्रम, फारेक्स, डीलिंग, शाखा प्रबंधन, आयोजना, जोखिम प्रबंधन आदि शामिल हैं. आपके बैंक ने पूरे देश में इन-हाउस 2198 प्रशिक्षण कार्यक्रमों पूरे देश में (12 प्रशिक्षण केन्द्रों के नेटवर्क के साथ, एक आईटी प्रशिक्षण केन्द्र और एक अहमदाबाद में उच्च प्रशिक्षण कॉलेज) का आयोजन किया. इस तरह वर्ष के दौरान 43,465 लोग प्रशिक्षित हुए. इनके अलावा, आपके बैंक ने लगभग 2015 कर्मचारियों को देश के विभिन्न प्रतिष्ठित प्रशिक्षण संस्थानों और विदेश में भी प्रशिक्षण के लिए भेजा. टैलेंट पूल सदस्यों के समग्र विकास की योजना के भाग के रूप में, विशिष्ट विकासात्मक क्षेत्रों को कवर करते हुए विशेषीकृत बाह्य प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से विशिष्ट रूप से निर्मित कार्यक्रम आयोजित किए गए.

आपके बैंक के चयनित उप महाप्रबंधकों एवं सहायक महाप्रबंधकों को एक उच्च प्रबंधन कार्यक्रम के लिए भारत के सर्वश्रेष्ठ बी-स्कूल जैसे आईएसबी में भेजा गया. इसे अलग पहल में हैदराबाद में, आपके बैंक ने एक केन्द्रित परामर्श कार्यक्रम के लिए पूरे बैंक से अतिरिक्त 150 विशेष चिन्हित लोगों को प्रशिक्षित किया ताकि वे नए भर्ती अधिकारियों के लिए एक परामर्श के रूप में कार्य कर सकें. बैंक में प्रशिक्षित परामर्शकों की कुल संख्या लगभग 500 तक ले जाया जाना है.

नेतृत्व विकास (प्रोजेक्ट उड़ान)

वित्तीय वर्ष 2012 में लोगों ने नेतृत्व क्षमता का निर्माण करने की अति आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए आपके बैंक ने एक व्यापक नेतृत्व विकास कार्यक्रम ''प्रोजेक्ट उड़ान'' की शुरुआत की है, जिनमें सभी शहरी व महानगरीय शाखाओं के शाखा प्रबंधकों तथा सहायक महाप्रबंधक एवं उप महाप्रबंधक सम्मिलित किए गए. इसका उद्देश्य भविष्य में लीडर्स को तैयार करना है.

यह कार्यक्रम नेतृत्व के तीन मॉडयूल्स 'लीडिंग सेल्फ', 'लीडिंग अदर्स' और 'लीडिंग बिजनेस' के आधार पर तैयार किया गया है और इनमें से प्रत्येक मॉडयूल्स ऑफ साइट इवेंटस कोचिंग क्लिनिक के समन्वय के जरिए संबोधित किया जा रहा है. इस कार्यक्रम में वित्त वर्ष 2012 के दौरान आपके बैंक के सात अंचलों में 960 प्रतिभागियों को सम्मिलित किया गया और वित्तीय वर्ष 2013 में अतिरिक्त 760 प्रतिभागियों को दूसरे पांच बैंकों में शामिल किया गया. किसी भी भारतीय सार्वजनिक बैंक के लिए इस तरह का बड़ा और व्यापक नेतृत्व विकास प्रयास अपने आप में प्रथम है.

एचआर प्रौद्योगिकी का कार्यान्वयन

आपके बैंक ने कर्मचारी सेवाओं के लिए एक बहुत ही विशेष एचआर तकनीकी प्लेटफार्म तैयार किया है, जिसमें एचआरएम, प्रशिक्षण, पेरोल व छुट्टी के मॉडयूल हैं जिसे मानव संसाधन नेटवर्क (एचआरएनईएस) नाम दिया गया है. इस तकनीकी प्लेटफार्म से विभिन्न एचआर कार्यों को स्वचालित कर दिया गया है और वर्ष के दौरान विभिन्न मॉडयूल/ विभिन्न नई प्रक्रियाओं को स्वचालित/क्रियान्वित किया गया.

भर्ती अभियान

आपका बैंक वर्ष-दर-वर्ष आधार पर सेवानिवृत्ति, व्यवसाय विकास को बनाए रखने व तीव्र शाखा विस्तार पर विशेष ध्यान देते हुए भर्ती के विशेष प्रयास कर रहा है. आपके बैंक की श्रम शक्ति संबंधी समस्या को दूर करने के लिए वर्ष के दौरान भर्ती के लिए विभिन्न परीक्षाओं का आयोजन किया गया. आपके बैंक की दोनों ही तरह की जरूरतों - सामान्य रूप से नौकरी छोडकर जानेवालो की जगह भरने व व्यवसाय विकास की जरूरतों को पूरा करने की दृष्टि से वित्त वर्ष, 2013 के दौरान विशेषज्ञ अधिकारियों, परिवीक्षाधीन अधिकारियों, प्रतिष्ठित व्यावसायिक स्कूलों से सीधे कैम्पस भर्ती के माध्यम से युवा एमबीए अधिकारियों की भर्ती की शुरूआत की गई. आपके बैंक ने विभिन्न श्रेणियों /वेतनमानों में 1246 अधिकारी (सामान्य और विशेषज्ञ श्रेणी दोनों) 1731 लिपिक और 700 अधीनस्थ संवर्ग के स्टाफ सदस्यों की भर्ती की. भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2013-14 के दौरान भी जारी है जिसके तहत अधिकारियों के लगभग 2800 पदों और लिपिकों के 3500 पदों को भरने की भर्ती प्रक्रिया चल रही है.

कैरियर विकास हेतु रूप-रेखा

तीव्र कैरियर विकास हेतु कर्मचारियों की बढ़ती आकांक्षाओ को पूरा करने के लिए समीक्षाधीन वर्ष के दौरान विशेष प्रयास किए गए जिनके द्वारा कर्मचारियों को उच्च उत्पादकता हेतु प्रोत्साहित किया गया. अपने श्रेष्ठ कार्यनिष्पादन करनेवाले कर्मियों को पुरस्कृत करने और बडी जिम्मेदारियों के प्रति आकर्षित करने हेतु आपका बैंक प्रतिवर्ष बिना किसी रुकावट के सभी श्रेणियों/वेतनमानों में लोगों को नियमित रूप से पदोन्नत कर रहा है. इस प्रवृत्ति को ध्यान में रखते हुए वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान भी बडे पैमाने पर पदोन्नति प्रक्रिया शुरु की गई. परिणामतः बैंक में 3793 लोगों की पदोन्नति की गई जो नीचे तालिका में दर्शायी गई है.

सब स्टाफ से लिपिक	160
लिपिक से अधिकारी	553
क.प्र.श्रे - I से म.प्र.श्रे - II (अधिकारी से प्रबंधक)	1332
म.प्र.श्रे - II से म.प्र.श्रे - III (प्रबंधक से वरिष्ठ प्रबंधक)	1055
म.प्र.श्रे. - III से व.प्र.श्रे - IV (वरिष्ठ प्रबंधक से मुख्य प्रबंधक)	480
व.प्र.श्रे - IV से व.प्र.श्रे - V (मुख्य प्रबंधक से स. महाप्रबंधक)	160
व.प्र.श्रे - V से सर्वोच्च का. प्र. श्रे - VI (स. महाप्रबंधक से उप महाप्रबंधक)	35
सर्वोच्च का. प्र. श्रे - VI से सर्वोच्च व. प्र. श्रे - VII (उप महाप्रबंधक से महाप्रबंधक)	18

अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़े वर्गों के विकास पर विशेष बल

बैंक समाज के एससी/एसटी एवं अन्य पिछड़े वर्गों से जुड़े व्यक्तियों के विकास एवं कल्याण संबंधी संवैधानिक उपबंधों एवं सामाजिक उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्ध है. हमारा बैंक पूरे बैंकिंग उद्योग में उन चुनिंदा बैंकों में से एक है जिसके पास एससी एवं एसटी संवर्ग से जुड़े अधिकतम कर्मचारी हैं, जिससे बैंक की इस वर्ग के विकास एवं उत्थान के प्रति प्रतिबद्धता का पता चलता है. बैंक द्वारा एससी एवं एसटी लोगों के विकास एवं कल्याण के संबंध में किए गए प्रयासों का संक्षिप्त उल्लेख नीचे किया गया है.

नौकरियों में आरक्षण

बैंक अपनी अखिल भारतीय एवं भर्ती योजनाओं में भारत सरकार द्वारा नौकरियों में आरक्षण के संबंध में निर्धारित सभी दिशानिर्देशों का अनुपालन करता है. अखिल भारतीय नियुक्तियों में तथा बैंक द्वारा शुरु किए जा रहे भर्ती के एक नए चैनल बड़ौदा स्कूल ऑफ़ बैंकिंग के लिए चयन में 15% पद अनुसूचित जातियों के लिए तथा 7.5% पद अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित किए जाते हैं. क्षेत्रीय आधार पर की गई अन्य भर्तियों में विभिन्न राज्यों के लिए निर्धारित उपयुक्त प्रतिशत का अनुपालन किया जा रहा है. बैंक में भर्ती के संबंध में एसस/एसटी आवेदकों के लिए भर्ती पूर्व ओरिएंटेशन प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं. आयु सीमा एवं योग्यता में उपयुक्त रियायत प्रदान की जाती है. एसस/एसटी अभ्यर्थियों के साक्षात्कार में भी रियायत बरती जाती है ताकि आरक्षित पदों पर नियुक्ति हो सके. भर्ती हेतु समीक्षा पैनल में अनिवार्य रूप से एक एसस/एसटी सदस्य शामिल किया जाता है. साक्षात्कार हेतु बुलाए गए एसस/एसटी अभ्यर्थियों को यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति की जाती है. नौकरी में आरक्षण देने के अलावा बैंक विद्यमान दिशानिर्देशों के अनुरूप एसस/एसटी कर्मचारियों के कैरियर विकास एवं पदोन्नति के संबंध में आरक्षण एवं अन्य सुविधाएं प्रदान करता है. पदोन्नति प्रक्रिया में भाग लेने के पूर्व पदोन्नति पूर्व प्रशिक्षण प्रदान किए जाते हैं. बैंक के उपलब्ध आवासों में एसस/एसटी के लिए 10% का आरक्षण किया गया है.

31 मार्च 2013 को स्टाफ शक्ति एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति का प्रतिनिधित्व निम्नानुसार रहा:

कैडर	कुल	एससी	एससी %	एसटी	एसटी %
अधिकारी	17933	3044	16.97	1261	7.03
लिपिक	16869	2392	14.18	1158	6.86
सब स्टाफ	8306	2836	34.14	769	9.26
कुल	43108	8272	19.19	3188	7.39

अनुसूचित जाति/जनजाति कक्ष :

बैंक में आरक्षण तथा एसस/एसटी कर्मचारियों के लिए अन्य सम्बद्ध प्रावधानों की निगरानी के लिए एक विशेष एसस/एसटी कक्ष कार्यरत है. महाप्रबंधक स्तर का एक कार्यपालक एसस/एसटी के लिए मुख्य संपर्क अधिकारी है जो एसस/एसटी कर्मचारियो से संबंधित विविध दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करता है. बैंक के प्रत्येक अंचल में एसस/एसटी हेतु एक संपर्क अधिकारी नियुक्त किया गया है जो अंचल के एससी/एसटी कर्मचारियों के सभी मामलों एवं शिकायतों के निपटारे की स्थिति की देखरेख करता है.

अनुसूचित जाति/ जनजाति कल्याण संघ के साथ बैठक:

बैंक अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण संघ के प्रतिनिधियों के साथ तिमाही आधार पर बैठकें आयोजित करता है ताकि उनके साथ सीधा संवाद स्थापित किया जा सके एवं एसस/एसटी संबंधी आरक्षण तथा अन्य प्रावधानों की समीक्षा की जा सके. इन बैठकों में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा वरिष्ठ कार्यपालक जिसमें एसस/एसटी हेतु मुख्य संपर्क अधिकारी शामिल हैं, भाग लेते हैं.

भारत रत्न डॉ बाबा साहब अंबेडकर मैमोरियल ट्रस्ट :

बैंक ने 1991 में भारत रत्न डॉ बाबा साहब अंबेडकर मैमोरियल ट्रस्ट की स्थापना की जिससे कि एसस/एसटी कर्मचारियों एवं उनके परिवार जनों के लाभ हेतु कल्याणकारी गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके. एसस/एसटी कर्मचारियों के बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के अलावा देश के महत्वपूर्ण केन्द्रों पर ट्रस्ट द्वारा एसस/एसटी समुदाय के जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है.

अनुसूचित जाति /जनजाति राष्ट्रीय आयोग का दौरा:

वर्ष के दौरान अनुसूचित जाति /जनजाति राष्ट्रीय आयोग ने आपके बैंक के विभिन्न जगहों पर अनुसूचित जातियों के लिए भारत सरकार की आरक्षण नीति के कार्यान्वयन की समीक्षा हेतु नीचे तालिका में दर्शाए गए अनुसार दौरा किया और नीतियों व कार्यक्रमों के कार्यान्वयन पर चर्चा विचार-विमर्श किया और परीक्षण किया.

क्र.सं.	बैठक की जगह	दिनांक
1	जयपुर	26.05.2012
2.	देहरादून	25.07.2012
3.	बेंगलूर	22.08.2012
4.	भोपाल	27.09.2012

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने रोस्टर व कार्य सेवा सुरक्षा के सत्यापन के लिए बैंक ऑफ़ बड़ौदा में 5.12.2012 को और जयपुर में 31.1.2013 को भी दौरा किया. आयोग को दिए सुझावों व दिशा-निर्देशों को आपका बैंक में कड़ाई से पालन किया जा रहा है.

विभिन्न पिछड़े वर्गों के कल्याण प्रोत्साहन के लिए और उनके हितों की रक्षा व कार्य वातावरण पर बनी विभिन्न आयोग व संसदीय समिति ने भी आपके बैंक का दौरा नीचे दिए गए विवरणानुसार किया और बैंक द्वारा उनके समग्र विकास और सभी सामाजिक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए अपनाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी तरीकों की सराहना की.

- सफाई कर्मचारियों राष्ट्रीय आयोग - गोवा में 11.02.2013
- सरकारी आश्वासनों (विकलांग व्यक्तियों के लिए) पर राज्यसभा समिति का अध्ययन दौरा- मुंबई में 22.1.2013
- अन्य पिछड़ा वर्गों के कल्याण पर संसदीय समिति की बैठक मुंबई में- 7.2.2013 को.

बिज़नेस प्रोसेस रि-इंजीनियरिंग (प्रोजेक्ट नवनिर्माण)

बीपीआर आधारित रुपांतरण के चार वर्षों बाद, आपके बैंक ने भारतीय बैंकिंग जगत में अपना सर्वश्रेष्ठ स्थान बनाया है. बैंक ऑफ बड़ौदा ने वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ संयुक्त रूप से बिज़नेस प्रोसेस रि-इंजीनियरिंग पर भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पहले वार्षिक सम्मेलन का आयोजन 14 जुलाई 2012 को मुंबई में किया.

बिज़नेस प्रोसेस रि-इंजीनियरिंग पर भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पहले वार्षिक सम्मेलन का आयोजन 14 जुलाई 2012 को मुंबई में किया गया.

नवनिर्माण रूपांतरण के प्रमुख क्षेत्र

- आपके बैंक ने 'बड़ौदा नेक्स्ट' नाम से शाखाओं के नवनिर्माण की प्रक्रिया के अंतर्गत मेट्रो तथा शहरी क्षेत्रों में अत्याधुनिक डिजाइन, फ्रंट / बैक आफिस, आरामदायक ग्राहक प्रतीक्षा क्षेत्र, उपर्युक्त फ्रंटलाइन आटोमेशन तथा बिक्री और सेवाओं के लिए समर्पित टीम से युक्त शाखाओं के द्वारा ग्राहक सेवाएं प्रदान की हैं.
- बैंक द्वारा बैक आफिस का निम्नानुसार अपग्रेडेशन किया गया :
  - प्रोसेस डिजाइन
  - मैन्युअल प्रोसेस के स्थान पर वर्कफ्लो आधारित सिस्टम विस्तार तथा मशीनों का उपयोग
  - क्षेत्र विस्तार (नये कार्यों के लिए स्थान बनाना)
- आपके बैंक द्वारा काफी तेजी से पूरे देश में बड़ौदा नेक्स्ट शाखाओं तथा बैक आफिस का विस्तार किया गया.
- आपके बैंक ने टिकाऊ रहने के कार्य किए हैं, अर्थात् दस्तावेजीकरण, सुदृढ प्रौद्योगिकी, कार्य-निष्पादन प्रबंधन प्रशिक्षण तथा पुनःप्रशिक्षण.

बीपीआर कार्यशाला

- आपके बैंक ने सेल्स प्रोसेस तथा उद्यम आधारित सेल्स एकाउंटबीलिटी मॉडल (बड़ौदा नेक्स्ट सेल्स ऑपरेटिंग मॉडल) को शाखाओं में लागू किया है.
- आपके बैंक ने ग्राहकों तथा कर्मचारियों की संतुष्टि के मूल्यांकन के लिए आवधिक आधार पर सर्वेक्षण प्रारंभ किए हैं.

आपके बैंक के बीपीआर निष्पादन ने निम्नलिखित के माध्यम से व्यावसायिक वृद्धि तथा ग्राहक / कर्मचारी संतुष्टि दोनों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है :

- **बड़ौदा नेक्स्ट शाखाएं** - लगभग 1,382 मेट्रो / शहरी शाखाओं को बड़ौदा नेक्स्ट शाखाओं के रूप में रूपांतरित किया गया है.
- **शाखा फ्रंट-एंड ऑटोमेशन** - क्यू मैनेजमेंट सिस्टम (क्यूएमएस) तथा चेक डिपोजिट मशीन (सीडीएम) क्रमशः 93 तथा 40 शाखाओं में स्थापित की गई हैं.
- **सिटी बैक आफिस (सीबीओ)** - सभी शाखाओं हेतु समाशोधन परिचालनों को केंद्रीकृत किया जा चुका है. तीन सीबीओ, यथा मुंबई, अहमदाबाद तथा सूरत को स्वचालित कर दिया गए हैं.

- **रीजनल बैंक आफिस (आरबीओ)** - कुल 2,925 तथा 3,900 शाखाओं को क्रमशः कासा खाता खोलने तथा वैयक्तिक चेक बुक (पीसीबी) जारी करने के लिए लिंक कर दिया गया है.
- **क्रेडिट सेंट्रलाइजेशन पायलट (आरएलएफ / एसएमईएलएफ)** - लोन फ़ेक्टी बड़ौदा के अंतर्गत रिटेल एवं एसएमई क्रेडिट सेंट्रलाइजेशन का कार्य पायलट आधार पर चल रहा हैं.
- **प्रत्येक बड़ौदा नेक्स्ट शाखा में सेल्स ऑपरेटिंग मॉडल का लागू करना** - 32 क्षेत्रीय कार्यालयों के 739 बड़ौदा नेक्स्ट शाखाओं में सेल्स ऑपरेटिंग मॉडल को लागू किया जा चुका है.
- **मिड कार्पोरेट वर्टिकल** - एक मिड कार्पोरेट वर्टिकल तैयार किया गया है तथा 15 मिड कार्पोरेट शाखाओं को महत्वपूर्ण स्थानों पर खोला गया है.
- **एकेडमी ऑफ़ एक्सीलेंस** - सभी स्तरों पर लगातार जागरूकता, प्रशिक्षण तथा क्षमता निर्माण बड़ौदा नेक्स्ट रोल आउट प्रोग्राम का महत्वपूर्ण भाग बना रहेगा. इसमें अंचल / क्षेत्रीय शुरूआत, शाखा बैठक, बूट कैंप, शाखा स्तरीय प्रशिक्षण, बाहरी सेल्स प्रशिक्षण तथा संगोष्ठियां शामिल हैं.
- **नवनिर्माण पहलों / प्रभाव को बनाए रखना** - बड़ौदा नेक्स्ट शाखाओं के लिए एक प्रमाणन प्रक्रिया को प्रारंभ किया जा चुका है जिसके तहत आपके बैंक के आंतरित निरीक्षकों द्वारा प्रक्रिया अनुपालन / पालन का मूल्यांकन किया जा रहा है तथा सीएसएटी / ईएसएटी का मूल्यांकन बाहरी मार्केट रिसर्च एजेंसियों द्वारा किया जा रहा है.

मार्केटिंग

आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान ने अपने ब्रांड तथा विभिन्न उत्पादों व सेवाओं का, विज्ञापन, ग्राहक आधारित कार्यक्रमों तथा शाखा स्तरीय प्रचार के माध्यम से लगातार संवर्द्धन किया हैं. इस प्रक्रिया में, आपके बैंक ने अंचल तथा क्षेत्रीय स्तर पर शाखाओं द्वारा किये जानेवाले कार्यों में आधारभूत गतिविधियों को योगदान देने के अलावा विभिन्न मीडिया साधनों, जैसे कि प्रिंट, इलेक्ट्रोनिक तथा ओओएच का इस्तेमाल किया. वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान की गई प्रमुख मार्केटिंग कम्युनिकेशन गतिविधियों का विवरण नीचे दिया गया है.

आपके बैंक ने 14 नवंबर 2012 - 'बाल दिवस' के अवसर पर एक विशिष्ट कार्यक्रम की पहल की जिसका शीर्षक बैंक ऑफ़ बड़ौदा केनवास प्रतियोगिता रखा गया था. इसका उद्देश्य एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार करना था जिसके द्वारा स्कूली बच्चों के साथ ही उनको प्रेरित करनेवाले अभिभावकों / अध्यापकों के साथ दीर्घकालिक संबंधों को बनाया जा सके. प्रतियोगिता में पहले से निर्धारित विषयों पर पूरे देश के स्कूलों के विद्यार्थियों से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई थी तथा चयनित जजों के पैनल द्वारा राष्ट्रीय / अंचल / क्षेत्रीय स्तर विजेता प्रविष्टियों का चयन किया गया. आपके बैंक के मैस्काट, 'स्टिकमैन', को भी व्यापक रूप से इस प्रतियोगिता के अंतर्गत बढ़ावा दिया गया ताकि लक्षित दर्शकों के साथ ब्रांड संबंध बनाने में सहायता मिल सके. इस अभियान के अंतर्गत यथोचित रूप में प्रिंट तथा रेडियो मीडिया का उपयोग किया गया ताकि अधिक से अधिक प्रविष्टियों को प्रतियोगिता में शामिल किया जा सके. ऐसे शहरों को, लक्षित किया गया था जहां पर हमारे क्षेत्रीय कार्यालय हैं. इस प्रतियोगिता में केवल 45 दिन की अल्प अवधि के दौरान पूरे देश के 3000 स्कूलों से कुल 1.98 लाख विद्यार्थियों ने भाग लिया और बैंक को भविष्य में इनसे जुड़े रहने का अवसर प्राप्त हुआ.

आपके बैंक द्वारा विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में विज्ञापनों के माध्यम से लक्षित ग्राहकों के बीच अपने उत्पादों और सेवाओं के संवर्धन के लिए विभिन्न उत्पाद संवर्धन अभियानों चलाए गए. विभिन्न मीडिया माध्यमों से विभिन्न उत्पादों तथा सेवाओं, विशेष रूप से जमाराशियों, चालू राशियों, एनआरआई जमाओं, गृह ऋण, कार ऋण, एसएमई ऋण तथा वैकल्पिक डिलीवरी चैनलों के बारे में जानकारी प्रचारित की गई,. स्थानीय तथा विदेशी दोनों

ही शाखाओं नेटवर्क के विस्तार बढ़ाने से संबंधित जानकारी को बड़े स्तर पर प्रिंट मीडिया के माध्यम से प्रचारित किया गया जिससे आपके बैंक की ब्रांड छवि तथा उपस्थिति को बढ़ावा मिला है.

आपके बैंक द्वारा विभिन्न वैकल्पिक डिलीवरी चैनलों तथा एसएमई से संबंधित उत्पाद तथा सेवाओं पर विशेष साहित्य का प्रकाशन करके ग्राहकों को साक्षर करने के विभिन्न कदम उठाए गए. बैंक ने विभिन्न कार्यक्रमों, जैसे - प्रवासी भारतीय दिवस 2013, फिक्की - आईबीए बैंकिंग कान्फ्रेंस, डन एंड ब्राडस्ट्रीट - एक्स्पोर्टस् एक्सीलेंस अवार्ड, मिंट एन्युअल बैंकिंग कॉन्क्लेव, सीआईआई मॅन्युफैक्चरिंग समिट तथा स्टैंडर्ड चार्टर्ड मैराथन 2013 में सहभागिता करके ग्राहकों के साथ संवाद - संप्रेषण और ब्रांड संवर्द्धन किया..

वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान आपके बैंक की गतिविधियों को मीडिया में विस्तृत कवरेज मिला जिससे कि बैंक को ब्रांड इमेज बनाये रखने में सहायता मिली है.

आपके बैंक ने वर्ष के दौरान विभिन्न व्यवसायिक मानकों पर ख्याति प्राप्त मीडिया हाउस और अन्य संस्थाओं से भी विभिन्न पुरस्कार प्राप्त किए हैं जिसकी सूची नीचे दी गई हैं

स्टाफ कॉलेज, अहमदाबाद में अखिल भारतीय मार्केटिंग अधिकारी सम्मेलन का आयोजन, अगस्त 2012

बैंक ऑफ़ बड़ौदा को पुरस्कार व उद्योग जगत में मान्यता

बैंक के निरन्तर उत्कृष्ट और सर्वांगीण कार्यनिष्पादन (व्यवसाय एवं वित्तीय दोनों) श्रेष्ठ प्रबंधन, उत्कृष्टता के प्रति समर्पण तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं वित्तीय समावेशन में योगदान के लिए वित्त वर्ष, 2013 के दौरान बैंक को अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया.

बैंक को वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान प्राप्त कुल प्रमुख पुरस्कारों का विवरण आगे दिया जा रहा है:-

- ब्लूमबर्ग यूटीवी फायनांसियल लीडरशिप अवार्ड - बेस्ट पीएसयू बैंक - 07.04.2012, मुंबई
- इंस्टिटयूट ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेस द्वारा बेस्ट सीआइओ अवार्ड बीएफएसआई सेक्टर, 2012 - जून, हैदराबाद
- रिज़र्व बैंक राजभाषा शील्ड - 29.06.2012, मुंबई
  - क) 'क' क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार
  - ख) 'ख' क्षेत्र में द्वितीय पुरस्कार
  - ग) द्विभाषी गृहपत्रिका 'बॉबमैत्री' को प्रोत्साहन पुरस्कार

भारतीय रिजर्व बैंक से 'रिज़र्व बैंक राजभाषा शील्ड'

- द सन्डे स्टैण्डर्ड एफआईएनडब्ल्यूआयझेड़ 2012 अवार्ड - 20.08.2012, नई दिल्ली
- बेस्ट इंडियन बैंक लार्ज (रनरअप)
- बेस्ट पब्लिक सेक्टर बैंक लार्ज (रनरअप)
- डन एण्ड ब्राडस्ट्रीट - पोलारिज फायनांसियल टेक्नॉलाजी बैंकिंग अवार्ड - 24.08.2012, मुंबई
  - क) वैश्विक व्यवसाय विकास वर्ग में बेस्ट पब्लिक सेक्टर बैंक
  - ख) समग्रतः बेस्ट पब्लिक सेक्टर बैंक
- भारतीय बैंक संघ द्वारा बैंकिंग टेक्नॉलाजी अवार्ड 2011 - 27.08.2012, मुंबई
  - क) प्रशिक्षण एवं ई-लर्निंग में प्रौद्योगिकी के उपयोग के लिए - विजेता
  - ख) श्रेष्ठ ग्राहक संबंध पहलें - प्रथम रनर अप
  - ग) बिज़नेस इंटेलिजेंस का श्रेष्ठ उपयोग - प्रथम रनर अप
  - घ) बैंकिंग में मोबाइल प्रौद्योगिकी का श्रेष्ठ इस्तेमाल - द्वितीय रनर अप
  - ड़) श्रेष्ठ जोखिम प्रबंधन एवं सुरक्षा पहलें - द्वितीय रनर अप
- सिल्वर ट्रॉफी ऑटोमेटेड़ स्टोरेज मैनेजमेंट तथा ओरेकल आरएसी के स्कॉच डिजिटल इंक्लूजन अवार्ड - 2012, 04.09.2012, नई दिल्ली
- बिज़नेस इंडिया बेस्ट बैंक अवार्ड 2012 - 14.09.2012, मुंबई
- इंदिरा गांधी राजभाषा पुरस्कार, नई दिल्ली
  - क) प्रथम पुरस्कार - 14.09.2012
  - ख) हिन्दी गृहपत्रिका प्रतियोगिता में 'अक्षय्यम' को द्वितीय पुरस्कार
- असोसिएशन ऑफ बिसनेस कम्युनिकेटर्स ऑफ इंडिया (एबीसीआई) अवार्ड 2012, 19.10.2012
  - क) स्पेशल कॉलम (अंग्रेजी) - बॉबमैत्री, सिल्वर ट्रॉफी
  - ख) स्पेशल कॉलम (भाषा) - अक्षय्यम सिल्वर ट्रॉफी
  - ग) कार्पोरेट वेबसाइट - बैंक ऑफ बड़ौदा वेबसाइट, सिल्वर ट्रॉफी
- फोर्बस इंडिया लीडरशिप अवार्ड - श्री एम.डी.मल्या को बेस्ट सीईओ पब्लिक सेक्टर, 28.09.2012, मुंबई

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बैंक ऑफ बडौदा को मुबंई में फोर्बस इंडिया लीडरशिप अवार्ड - 'बेस्ट सीईओ पब्लिक सेक्टर' प्रदान किया गया.

- सीएनबीसी टीवी 18 - श्री एम.डी.मल्या को 'इंडिया बेस्ट बैंक एण्ड फायनेंशियल अवार्ड 2012 - बेस्ट पब्लिक सेक्टर बैंक, 17.10.2012, मुंबई दिया गया.
- बेस्ट लार्ज बैंक 2012 - बिजनेस वर्ल्ड नवम्बर 26, 2012 अंक
- बेस्ट लार्ज बैंक 2012 - बिजनेस टुडे - केपीएमजी - दिसम्बर 2012;
- स्टेट फोरम ऑफ बैंकर्स क्लब, केरल द्वारा एर्नाकुलम में दिसम्बर 2012 में बेस्ट पब्लिक सेक्टर बैंक अवार्ड

बैंक ऑफ बडौदा को स्टेट फोरम ऑफ बैंकर्स क्लब ने एरनाकुलम में बेस्ट पब्लिक सेक्टर बैंक अवार्ड से सम्मानित किया गया.

- बिजनेस स्टेंडर्ड बैंकर ऑफ़ द इयर (2011-12) श्री एम.डी.मल्या, पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा को जनवरी, 2013 में प्रदान किया गया. यह पुरस्कार 23.03.2013 को दिया गया.
- माय एफएम स्टार्स ऑफ़ द इंडस्ट्री फॉर एक्सलेंस इन बैंकिंग (पीएसयू) - सिल्वर अवार्ड एफएम रेडियो द्वारा 14.02.2013 को मुंबई में.
- आवास ऋण बैंकिंग में श्रेष्ठता के लिए माय एफएम स्टार्स ऑफ द इंडस्ट्री अवार्ड - दिनांक 14.02.2013 को मुंबई में रेडिया एफएम द्वारा ब्रांज अवार्ड
- श्रेष्ठ सार्वजनिक बैंक श्रेणी में दिनांक 20.02.2013 को मुंबई में फाइनेंसिअल एक्सप्रेस ग्रुप द्वारा "बेस्ट पी.एस.यू" के लिए एफई बेस्ट बैंक अवार्ड 2011-12

बैंक ऑफ बडौदा को फाइनेंसियल एक्स्प्रेस द्वारा वर्ष 2011-12 के लिए बेस्ट पीएसयू बैंक अवार्ड से सम्मानित किया गया- जिसे श्री एस.एस.मूंदड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक. ने प्राप्त किया.

- मुंबई में दिनांक 18.02.2013 को कार्पोरेट अवार्ड समारोह में एशियन कन्फेडरेशन ऑफ बिजनेस एण्ड वर्ल्ड सीएसआर कोंग्रेस द्वारा ठस्ट्रेटेजिक कम्यूनिकेशन एण्ड लीडरशिप अवार्डठ.
- दिनांक 23.03.2013 को दलाल स्ट्रीट इंवेस्टमेंट जरनल द्वारा मोस्ट एफिसिएंट पब्लिक सेक्टर बैंक अवार्ड
- दिनांक 03 अप्रैल, 2013 को खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग द्वारा खादी एवं ग्रामोद्योग में श्रेष्ठता के लिए वर्ष 2011-12 के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार

परिसर रि-इंजीनियरिंग और आकर्षक परिवेश

वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान "परिसर रि-इंजीनियरिंग और आकर्षक परिवेश" के क्षेत्र में आपके बैंक द्वारा अर्जित महत्वपूर्ण उपलब्धियों का विवरण निम्नानुसार है.

- जमशेदपुर में आपके बैंक का प्रशासनिक कार्यालय सह आवासीय काम्पलेक्स बनकर तैयार हो चुका है. यह ऊर्जा सक्षम उपस्करों, वर्षा-जलसंग्रह तंत्र एवं पर्यावरण अनुकूल सामानों व अल्ट्रा मार्डन गैजेट्स एवं सिस्टम के साथ सुसज्जित है. आपके बैंक की उपस्थिति इस भवन के द्वारा स्टील सिटी में एकमात्र मानी जाती है. वर्तमान में यह जमशेदपुर शहर के एक महत्वपूर्ण भवन के रूप में जाना जाता है.
- वित्तमंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार आपका बैंक अपने कार्पोरेट कार्यालय और सभी अंचल एवं क्षेत्रीय कार्यालयों से एमपीएलएस कनेक्टिविटी के साथ स्टेट ऑफ द आर्ट वीडियो कांन्फ्रेंसिंग सिस्टम के द्वारा लिंक्ड है. वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से कार्यप्रमुखों के समामेलन में निर्णय लेने की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावशाली और कम कीमत का बनाने हेतु तेजी लाने के लिए निर्णय लिया जा सकता है.
- आपका बैंक ई-टेंडरिंग, ई-प्रोक्योरमेंट आदि के रूप में तकनीक आधारित पहलों की ओर भी बढ़ रहा है और वित्तीय वर्ष 2013 में इन पहलों को चरणबद्ध तरीके से लागू किया है.
- वेंडरों को किए जानेवाले सभी भुगतान आरटीजीएस/ एनईएफटी के माध्यम से किए जा रहे हैं या लाभार्थी के खाते में क्रेडिट किए जा रहे है.

दिल्ली मेट्रो क्षेत्र-I नाहरपुर में बैंक की नई शाखा का शुभारंभ

- आपके बैंक की नीति के अनुरूप इसके प्रशासनिक कार्यालयों हेतु स्वयं के परिसर हेतु आपके बैंक ने बंगलौर (कर्नाटक), हैदराबाद (आं.प्र), फैजाबाद (यू.पी), इंदौर (म.प्र), उदयपुर, हल्द्वानी (उत्तराखंड), देहरादून (उत्तराखंड), जयपुर (राजस्थान) और न्यू रायपुर (छत्तीसगढ़) में वाणिज्यिक भवनों के निर्माण के लिए भूमि खरीदी है.
- बढ़ते हुए किराये को देखते हुए उपलब्ध परिसर के प्रत्येक स्थान और कोने के उपयोग की आवश्यकता महसूस की जा रही है. नवीनीकरण के दौरान ले-आउट को उन्नत किया गया और सभी शाखाओं/ कार्यालयों की फर्निशिंग को पर्यावरण अनुकूल एवं श्रमदक्ष रूप में डिजाइन किए गए फर्नीचर आइटम के माध्यम से की गई है. परिसरों के अधिग्रहण हेतु क्षेत्र नियम की समीक्षा की एवं उसे लागू किया गया है.
- पूरे भारत में प्रणालियों एवं पद्धतियों में एकरुपता लाने के लिए परिसर नीति निर्देश, निर्माण मैन्युअल, नवीनीकरण मैन्युअल को निर्धारित किया गया और फर्नीचर के मदों की शीघ्र खरीद हेतु, तथा वे आकर्षक दिखाई दें इस हेतु एक समान डिजाइन मॉडयूलर एवं कुर्सियों के लिए एजेंसी भी निर्धारित की गई.

वित्त वर्ष 2013 में लागू की गई परियोजनाएं:

- आपके बैंक ने मैलापोर, चेन्नई मे कमर्शियल परिसर का निर्माण किया है जिसमें अंचल कार्यालय, शाखा व करेन्सी चेस्ट है.

मैलापोर, चेन्नई मे बैंक का नया कमर्शियल परिसर

- सेनोटाफ रोड, चेन्नई में रिहायशी परिसर का निर्माण किया गया जहां तीन 3 बीएचके फ्लैट, बारह 2 बीएचके फ्लैट और एक सामान्य गेस्ट हाउस और स्टेट ऑफ आर्ट वीआईपी गेस्ट हाउस.

सेनोटाफ रोड, चेन्नई में बैंक का नया रिहायशी परिसर

- बैंक ने ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली में रिहायशी परिसर का निर्माण किया जहां 14 कार्यपालक फ्लैट (चार 3 बीएचके फ्लैट, दस 2 बीएचके फ्लैट) और एक उच्च कार्यपालक गेस्ट हाउस है.

ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली में बैंक का नया रिहायशी परिसर

- टाटा नगर, जमशेदपुर में कमर्शियल कम रिहायशी परिसर का निर्माण किया गया जहां 23, 2-बीएचके फ्लैट बनाए गए है.

जमशेदपुर में बैंक का नया कमर्शियल कम रिहायशी परिसर

कार्यान्वयन के तहत परियोजनाएं

- आपके बैंक के जनकपुरी, नई दिल्ली में आवासीय काम्प्लेक्स का निर्माण पूरा होने के अंतिम चरण में है.
- वाराणसी में ऑफिस बिल्डिंग तथा करेंसी चेस्ट, के निर्माण कार्य भी पूरा होने के अंतिम चरण में है.
- जयपुर में बहु मंजली इंटग्रेटेड ऑफिस बिल्डिंग का निर्माण पूरा होने के अंतिम चरण में है.
- अजमेर, बांसवाडा, डूंगरपुर, प्रतापगढ में बीएसवीएस का निर्माण कार्य भी कार्यान्वयन के तहत है.
- रायपुर में नए प्रशासनिक और आवासीय भवन का निर्माण कार्य कार्यान्वयन के तहत है.
- इंदौर (मध्य प्रदेश) में आवासीय तथा व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य कार्यान्वयन के तहत है.

संपदा प्रबंधन संबधी भावी योजनाएं

- बैंक के संसद मार्ग, नई दिल्ली स्थित भवन को सुन्दर एवं आकर्षक बनाना
- कोयंबतूर स्थित रामनगर परिसर के जीणोद्धार का कार्य ताकि शाखा/ अधिकारियों के फ्लैटों के लिए उपलब्ध स्थान का अधिकतम उपयोग किया जा सकें.
- हैदराबाद में डिजास्टर रिकवरी साइट के लिए बैंक के अपने भवन का निर्माण करना
- बैंक ऑफ़ बड़ौदा सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर (गुजरात) का नवीकरण करना.
- मुंबई में स्थानांतरित अधिकारियों/ कार्यपालकों के लिए 138 आवासीय फ्लैटों के भांडुप स्टाफ क्वार्टर्स भवन का जीर्णोद्धार शुरु करना .
- आवासीय और व्यावसायिक भवन के निर्माण हेतु जोगेश्वरी स्टाफ कॉलेज के जीर्णोद्धार शुरू करना

- बैंगलूर में प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण शुरू करना.
- फैजाबाद में प्रशासनिक क्षेत्रीय कार्यालय भवन का निर्माण करना.
- भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरुप देशभर में फैले विभिन्न केन्द्रों पर बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थानों का निर्माण करना.

परिसर प्रभाग के लिए कार्य योजना

- तीन वर्षों के लिए अर्थात् 2013-16 हेतु परिसर नीति दिशानिर्देशों का संशोधन अप्रैल 2013 तक करना.
- वित्तीय वर्ष 14 के दौरान निम्नलिखित घरेलू परियोजनाओं को पूरा करना
  1. 138 टू बीएचके फ्लैटों को विकसित करते हुए भांडुप बिल्डिंग, मुंबई का जीर्णोद्धार करना
  2. एक बेसमेंट, एक शाखा और 16 फ्लैटों सहित जोगेश्वरी , मुंबई प्रोजेक्ट को पूरा करना.

घरेलू अनुषंगियां और सहयोगी कंपनियां.

वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान बैंक ऑफ़ बड़ौदा की अनुषंगियों संयुक्त उद्यमों और सहयोगी कंपनियों का कार्यनिष्पादन संतोषजनक और अपेक्षा के अनुरूप रहा.

बॉबकार्डस लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2011 में उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन किया जिनके फलस्वरुप वित्तीय वर्ष 2012 और वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान लाभ अर्जित किया. कंपनी ने व्यवसाय विकास के सभी गुणात्मक पहलुओं पर अपना ध्यान केंद्रित किया, परिणामस्वरूप लाभप्रदता, गुणवत्तापरक कार्ड आधार एवं सदस्य संस्थान आधार में सुधार दर्ज किया गया. कंपनी ने प्रीमियम विशेषताओं जैसे एडेड प्रिविलेजेस और ऑफर सहित प्लैटिनम कार्डस की रेंज शुरु की . कंपनी ने कार्ड और मेर्चेंट बेस को व्यापक करने हेतु अक्रामक योजनाएं तैयार कीं.

बॉब कैपिटल मार्केटस लिमिटेड एक व्यावसायिक टीम की भर्ती के साथ क्रियाशील हुआ है. कंपनी का ध्यान निवेश सलाहकार सेवा, डेबिट और इक्विटी समूहन और पूंजी मार्केट क्रियाकलापों पर होगा. कंपनी ने अक्तूबर 2009 से संस्थागत ब्रोकिंग व्यवसाय शुरु किया था और साथ ही एक ऑनलाइन संस्थागत ट्रेडिंग प्लेटफार्म का शुभारंभ भी किया था. कंपनी ने व्यावसायिक रूप से 20 जुलाई 2012 को एक ऑनलाइन रिटेल ट्रेडिंग प्लैटफार्म का शुभारंभ किया.

नैनीताल बैंक लिमिटेड को स्वर्गीय भारत रत्न पंडित गोविंद वल्लभ पंत और अन्यों द्वारा प्रोमोट किया गया था जोकि वर्ष 1973 में बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सहायोगी बैंक बना. आज, नैनीताल बैंक में बैंक ऑफ़ बड़ौदा के शेयर धारिता 98.57% है और यह बैंक का अनुषंगी बैंक है. उत्तराखंड राज्य ने दिनांक 3 अगस्त 2012 की सरकारी सूचना द्वारा अधिसूचित किया है कि अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ नैनीताल बैंक लिमिटेड को भी समतुल्य समझा जाए. बैंक ने शाखा विस्तार के कदम उठाए हैं और देहरादून में क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित किया जा चुका बैंक परिचालनों का बढ़ावा देने के लिए अक्रामक योजनाएं तैयार की है. बैंक ने 15 शाखाओं में ई स्टैंपिंग सुविधा का शुभारंभ किया और मोबाईल बैंकिंग एवं ई बैंकिंग आदि जैसे विभिन्न नई सूचना प्रौद्योगिकी की पहलें भी शुरु की है.

बड़ौदा पायोनियर एसेट मैनेंजमेंट कंपनी लिमिटेड , पयोनियर ग्लोबल एसेट मैनेजमेंट स्पा के साथ एक संयुक्त उद्यम है और यह परिचालन के पांचवें वर्ष में है. समीक्षा वर्ष के दौरान कंपनी उसके एयूएम को उल्लेखनीय ढ़ंग से सुदृढ़ बनाने में सक्षम रहा जोकि वर्ष दर वर्ष के आधार पर बढ़कर मार्च 2013 को 75.0% हो गया और डेबिट और इक्विटी मार्केट में प्रबल मंद स्थितियों के बावजूद भी एक लाख तक फोलियो एकत्र करने में सक्षम रहा. यह प्रगति, संस्थागत सेगमेंट पर सुदृढ़ ध्यान के वजह से हुई जो कि कंपनी को उनके डेबिट और पूंजी मार्केट उत्पादों सहित रिटेल निवेशकों हेतु सुव्यवस्थित निवेश योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने हासिल हुई. कई नए एनएफओ का शुभारंभ इस वर्ष किया गया और तृपक्षीय उत्पादों का ध्यान रखने हेतु दो नए चैनलों को भी जोड़ा गया. समीक्षा वर्ष के दौरान कंपनी ने निवेशक सेवा स्थानों (इंवेस्टर सर्विसिंग पॉइंटस) कर संख्या 77 से बढ़कर 203 कर दी है.

इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, लीगल एवं जेनेरल ग्रुप के साथ संयुक्त उद्यम कंपनी है. जिसने 16 नवंबर 2009 को अपना व्यावसाय परिचालन शुरू किया और देश भर में इसके उत्पादों को उत्साहवर्धक प्रतिसाद मिला.कंपनी ने वर्ष दर वर्ष पर अधिकतम 34.0% प्रगति के साथ उद्योग में बेहतर परिणाम हासिल किए. कंपनी, लाईफ इंश्योरेंस के क्षेत्र में 22 वें स्थान पर थी, चार वर्षों की अवधि के यह कंपनी प्राइवेट खिलाडियों के बीच में 8 वें स्थान आकर बड़ी खिलाडी बन गई. इंडिया फर्स्ट ने मैजिक बोर्ड का शुभारंभ किया , जोकि इसका एक सुवाह्य बिक्री प्रोसेस टूल है. कंपनी को तीसरे वर्ष लगातार मॉडल इंश्यूरर एवार्ड (एशिया) प्राप्त करने का गौरव प्राप्त हुआ.

(₹ लाख में)

संस्था (पंजीकरण की तारीख के साथ)	देश	स्वाधिकृत निधियां	कुल आस्तियां	शुद्ध लाभ	कार्यालय	स्टाफ
बॉब कैपिटल मार्केट लि, 11 मार्च 1996	भारत	13,591.17	15,018.28	596.79	1	30
बॉबकार्डस् लि., 29 सितंबर 1994	भारत	14,546.46	16,019.04	1,922.74	33	102
बड़ौदा पायोनियर एसेट मैनेजमेंट कंपनी लि., 5 नवंबर 1992	भारत	1,749.46	2,525.75	-1,871.98	1	88
इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. 19 जून 2008	भारत	37,586.92	4,19,621.90	-3,958.40	35	1,476
नैनिताल बैंक लि.., 31 जुलाई, 1922	भारत	40,065.36	4,31,808.79	5,106.10	107	830
इंडिया इन्फ्राडेट लि. 31.10.2012	भारत	30,801.66	30,813.10	801.66	1	1

राजभाषा नीति का कार्यान्वयन

समीक्षा अवधि के दौरान आपके बैंक ने राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में उल्लेखनीय प्रगति की है. बैंक ने राजभाषा अधिनियम/ राजभाषा नियमों की विभिन्न संवैधानिक आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित किया. बैंक ने भारत सरकार द्वारा वार्षिक कार्यान्वयन कार्यक्रम के तहत निर्धारित

सभी प्रमुख लक्ष्यों को प्राप्त किया तथा संसदीय राजभाषा समिति को दिए गए आश्वासनों को पूरा किया. इस वर्ष राजभाषा कार्यान्वयन की नीति में वार्षिक कार्ययोजना तैयार की गई तथा उसका अनुपालन किया गया.

बैंक को राजभाषा के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्यनिष्पादन के लिए भारत के माननीय राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी द्वारा प्रथम पुरस्कार के रूप में इंदिरा गांधी राजभाषा शील्ड प्रदान की गई. आपके बैंक की हिन्दी पत्रिका अक्षय्यम को भी भारत के माननीय राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी से वर्ष 2012 के लिए द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ.

हिन्दी पुस्तक "वित्तीय समावेशन एवं भारतीय भाषाएं" एवं अनुदेश कोश के 8 खंडों के हिन्दी संस्करण की सीडी का विमोचन

आपके बैंक की गृहपत्रिका 'बॉबमैत्री', हिंदी पत्रिका 'अक्षय्यम्' को भारतीय रिज़र्व बैंक शील्ड प्रतियोगिता के अंतर्गत तीसरा पुरस्कार प्राप्त हुआ. जयपुर तथा बड़ौदा में आपके बैंक के संयोजन में कार्यरत दोनों नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों को उल्लेखनीय कार्य निष्पादन के लिए भारत सरकार, राजभाषा विभाग द्वारा प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुए. इसी वर्ष भारत सरकार, राजभाषा विभाग द्वारा आपके बैंक के अंचल कार्यालय, पुणे को प्रथम, क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर को द्वितीय तथा अंचल कार्यालय, अहमदाबाद को तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए. आपके बैंक की गृहपत्रिका अक्षय्यम् को 'ए बी सी आई' द्वारा भारतीय भाषा प्रकाशन संवर्ग में 'गोल्ड प्राइज', अपनी बात को विशिष्ट कालम (भाषा) संवर्ग में 'सिल्वर प्राइज' प्रदान किया गया.

2. विगत वित्त वर्ष में हितधारकों की कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं तथा प्रबंधन द्वारा कितने प्रतिशत शिकायतों का संतोषजनक ढंग से समाधान किया गया ? यदि शिकायतें प्राप्त हुई हों तो 50 शब्दों में इसका विवरण दें. 2. How many stakeholder complaints have been received in the past financial year and what percentage was satisfactorily resolved by the management? *If so, provide details thereof, in about 50 words or so.*	विगत वित्त वर्ष (2012-13) के दौरान 14843 ग्राहक शिकायतें प्राप्त हुई तथा इनमें से 14692 (99%) का संतोषजनक ढंग से समाधान किया गया. बैंक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित ग्राहक शिकायत निवारण नीति तथा एक सुगठित ग्राहक शिकायत निवारण मशीनरी कार्यरत है. बैंक ग्राहक की संतुष्टि तथा उनकी आवश्यकताओं/अपेक्षाओं को पूरा करने के प्रति सजग एवं जागरुक है. बैंक इस धारणा के प्रति प्रतिबद्ध है कि तकनीक प्रक्रिया, उत्पाद और स्टाफ कौशल का उपयोग अनिवार्य रूप से ग्राहकों को उत्कृष्ट बैंकिंग सेवाएं/अनुभव प्रदान करने के लिए किया जाए. इसके अलावा, वर्ष (2012-13) के दौरान 94 सतर्कता संबंधी शिकायतें भी प्राप्त हुई. इन शिकायतों की विभिन्न अधिकारियों द्वारा जांच पड़ताल/छानबीन की गई. जिन शिकायतों में लगाए गए आरोपों का कोई प्रमाण नहीं पाया गया, उन्हें बंद कर दिया गया तथा जिन मामलों में आरोप तय पाए गए/स्टाफ उत्तरदायी पाए गए उनमें समुचित कार्यवाही की गई. During the past financial year (2012-13), 14,843 number of customer complaints were received out of which 14,692 (99%) were satisfactorily resolved. The Bank has put in place a Customer Grievance Redressal Policy, approved by the Board, and a well structured Customer Grievance Redressal Mechanism. The Bank is highly responsive to the needs and satisfaction of its customers, and is committed to the belief that all technology, processes, products and skills of its people must be leveraged for delivering superior banking experience to its customers without fail. Also, during the year (2012-13), 94 vigilance complaints were received. All these complaints were examined/investigated through various authorities. Complaints where no substance was found in the allegations were closed, and suitable action was taken in cases where accountability was observed and determined.

सिद्धान्त 2 Principle 2	**''व्यवसाय के माध्यम से इस प्रकार के उत्पाद एवं सेवाएं प्रदान की जाएं जो सुरक्षित एवं जीवनयापन में सहयोगी एवं मददगार हों.''** **"Businesses should provide goods and services that are safe and contribute to sustainability throughout their life cycle"**
1. अपने -3- ऐसे उत्पादों अथवा सेवाओं का उल्लेख करें जिन्हें सामाजिक अथवा पर्यावरण के उद्देश्यों, जोखिम तथा/अथवा अवसरों की दृष्टि से निरुपित किया गया है. List up to 3 of your products or services whose design has incorporated social or environmental concerns, risks and/or opportunities.	**i. स्वयं सहायता समूह (एसएचजी)** स्वयं सहायता समूह गरीब लोगों तक पहुंच बनाने, उनमें बचत की आदत विकसित करने और बैंक ऋण के माध्यम से उनके लिए आय के साधन जुटाने का एक किफायती जरिया है. बैंक ने स्वयं सहायता समूहों के वित्तपोषण के लिए नियमों/मानदण्डों को सरल बनाया है. बैंक स्वयं सहायता समूह बनाने के लिए प्रतिष्ठित गैर सरकारी संगठनों की मदद ले रहा है. महिला सशक्तिकरण में स्वयं सहायता समूहों की भूमिका को ध्यान मे रखते हुए बैंक महिला स्वयं सहायता समूहों के गठन एवं उनके वित्त पोषण पर ध्यान केन्द्रित कर रहा है. बैंक वित्त मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार देश के चुनिंदा पिछड़े जिलों में महिला लाभार्थियों के वित्तपोषण संबंधी योजना को क्रियान्वित कर रहा है, जिसके तहत न्यूनतम ₹.50,000/- के ऋण स्वीकृत किए जाते हैं. इस योजना को लागू करने के लिए बैंक के छः अग्रणी जिलों को चुना गया है जहां गैर सरकारी संगठनों के साथ तालमेल के जरिए केवल महिला स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जाता है.
	ii. बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बड़ौदा आरसेटी) ग्रामीण युवाओं को कार्यकुशल बनाने की आवश्यकता तथा उन्हें स्वरोजगार उद्यमों में लगाने की जरुरत को ध्यान में रखते हुए बैंक ने एक न्यास का गठन किया है. जिसके अंतर्गत ग्रामीण युवाओं को निःशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए देशभर में 47 केन्द्र स्थापित किए गए है. ये केन्द्र प्रशिक्षित युवाओं को बैंक ऋण प्राप्त करने तथा स्वयं के उद्यम स्थापित करने के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान कर रहे हैं. मार्च, 2013 तक बैंक ने 164742 अभ्यर्थियों को इसके तहत प्रशिक्षित किया है तथा इनमें से 102477 (62.20%) ने सफलतापूर्वक अपने उद्यम स्थापित कर लिए हैं.

	iii. वित्तीय साक्षरता और ऋण परामर्श केन्द्र (सारथी) समाज के वंचित वर्ग को वित्तीय सेवाओं के दायरे में लाने के लिए वित्तीय साक्षरता प्राथमिक आवश्यकता है, इसी बात को ध्यान में रखते हुए बैंक ने देशभर में 45 वित्तीय साक्षरता और ऋण परामर्श केन्द्र स्थापित किए हैं, जो उत्तरदायित्वपूर्ण ऋण दान हेतु वित्तीय साक्षरता प्रदान करते है तथा जो वित्तीय कठिनाइयों में है, उन्हें परामर्श प्रदान करते हैं. मार्च 2013 तक 46860 व्यक्तियों ने सेवाएं प्राप्त करने के लिए इन केन्द्रों से संपर्क किया. इन केन्द्रों पर संपर्क करने वालों को केन्द्रों पर कार्यरत सभी परामर्शदाता प्रत्यक्षतः सेवाएं प्रदान कर रहे हैं. परामर्शदाता दूरस्थ केन्द्रों पर शिविर लगाकर भी सेवाएं दे रहे हैं.
	i. Self Help Groups (SHGs) SHG is a cost effective way to reach out to the poor and empower them by inculcating saving habit amongst them as well as enabling them to undertake income generating activities through bank credit. The Bank has adopted more liberal norms of financing to SHGs. The Bank is also taking help of reputed NGOs for formation of SHGs. Considering the role played by SHGs in empowerment of women, the Bank is focusing on formation and financing of women SHGs. The Bank is implementing the scheme of financing to women beneficiaries in identified backward districts of the country, as per the guidelines of the Ministry of Finance, wherein the minimum loan amount of Rs 50,000 is sanctioned. The Bank's six Lead districts are identified for implementation of this scheme under which exclusive women SHGs are formed under tie up arrangement with NGOs. **ii. Baroda Swarojgar Vikas Sansthan (Baroda RSETI)** Identifying the need for imparting skills to rural youth and engaging them in self employment ventures, the Bank has formed a trust under which 47 centers are established all over the country to provide free of cost vocational training to the rural youth. These centers are also providing handholding support to the trained youth in availing bank credit and in establishment of their ventures. The Bank has trained 1,64,742 candidates under this activity out of which 1,02,477 (62.20%) have established their ventures successfully up to March 2013. **iii. Financial Literacy & Credit Counseling centers (SARATHEE)** Financial literacy being a prerequisite for bringing the excluded sections of the society under the financial services, the Bank has established 45 Financial Literacy and Credit Counseling Centers all over the country which are providing financial literacy for responsible borrowing and also counseling to those who are under financial distress. Till March 2013, 46,860 persons have visited these centers for availing the services. All the counselors at these centers are providing face to face services to the visitors at the centers as also conducting camps in the remote areas for providing their services.
2. ऐसे प्रत्येक उत्पाद के संबंध में संसाधनों के उपयोग (ऊर्जा, जल, कच्चा माल आदि) संबंधी प्रति उत्पाद निम्नलिखित विवरण दें (वैकल्पिक) i. इस संदर्भ में पिछले वर्ष की तुलना में संसाधनों/ उत्पादन/संवितरण के दौरान लाई गई कमी ii. पिछले वर्ष की तुलना में उपभोक्ताओं द्वारा उपयोग के दौरान (ऊर्जा, जल) लाई जा सकी कमी.	लागू नहीं

	For each such product, provide the following details in respect of resource use (energy, water, raw material etc.) per unit of product(optional) i. Reduction during sourcing/production/ distribution achieved since the previous year throughout the value chain? ii. Reduction during usage by consumers (energy, water) has been achieved since the previous year?	Not Applicable
3.	क्या कंपनी की धारणीय संसाधन प्राप्ति के लिए प्रक्रिया/व्यवस्था उपलब्ध है (परिवहन व्यवस्था सहित) i. यदि हां तो आपके इनपुट्स का कितना प्रतिशत धारणीय प्राप्त किया गया है ? 50 शब्दों में इसका विवरण भी दें. Does the company have procedures in place for sustainable sourcing (including transportation)? i. If yes, what percentage of your inputs was sourced sustainably? Also,provide details thereof, in about 50 words or so.	लागू नहीं Not Applicable
4.	क्या कंपनी ने स्थानीय तथा लघु उत्पादकों, जिसमें उनके कार्यस्थल के आसपास का समुदाय भी शामिल है, से उत्पाद एवं सेवाएं प्राप्त करने हेतु कोई कदम उठाए है ? यदि हां तो उनकी क्षमता तथा स्थानीय तथा छोटे वेन्डर्स की क्षमताओं में सुधार हेतु क्या उपाय किए गए हैं ? Has the company taken any steps to procure goods and services from local & small producers, including communities surrounding their place of work? If yes, what steps have been taken to improve their capacity and capability of local and small vendors?	लागू नहीं Not Applicable
5.	क्या कंपनी के पास उत्पादों तथा बेकार वस्तुओं की रिसाइकिलिंग के लिए कोई व्यवस्था है ? यदि हां तो उत्पादों तथा बेकार वस्तुओं की रिसाइकिलिंग का प्रतिशत कितना है ? (अलग-अलग <5%, 5-10%, >10%) 50 शब्दों में इसका विवरण उपलब्ध कराएं Does the company have a mechanism to recycle products and waste? If yes, what is the percentage of recycling of products and waste (separately as <5%, 5-10%, >10%). Also, provide details thereof, in about 50 words or so.	लागू नहीं Not Applicable

सिद्धान्त 3 Principle 3	"व्यवसाय से सभी कर्मचारियों की सुख-समृद्धि उन्नत होनी चाहिए." **"Businesses should promote the wellbeing of all employees"**
1. कृपया कर्मचारियों की कुल संख्या को दर्शाएं Please indicate the Total number of employees.	43,108 (31 मार्च, 2013 को) (as on 31st March 2013)
2. कृपया अस्थायी / संविदा / आकस्मिक आधार पर लिए गए कर्मचारियों की संख्या को दर्शाएं. Please indicate the Total number of employees hired on temporary/contractual/casual basis	1
3. कृपया स्थायी महिला कर्मचारियों की संख्या दर्शाएं. Please indicate the Number of permanent women employees.	8,232
4. कृपया अपंग स्थायी कर्मचारियों की संख्या दर्शाएं. Please indicate the Number of permanent employees with disabilities	760
5. क्या आपके पास कोई कर्मचारी संगठन है जो प्रबन्धन के द्वारा मान्य है? Do you have an employee association that is recognized by management?	जी हां, दो संगठन हैं (एक अधिकारी कर्मचारियों के लिए तथा एक लिपिकीय तथा अधीनस्थ कर्मचारियों के लिए) Yes, Two Associations (one for Officer Employees & one for Clerical & Sub staff Employees)
6. आपके स्थायी कर्मचारियों का कितना प्रतिशत इस मान्य कर्मचारी संगठन के सदस्य हैं? What percentage of your permanent employees is members of this recognized employee association?	अधिकारी संगठन : 43.61% लिपिकीय तथा अधीनस्थ कर्मचारी संघः 49.22% Officers' Association 43.61% Clerical & Sub staff Employees' Union 49.22%

7. कृपया पिछले वित्तीय वर्ष में बाल मजदूरी, जबरन मजदूरी, अनैच्छिक मजदूरी, यौन उत्पीड़न से सम्बन्धित शिकायतों की संख्या दर्शाएं तथा इस वित्तीय वर्ष के अंत तक बकाया शिकायतों की स्थिति दर्शाएं.
Please indicate the Number of complaints relating to child labour, forced labour, involuntary labour, sexual harassment in the last financial year and pending as on the end of the financial year.

क्र.सं. S. No.	श्रेणी Category	वित्तीय वर्ष के दौरान दर्ज की गई शिकायतों की संख्या No of complaints filed during the financial year	वित्तीय वर्ष के अंत में बकाया शिकायतों की संख्या No of complaints pending as on end of the financial year
1.	बाल मजदूरी, जबरन मजदूरी, अनैच्छिक मजदूरी Child labour /forced labour/involuntary labour	शून्य Nil	शून्य Nil
2.	यौन उत्पीड़न Sexual harassment	2	शून्य Nil
3.	पक्षपाती रोजगार Discriminatory employment	लागू नहीं Not Applicable	लागू नहीं Not Applicable

8. नीचे दर्शाए गए कर्मचारियों में से कितने प्रतिशत कर्मचारियों को पिछले वर्ष सुरक्षा तथा कौशल विकास (अपग्रेडेशन) का प्रशिक्षण दिया गया?
What percentage of your under mentioned employees were given safety & skill up-gradation training in the last year?

• स्थायी कर्मचारी Permanent Employees	56.12% (23,758)
• स्थायी महिला कर्मचारी Permanent Women Employees	52.00% (4,281)
• आकस्मिक आधार पर लिए गए / अस्थायी / संविदा कर्मचारी Casual/Temporary/Contractual Employees	शून्य Nil
• अशक्त कर्मचारी Employees with Disabilities	58.60% (443)

सिद्धान्त 4 Principle 4	**''व्यवसाय में सभी हितधारकों, विशेषकर जो वंचित, कमजोर और हाशिए पर हैं, उनके हितों का सम्मान होना चाहिए तथा उनके प्रति संवेदनशील होना चाहिए.''** **"Businesses should respect the interests of, and be responsive towards all stakeholders, especially those who are disadvantaged, vulnerable and marginalized"**
1. क्या कंपनी ने अपने आंतरिक एवं बाह्य हितधारक सुनिश्चित कर लिए है? Has the company mapped its internal and external stakeholders?	जी हां Yes
2. उपरोक्त में से क्या कम्पनी ने वंचित, कमजोर और हाशिए पर पड़े हितधारकों को चिह्नित कर लिया है? Out of the above, has the company identified the disadvantaged, vulnerable & marginalized stakeholders?	जी हां Yes
3. क्या कम्पनी ने वंचित, कमजोर और हाशिए पर पड़े हितधारकों को आकर्षित करने के लिये कोई विशेष पहल की है? यदि हां, तो इसका लगभग 50 शब्दों में विवरण दें. Are there any special initiatives taken by the company to engage with the disadvantaged, vulnerable and marginalized stakeholders. If so, provide details thereof, in about 50 words or so.	बैंक ने आंतरिक वंचित, कमजोर और हाशिए पर पड़े हितधारकों को आकर्षित करने तथा उनको लाभ पहुँचाने के लिए विभिन्न पहलें की हैं. इनमे से कुछ इस प्रकार के हैं: **अ.जा./अ.ज.जा. कर्मचारी** जाति, संप्रदाय और धर्म के आधार पर भेदभाव न कर, बैंक अपने सभी कर्मचारियों के साथ एक समान व्यवहार की भावना की नीति का आचरण करता है. अ.जा./अ.ज.जा. वर्ग के कर्मचारियों के लिए बैंक कुछ विशिष्ट लाभ/सुविधाएं/सहायता मुहैया करवाता है जैसे भर्ती पूर्व प्रशिक्षण, पदोन्नति पूर्व प्रशिक्षण तथा अ.जा./अ.ज.जा. वर्ग के कर्मचारियों के बच्चों के लिए भारत रत्न डॉ बाबासाहेब अंबेडकर मेमोरियल ट्रस्ट से छात्रवृत्ति. अ.जा./अ.ज.जा. वर्ग के कर्मचारियों से संबन्धित मुद्दों/ शिकायतों पर विचार करने के लिए बैंक ने प्रधान कार्यालय में महाप्रबंधक स्तर के मुख्य संपर्क अधिकारी तथा प्रत्येक अंचल (कुल 13) में संपर्क अधिकारी की व्यवस्था की है. साथ ही, बैंक ने प्रधान कार्यालय, बड़ौदा में एक समर्पित अनुभाग की स्थापना भी की है जिसके अनुभवी एवं पेशेवर कर्मी अ.जा./अ.ज.जा. आरक्षण से संबन्धित मुद्दों को देखते हैं तथा अ.जा./अ.ज.जा. आयोग, सरकारी कर्मचारियों एवं अन्य बाहरी एजेंसियों के साथ संपर्क में रहते हैं ताकि अ.जा./अ.ज.जा. आरक्षण संबंधी दिशा निर्देशों का समुचित अनुपालन सुनिश्चित हो. कॉर्पोरेट स्तर एवं अंचल स्तर पर बैंक, अखिल भारतीय बैंक ऑफ बड़ौदा अ.जा./अ.ज.जा. कर्मचारी कल्याण संगठन के साथ तिमाही बैठकें आयोजित करता है जिसमें अ.जा./अ.ज.जा. कर्मचारियों के लाभ एवं आरक्षण से संबन्धित विभिन्न नीतियों के समुचित अनुपालन पर नियमित रूप से विचार किए/निर्णय लिए जाते हैं. **अशक्त व्यक्ति** एक नियोक्ता के तौर पर बैंक अपने सभी कर्मचारियों को एक समान अवसर प्रदान करता है. अशक्त कर्मचारियों को अन्य कर्मचारियों के समान ही मजदूरी/वेतन, पदोन्नति तथा अन्य लाभ प्रदान किए जाते हैं. अशक्त व्यक्तियों को काम सौंपते हुए इसका उचित ध्यान रखा जाता है कि अपनी अशक्तता के बावजूद भी वे सौंपा गया कार्य आसानी से कर सकें. इसके अलावा, अशक्त व्यक्तियों को विशेष रूप से निश्चित लाभ/प्रतिफल दिये जाते हैं जैसे प्राथमिकता के आधार पर बैंक के रिहायशी आवासों का आवंटन, श्रवण यंत्र (बहरे लोगों के लिए) खरीदने के लिए वित्तीय सहायता, कृत्रिम अंग (अस्थि विकलांगता के लिए) निश्चित सीमा के भीतर, अंधे एवं अस्थि विकलांग कर्मचारियों के लिए वाहन भत्ते का भुगतान, सुविधाजनक स्थानों पर नियुक्ति, ग्रामीण/अर्ध शहरी स्थानों में नियुक्ति से छूट इत्यादि.

बैंक ने बाह्य वंचित, कमजोर और हाशिए पर पड़े हितधारकों को इसमें समाहित करने तथा उनको लाभ पहुँचने के लिए विभिन्न पहलें की हैं. इनमें से कुछ इस प्रकार के हैं:

क. ₹.1 लाख तक के कृषि ऋण में मार्जिन एवं संपार्श्विक प्रतिभूति संबंधी आवश्यकता में छूट.

ख. बड़ौदा किसान क्रेडिट कार्ड योजना (बीकेसीसी) के अंतर्गत बीकेसीसी धारक किसान वैयक्तिक ऋण सहित कृषि एवं परिवार के भरणपोषण, उपभोग की वस्तुओं एवं निवेश के लिए अग्रिम ले सकते हैं.

ग. ऋण स्वैप योजना के अंतर्गत गैर संस्थागत ऋणदाताओं से लिए गए ऋण के अधिग्रहण के समय ऋणग्रस्तता साक्ष्य संबंधी दस्तावेजों की आवश्यकता में छूट. ₹. 25000/- तक के ऋण के लिए आवेदक द्वारा केवल स्व घोषणा दिये जाने की आवश्यकता है.

घ. छोटे एवं मझोले किसानों, खेतिहर मजदूरों एवं कमजोर वर्ग के अन्य विनिर्दिष्ट श्रेणी के ऋणकर्ताओं से कोई मार्जिन राशि लेने की आवश्यकता नहीं है जबकि विशेष विकास कार्यक्रमों जैसे एसजीएसवाई इत्यादि के तहत अनुदान की व्यवस्था है.

ड. खेतिहर मजदूर, बंटाईदार एवं अलिखित पट्टेदार को फसल उपजाने के लिए दिये जाने वाले ऋण की स्थिति में, स्थानीय प्रशासन/पंचायती राज संस्था द्वारा जारी प्रमाणपत्र बैंक स्वीकार करता है.

च. कमजोर वर्गों के शिक्षा ऋणकर्ताओं एवं शहरी गरीबों के लिए आवास ऋण हेतु बैंक ऋण ब्याज अनुदान योजना संचालित कर रहा है.

छ. कृषि क्षेत्र में अग्रिम के लिए सरलीकृत ऋण दस्तावेजीकरण अर्थात एकल दृष्टिबंधन प्रक्रिया अपनाई गई है.

ज. बैंक के अन्य ग्राहकों के समान ही दृष्टिहीन ग्राहकों को वैकल्पिक डिलिवरी चैनल के माध्यम से बैंकिंग संव्यवहार कर पाने योग्य बनाने हेतु बैंक ने अपने कुछ चुनिन्दा एटीएम में ध्वनि निर्देशित परिचालन की व्यवस्था लागू की है.

The Bank has taken various initiatives to engage and extend benefits to the internal disadvantaged, vulnerable and marginalized stakeholders. Some of them are as under:

SC/ST Employees

The Bank practices policy of equal treatment of all employees without any discrimination and bias on the basis of caste, creed and religion. The Bank extends certain special benefits/facilities/assistance to employees belonging to SC/ST category such as pre-recruitment training, pre promotion training and scholarship for meritorious students among children of employees belonging to SC/ST category, from Bharat Ratna Dr. Babasaheb Ambedkar Memorial Trust.

The Bank has a Chief Liaison Officer in the rank of General Manager at Head office level and Liaison officer at each zone (total 13) for effectively addressing issues/grievances of SC/ST employees. Also, there is a dedicated SC/ST cell at the Bank's Head Office, Baroda, manned by experienced professionals, which deals with issues related to SC/ST reservation and liaison with SC/ST commission, Government officials and other external agencies for ensuring strict compliance of SC/ST reservation guidelines.

The Bank conducts quarterly meetings with All India Bank of Baroda SC/ST Employees Welfare Association at corporate level as well as zonal offices level wherein regular view is made about the proper implementation of the various policies pertaining to reservation and benefits extended to employees belonging to SC/ST.

Persons with Disabilities

The Bank, as an employer, provides equal opportunities to all its employees. The wages/salaries, promotions and other benefits extended to employees with disabilities are at par with other employees. At the time of assignment of duties to employees with disabilities, proper care is taken to ensure that they are able to discharge their duties comfortably, despite their disability.

Moreover, certain benefits/considerations are especially extended to persons with disabilities such as preferential allotment of the Bank's residential accommodation, financial assistance for buying hearing aid (for hearing impaired persons), artificial limbs (for orthopedically challenged) within certain limits, payment of conveyance allowance to blind and orthopedically handicapped employees, convenient place of posting, exemption from rural/semi-urban posting etc.

The Bank has taken various initiatives to engage and extend benefits to the external disadvantaged, vulnerable and marginalized stakeholders. Some of them are as under.

a. Margin and collateral security requirements are waived for agricultural loans up to Rs 1 lakh.
b. Under Baroda Kisan Credit Card (BKCC) Scheme, BKCC holder farmers can avail farm and family maintenance, consumption and investment credit including personal loans.
c. Under the Debt Swap scheme for takeover of loans availed from non institutional lenders, the Bank has waived the requirement for any documentary evidence for indebtedness. Only self declaration for loans up to Rs 25,000 is required from the applicant.
d. For small and marginal farmers, agriculture labourers and other specified categories of weaker sections, no margin from borrowers is required where subsidy is available under special development programmes like SGSY, etc.
e. The Bank is accepting certificates provided by local administration/ Panchayti Raj institutions regarding the cultivation of crops in case of loans to landless laborers, sharecroppers and oral lessees.
f. The Bank is implementing Interest Subsidy Scheme for Education Loan borrowers belonging to weaker sections and Interest Subsidy Scheme for Housing the Urban Poor.
g. Simplified loan documentation i.e. Single hypothecation document is adopted for lending to Agriculture Sector.
h. The Bank has implemented Voice Guidance Functionality on its select ATMs for assisting its Visually Challenged Customers to enable them to carry out banking transactions on alternate delivery channels and bring them to par with all other customers of the Bank.

सिद्धान्त 5 Principle 5	''व्यवसाय को मानवाधिकारों का सम्मान एवं संवर्द्धन करना चाहिए.'' **"Businesses should respect and promote human rights"**
1. क्या कंपनी की मानवाधिकार नीति केवल कंपनी से सम्बद्ध है या इसमें समूह/संयुक्त उद्यम/ आपूर्तिकर्ता/संविदाकार/एनजीओ/ अन्य शामिल हैं? Does the policy of the company on human rights cover only the company or extend to the Group / Joint Ventures / Suppliers / Contractors / NGOs / Others?	बैंक की मानवाधिकार नीतियाँ प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से केवल बैंक परिचालन से ही सम्बद्ध है और ये अनुषंगियों पर लागू नहीं होती. बैंक इस तथ्य से अच्छी तरह से परिचित है कि सभी व्यक्ति स्वतंत्र एवं समान हैं और व्यक्तियों के मौलिक अधिकारों का सम्मान अवश्य होना चाहिए. बैंक ऐसी नीतियों का अनुसरण करता है जिससे राष्ट्रीय मूल, नागरिकता, रंग, जाति, विश्वास, धर्म, पूर्वजों, वैवाहिक स्थिति, लिंग, अपंगता, उम्र, यौन उन्मुखता, जन्म स्थान, सामाजिक स्थिति, या नियम विरुद्ध अन्य किसी आधार पर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से पक्षपात न हो. कार्यस्थल पर मानवाधिकार संबंधी भारतीय संविधान के तथ्यों एवं अंतर्राष्ट्रीय नियमों को बैंक अच्छी तरह समझता है. बैंक सगठनों की आजादी एवं परस्पर सहमति का सम्मान करता है. **यौन उत्पीड़न की रोकथाम** कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न का बैंक निषेध करता है. कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए सेवा शर्तों में समुचित प्रावधान है. तदनुसार, बैंक ने कार्यस्थल पर महिला कर्मचारियों से संबन्धित मामलों को देखने के लिए कॉर्पोरेट स्तर पर उप महाप्रबंधक स्तर की मुख्य महिला संपर्क अधिकारी की नियुक्ति की है. सभी 13 अंचलों में, महिला कर्मचारियों से संबन्धित शिकायतों पर त्वरित एवं तत्परता से कारवाई करने के लिए एक महिला संपर्क अधिकारी की व्यवस्था है. इन महिलाओं को महिला कर्मचारियों से संबन्धित शिकायतों को संभालने के लिए समर्थ बनाने हेतु आवधिक प्रशिक्षण दिये जा रहे हैं. महिला कर्मचारियों से संबन्धित मामलों, उनके अधिकारों एवं यौन उत्पीड़न से रोकथाम के महत्व एवं इसकी संवेदनशीलता पर लगातार बल दिया जा रहा है. महिला कर्मचारियों के लाभ, अधिकार, यौन उत्पीड़न से रोकथाम, सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देश एवं उन्हें लागू करने के लिए बैंक समय समय पर परिपत्र जारी कर सेवा शर्तों के नियमों को लागू करता है. **बैंक वैबसाइट के माध्यम से सूचना को जनता तक पहुंचाना** बैंक अपने उत्पादों/सेवाओं/ जनता के लिए उपलब्ध सुविधाओं की अद्यतन जानकारी / कोई अन्य सूचना जो सार्वजनिक की जा सकती है, पब्लिक डोमैन में रखता है. एक अधिसूचित कंपनी होने के नाते सार्वजनिक सूचना के लिए बैंक अपने वित्तीय परिणाम को पब्लिक डोमैन में प्रदर्शित करता है. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 में दी गई सार्वजनिक प्राधिकरण की परिभाषा के अनुसार बैंक एक सार्वजनिक प्राधिकरण है और इसीलिए सर्व साधारण को सूचना उपलब्ध कराने के लिए बाध्य है. **शिकायतों का निपटारा** ग्राहक शिकायत को शीघ्रता से निपटने हेतु ग्राहक शिकायत निपटान प्रणाली को मजबूत करने के लिए बैंक ने कई कदम उठाए हैं. इनमे से एक है मानक जन शिकायत निवारण प्रणाली (एसपीजीआरएस). ग्राहक शिकायत निपटान के लिए यह एक वेब आधारित मौडयूल है. यद्यपि, बैंक ग्राहकों के अधिकार का सम्मान करता है, फिर भी यदि वे अपनी शिकायत के निपटाए जाने से संतुष्ट नहीं हैं तो आरबीआई की लोकपाल योजना, 2006 के अंतर्गत राज्यों की राजधानियों में स्थित बैंकिंग लोकपाल से संपर्क कर सकते हैं. The Bank's various policies protecting the Human Rights, directly or indirectly, cover only the operations of the Bank and do not extend to its subsidiaries etc.

	The Bank is well conscious of the fact that all human beings are free and equal, and that the basic human rights of individuals must be respected. The Bank follows such policies that, directly or indirectly, do not discriminate on the basis of national origin, citizenship, color, race, belief, religion, ancestry, marital status, gender, disabilities, age, sexual orientation, place of birth, social status, or any other basis prohibited by the law.
	The Bank understands well the Human Rights content of the Constitution of India and other international laws on Human Rights at the work place. The Bank respects the freedom of associations and the right to collective bargaining. **Prevention of Sexual Harassment** The Bank prohibits sexual harassment at the work place. In the Service conditions, there are clauses exclusively for prevention of sexual harassment at workplace. Accordingly, for addressing issues related specifically to women employees in work places, the Bank has appointed Chief Lady Liaison Officer in the rank of Deputy General Manager at the Corporate office level. At each of the 13 zones, there is one lady liaison officer to ensure prompt and expeditious redressal of the grievances of women employees. These ladies are given periodical training to equip themselves to handle grievance of women employees effectively. There are regular reinforcements regarding sensitivity and importance of matters relating to women employees, their rights and prevention of Sexual Harassment. The Bank issues circulars from time to time reinforcing service condition rules, benefits to women employees, rights of women employees, prevention of Sexual Harassment, guidelines issued by Supreme court of India and their implementation. **Dissemination of Information to public through the Bank's web site** The Bank places up-to-date information about its Products / Services / Facilities available to public/any other information, which can be disclosed, in public domain. Being a listed company, the Bank displays its financial results in the public domain for information to the public. Bank of Baroda is a Public Authority, as per definition of Public Authority in the Right to Information Act, 2005, and, thus, is under obligation to provide the information to members of public. **Redressal of Complaints** The Bank has taken several measures to strengthen the customer complaint redressal machinery for fast disposal of customer complaints. One of such measures being Standardized Public Grievances Redressal System (SPGRS), a web based online customer complaint redressal module. However, the Bank respects the right of the customers, in case they are not satisfied with the redressal of their complaints, to approach The Banking Ombudsman located in State Capitals under RBI Ombudsman Scheme 2006.
2. विगत वित्तीय वर्ष के दौरान कितने हितधारकों से शिकायतें प्राप्त हुई है और कितने प्रतिशत को प्रबंधन द्वारा संतोषपूर्ण ढंग से निपटाया गया. How many stakeholder complaints have been received in the past financial year and what percent was satisfactorily resolved by the management?	वित्तीय वर्ष के दौरान यौन उत्पीड़न से संबन्धित दो शिकायतें प्राप्त हुई जिन्हें बिना समय गंवाए संतोषपूर्ण ढंग से निपटा लिया गया. There were two complaints filed on Sexual Harassment during the financial year which were satisfactorily resolved without any loss of time.

सिद्धान्त 6 Principle 6	**''व्यवसाय को पर्यावरण का सम्मान, संरक्षण एवं पुनरुद्धार करना चाहिए''** **"Business should respect, protect, and make efforts to restore the environment"**
1. क्या कंपनी की सिद्धान्त 6 से संबन्धित नीति केवल कंपनी को कवर करती है या इसमें समूह/संयुक्त उद्यम/ आपूर्तिकर्ता/ संविदाकार/ एनजीओ/ अन्य शामिल हैं? Does the policy related to Principle 6 cover only the company or extends to the Group/Joint Ventures / Suppliers/ Contractors/ NGOs/ others.	यह नीति केवल बैंक को कवर करती है. The policy covers the Bank only.
2. क्या कंपनी के पास भूमंडलीय वातावरण संबंधी मामलों जैसे वातावरण में परिवर्तन, भूमंडलीय ताप वृद्धि इत्यादि के लिए रणनीति है/ कदम उठाए हैं? अगर हाँ, तो वेब पेज इत्यादि के लिए हायपरलिंक दें. Does the company have strategies/initiatives to address global environmental issues such as climate change, global warming, etc? If yes, please give hyperlink for webpage etc.	जी हाँ क) बैंक की घरेलू ऋण नीति के अनुसार पर्यावरण को हानि पहुंचाने वालों उद्योगों को बैंक ऋण नहीं देता है जैसे ओज़ोन को क्षति पहुँचने वाले पदार्थ यथा- फोम उत्पादन, रेफ्रिजरेटर एवं एयर कंडीशनर, ऐरोसोल उत्पादन, सफाई वाले विलायकों में उपयोग की जा रही क्लोरोफ़्लोरो कार्बन (सीएफ़सी - 11, 12, 113 & हैलोंस - 1211, 1301, 2402) ख) ऋण प्रस्तावों का मूल्यांकन करते समय बैंक पर्यावरण अनुकूल हरित परियोजनाओं को महत्ता एवं प्राथमिकता देता हैं ताकि कार्बन क्रेडिट को बढ़ावा मिले जैसे पवन चक्की/सौर ऊर्जा परियोजना इत्यादि. ग) विषैले प्रदूषक उत्सर्जन वाली निर्माण इकाइयों के मामलों में, ऐसे प्रदूषकों को वातावरण में छोड़ने से पहले इसके प्रसंस्करण के लिए जल प्रशोधन प्रणाली की स्थापना पर ज़ोर देता है और सुनिश्चित करता है कि ऋणकर्ता ग्राहक ने केन्द्रीय/ राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया है. Yes a) As per the Bank's Domestic Loan Policy, the Bank is not extending any finance to the environmental hazardous industries viz. Industries using Ozone Depleting Substances such as Chlorofluoro carbon CFC-11,12,113 & Halons-1211, 1301, 2402 being used in Foam Products, Refrigerators & Air-conditioners, Aerosol products, Solvents in cleaning. b) While appraising the credit proposal, the Bank gives due weightage and preference to the environment friendly green projects which earn the carbon credits such as Wind Mills/ Solar Power projects. c) In case of manufacturing units, emitting toxic pollutants, the Bank insists upon installation of water treatment projects for processing of such pollutants before release into the environment and ensures that the borrower client also obtains NOC from Central/State Pollution Control Board.
3. क्या कंपनी पर्यावरण संभावित जोखिम को चिन्हित/ आकलन करती है? Does the company identify and assess potential environmental risks?	जी हाँ, टीईवी (तकनीक-आर्थिक-व्यवहार्यता) अध्ययन एवं परियोजना मूल्यांकन में, पर्यावरण संबंधी जोखिम को कम किए जाने को बैंक उचित महत्व देता है. Yes, in the TEV {Techno-Economic-Viability} study/project appraisal, the Bank gives due weightage to the mitigation of Environmental Risks. The sanction decisions are influenced by the considerations of environment protection.

4. क्या कंपनी के पास स्वच्छता विकास प्रणाली संबंधी कोई परियोजना है? अगर है तो, लगभग 50 शब्दों में इसका विवरण दें. और, यदि हाँ तो, क्या पर्यावरण संबंधी अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है? Does the company have any project related to Clean Development Mechanism? If so, provide details thereof, in about 50 words or so. Also, if Yes, whether any environmental compliance report is filed?	कागज रहित बैंकिंग को बढ़ावा देने के लिए बैंक ने विभिन्न तकनीकी पहलें की हैं. प्रस्तावों की स्वीकृति के समय, कागज रहित बैंकिंग को बढ़ावा देने के लिए बैंक ई-व्यवसाय दिशा - निर्देशों का अनुपालन तय/निर्धारित करता है. ज़्यादातर एटीएम रहित क्षेत्रों में बैंक एटीएम की संस्थापना पर ज़ोर देता है जिसे यात्रा में समय व पेट्रोल/डीजल की खपत कम होती है और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने मे मदद मिलती है. The Bank has taken various technological initiatives to promote paperless banking. While sanctioning proposals, the Bank stipulates compliance with e-business guidelines to promote paperless banking. The Bank also gives the old stationary for destruction only to the recycling units. The Bank is focusing on increasing installation of ATMs mostly in the uncovered areas, thereby, reducing the time and Petrol/Diesel consumption in travelling and helping in maintaining clean environment.
5. क्या कंपनी ने प्रदूषण रहित तकनीकी, ऊर्जा दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा इत्यादि के लिए कोई पहल की है. यदि हाँ, तो वेब पेज इत्यादि के लिए हायपरलिंक दें. 5. Has the company undertaken any other initiatives on - clean technology, energy efficiency, renewable energy, etc. If yes, please give hyperlink for web page etc.	बैंक की ऐसी कोई प्रत्यक्ष परियोजना नहीं है लेकिन बैंक ने कई सौर ऊर्जा, जैव ईंधन, लघु जल एवं पवन शक्ति परियोजनाओं को वित्तपोषित किया है. पर्यावरण अनुकूल नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के वित्तपोषण को बैंक प्राथमिकता देता है. The Bank has no such direct project but the Bank has financed many Solar Power, Biomass, Small Hydro & Wind Power Projects. The Bank gives priority in financing environment friendly renewable energy projects.
6. क्या आलोच्य वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी का अवशिष्ट उत्पादन/ उत्सर्जन सीपीसीबी/ एसपीसीबी द्वारा अनुमत सीमा के भीतर है? 6. Are the Emissions/Waste generated by the company within the permissible limits given by CPCB/SPCB for the financial year being reported?	बैंक सेवा उद्योग के अंतर्गत आता है और इसलिए कोई विषैले/खतरनाक प्रदूषक का उत्सर्जन नहीं करता है. तथापि, निर्माण इकाइयों का वित्तपोषण करते हुए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना बैंक की प्राथमिक शर्तों में से एक है. वातावरण संबंधी अनुपालन को बैंक प्रमुख स्वीकृति शर्तों में रखता है. The Bank is in service industry and, therefore, does not emit any toxic/ hazardous pollutants. However, while financing to manufacturing units, obtaining NOC from Pollution Control Boards is one of the Bank's primary conditions. The Bank stipulates Environmental compliance as one of the main conditions of sanction.
7. वित्तीय वर्ष के अंत में सीपीसीबी/एसपीसीबी से प्राप्त लंबित (अर्थात संतोषजनक रूप से नहीं निपटाए गए) कारण बताओ/विधिक नोटिस की कुल संख्या 7. Number of show cause/ legal notices received from CPCB/SPCB which are pending (i.e. not resolved to satisfaction) as on end of Financial Year.	इस तरह का कोई उदाहरण नहीं हैं. No such instance.

सिद्धान्त 7 Principle 7	**''व्यवसाय जब जनता एवं नियामक नीतियों को प्रभावित करता हो तो इसे ज़िम्मेदारी पूर्वक सम्पन्न किया जाना चाहिए''.** **"Businesses, when engaged in influencing public and regulatory policy, should do so in a responsible manner"**
1. क्या आपकी कंपनी किसी ट्रेड और चैंबर या संगठन की सदस्य है? यदि हाँ, तो उनमें से प्रमुख का नाम जिनके साथ आपका व्यवसाय सम्बद्ध है? 1. Is your company a member of any trade and chamber or association? If Yes, Name only those major ones that your business deals with.	जी हाँ, 1. भारतीय बैंक संघ (आईबीए) 2. भारतीय बैंकिंग और वित्त संस्थान (आईआईबीएफ़) 3. बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) 4. राष्ट्रीय बैंक प्रबंध संस्थान (एनआईबीएम) 5. इंडियन मर्चेन्ट चैंबर (आईएमसी) 6. महाराष्ट्र आर्थिक विकास परिषद (एमईडीसी) 7. भारतीय वाणिज्य और उद्योग मण्डल परिसंघ (एफ़आईसीसीआई) 8. उच्चस्तरीय वित्तीय अनुसंधान तथा अध्ययन केंद्र (सीएएफ़आरएएल) 9. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) 10. भारतीय समाशोधन निगम लिमिटेड (सीसीआईएल) 11. द असोसिएटेड चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एएसएसओसीएचएएम) 12. स्विफ्ट इंटरनेशनल बैंकिंग ऑपरेशन सेमिनार (एसआईबीओएस) Yes. 1. Indian Banks Association (IBA) 2. Indian Institute of Banking & Finance (IIBF) 3. Institute of Banking Personnel Selection (IBPS) 4. National Institute of Bank Management (NIBM) 5. Indian Merchant Chamber (IMC) 6. Maharashtra Economic Development Council (MEDC) 7. Federation of Indian Chambers of Commerce and Industry (FICCI) 8. Centre for Advanced Financial Research and Learning (CAFRAL) 9. National Payments Corporation of India (NPCI) 10. The Clearing Corporation of India Ltd (CCI) 11. The Associated Chambers of Commerce and Industry of India (ASSOCHAM) 12. Swift International Banking Operations Seminar (SIBOS)
2. क्या आपने उपरोक्त संगठनों के माध्यम से सार्वजनिक हित की प्रगति/सुधार के लिए समर्थन/प्रचार किया है. यदि हाँ, तो प्रमुख क्षेत्र विनिर्दिष्ट करें जैसे शासन प्रणाली और प्रशासन, आर्थिक सुधार, समग्र विकास नीतियाँ, ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा, दीर्घकालिक व्यवसाय सिद्धान्त, अन्य 2. Have you advocated/lobbied through above associations for the advancement or improvement of public good? If yes, specify the broad areas such as Governance and Administration, Economic Reforms, Inclusive Development Policies, Energy security, Water, Food Security, Sustainable Business Principles, Others)	देश के विशालतम वाणिज्यिक बैंकों में से एक होने के नाते बैंक नीति निर्धारकों एवं नीति निर्धारक संगठनों, जो बैंकिंग उद्योग की कार्यपद्धति और नियंत्रण संबंधी नीतियों, मौद्रिक नीति, वित्तीय समावेशन संबंधी नीतियों तथा बैंकिंग उद्योग के दीर्घकालिक विकास से प्रभावी रूप से सम्बद्ध है. Bank being one of the largest commercial banks in the country works closely with policymakers and policy-making associations, especially in evolving the policies that govern the functioning and regulation of the banking industry, monetary policy, financial inclusion related policies, and sustainable development of the banking industry.

सिद्धान्त 8 Principle 8	''व्यवसाय से समग्र वृद्धि तथा समान विकास को बल मिलना चाहिए''. "Businesses should support inclusive growth and equitable development"
1. क्या कंपनी के पास सिद्धान्त 8 से संबन्धित नीतियों का अनुसरण करने के लिए विनिर्दिष्ट कार्यक्रम/पहल/ परियोजना है. यदि हाँ, तो इसका विवरण दें. 1. Does the company have specified programmes/ initiatives/projects in pursuit of the policy related to Principle 8? If yes, details thereof.	समाज की समग्र वृद्धि तथा समान विकास के लिए बैंक ने कई कार्यक्रम/परियोजनाएं/ पहल करने का प्रयास किया है. **विवरण निम्नप्रकार से हैः** समग्र विकास के लिए बैंक ने वहन करने योग्य लागत पर बैंक रहित ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करवाने हेतु वित्तीय समावेशन परियोजना लागू की है और समान विकास के लिए इसे मुख्य आर्थिक धारा से जोड़ा है. इस वर्ग की आवश्यकताओं को देखते हुए बैंक ने विशेष उत्पाद तैयार किए हैं जैसे बचत सह अंतर्निहित ओवरड्राफ्ट सुविधा, लचीली आवर्ती जमा, बड़ौदा किसान क्रेडिट कार्ड, बड़ौदा सामान्य क्रेडिट कार्ड तथा ग्रामीण समुदाय की आवश्यकता को देखते हुए कम प्रीमियम पर बीमा उत्पाद. आवंटित गाँवों में बैंकिंग सेवा उपलब्ध करवाने के लिए बैंक ने आईसीटी आधारित बीसी मॉडल, मोबाइल वैन तथा ब्रिक एवं मोर्टर शाखा मॉडल लागू किया है. बैंक ने अब तक विभिन्न मॉडलों के अंतर्गत 4,959 गाँवों को कवर किया है जिसमें 3,474 बीसी मॉडल के अंतर्गत, 1,436 भौतिक शाखाओं एवं 49 गाँव मोबाइल वैन द्वारा कवर किए गए हैं. बैंक में 49.60 लाख मूल बचत बैंक जमा खाते खोले गए हैं जिनमें से 8.69 लाख खाते व्यवसाय प्रतिनिधि अभिकर्ताओं के माध्यम से खोले गए हैं. 10.33 लाख ग्राहकों ने केसीसी सुविधा प्राप्त की है जिसमें कुल बकाया शेष राशि ₹.10,404.38 करोड़ है. 0.15 लाख ग्राहकों ने जीसीसी सुविधा प्राप्त की है जिसमें कुल बकाया शेष राशि ₹.35.52 करोड़ है. बैंक के सेवा क्षेत्र में लगभग 21,526 गाँव आते हैं और शेष गाँवों को विभिन्न मॉडलों के तहत अगले तीन वर्ष अर्थात मार्च 2016 तक कवर करने के लिए चरणबद्ध योजना तैयार की है. बैंक की वर्ष 2013-14 में 6,165 गाँव, 2014-15 में 5,200 गाँव तथा शेष 5,202 गाँव वर्ष 2015-16 में कवर करने की योजना है. The Bank has undertaken several initiatives/programmes/projects in pursuit of inclusive growth and equitable development of the society. **Details are as under:** The Bank has implemented Financial Inclusion projects to provide banking services in un-banked rural areas with affordable cost to the rural masses and covered them in main economical stream for inclusive growth. Considering the need of the segment, the Bank has devised special products such as Savings cum in-built Overdraft facility, Flexible Recurring Deposit, Baroda Kisan Credit Card, Baroda General Credit Card and Insurance product with low premium to cater to the needs of the rural masses. The Bank has implemented ICT based BC model, Mobile Van and Brick & Mortar branches models to provide banking services in the allocated villages. The Bank has so far covered 4,959 villages through various models, out of which 3,474 are covered through BC model, 1,436 through brick and mortar branches and 49 through mobile van. The Bank has opened 49.60 lakh Basic Savings Bank Deposit Accounts, out of which 8.69 lakh accounts were opened through the Business Correspondent Agents. About 10.33 lakh customers availed KCC facility having balance outstanding Rs 10,404.38 crore and 0.15 lakh customers availed GCC facility having balance outstanding Rs 35.52 crore. The Bank has approximately 21,526 villages in its service area and planned to cover all remaining villages in a phased manner during next three years i.e. by March 2016 through various models. It has planned to cover 6,165 villages during 2013-2014, 5,200 during 2014-2015 and remaining 5,202 during the year 2015-2016.

2. क्या यह कार्यक्रम/परियोजना आंतरिक टीम/अपनी संस्था/बाहरी एनजीओ/सरकारी संरचनाओं/अन्य किसी संगठन के माध्यम से चलाया जाता है? Are the programmes/projects undertaken through in-house team/own foundation/external NGO/ government structures/ any other organization?	वित्तीय समावेशन योजना आंतरिक टीम की मदद से चलायी जाती है. बैंक ने इस उद्देश्य के लिए पृथक विभाग की स्थापना की है जिसके प्रभारी महाप्रबंधक हैं. The financial inclusion projects have been undertaken with the help of an in-house team. The Bank has set up a separate department headed by General Manager for this purpose.
3. क्या आपने कभी अपने पहलों के प्रभावों का मूल्यांकन किया है ? Have you done any impact assessment of your initiative?	जी हां, जैसा कि ऊपर कहा गया है, मूल बचत योजना के अंतर्गत समूचे देश में कुल 49.60 लाख खाते खोले गए हैं, जिसमें से 8.69 लाख खाते व्यवसाय प्रतिनिधियों के माध्यम से खोले गए है. यह महसूस किया गया है कि बचत के लिए बैंक खाते जैसा विश्वसनीय स्रोत/जरिया मिलने पर, वे लोग जो पहले बचत नहीं कर पाते थे अब पैसा बचाने की आदत डाल रहे हैं. इस तथ्य को इस बात से भी बल मिलता है कि सीमित सुविधा वाले (नो फ्रिल) खातों में कुल औसत निधि लगातार बढ़ रही हैं. हमारे बैंक के पास दिनांक 31.03.2013 को यह निधि लगभग ₹.1,300 करोड़ थी. बैंक खातों की सुविधा के अभाव में या तो यह निधि मुख्य धारा बैंकिंग में नहीं आती या फिर उपभोग के रूप में व्यय हो जाती. व्यवसाय प्रतिनिधि द्वारा खोले गए खातों में वित्तीय वर्ष के दौरान 18.71 लाख अंतरण हुए हैं जिनमें ₹.203.34 करोड़ राशि के संव्यवहार हुए, जो यह दर्शाता है कि लोगों ने बैंकिंग सुविधा का उपयोग शुरु कर दिया है. बैंक ने वित्तीय समावेशित ग्राहकों को काफी मात्रा में ऋण भी दिए हैं. ₹.2.96 करोड़ की अंन्तर्निहित ओवरड्राफ्ट सुविधा के उपयोग से न केवल उनको आसानी हुई है बल्कि धीरे-धीरे वे निजी ऋणदाताओं की पकड़ से बाहर आ रहे हैं. Yes, as stated earlier, 49.60 lakh accounts were opened under Basic Savings Bank Deposit Schemes across the country. Out of which 8.69 lakh accounts were opened through Business Correspondents. It is observed that after getting a trustworthy source for saving of their surplus funds like bank account, the people who were earlier not able to save have started developing the habit of saving money. It can be seen from the fact that average aggregate funds in no-frill accounts are continuously increasing. As on 31.03.2013, such funds were around Rs 1,300 crore with our bank. In the absence of bank account facility, these funds either would not have been brought into mainstream banking or would have been lost in consumption. About 18.71 lakh transactions amounting to Rs 203.34 crore have been processed during the financial year in the accounts opened through Business correspondents, thereby indicating that these people have started using banking facilities. The Bank has also lent substantial amount to Financial Inclusion customers. The availability of up to Rs 2.96 crore in-built overdraft facility is not only giving them comfort but removing them slowly out of the clutches of private money lenders.
4. समुदाय विकास योजनाओं में आपकी कंपनी का प्रत्यक्ष योगदान क्या है ? (राशि ₹.में और प्रारंभ की गई परियोजनाओं का विवरण) What is your company's direct contribution to community development projects (Amount in INR and the details of the projects undertaken).	समुदाय विकास तथा सामाजिक आर्थिक कल्याण गतिविधियों से जुड़े 13 विभिन्न संगठनों को बैंक ने कुल राशि ₹.699.74 लाख के ऋण वितरित किए हैं. (कृपया अनुभाग ख मद संख्या 5 का संदर्भ लें) The Bank has disbursed a sum of Rs 699.74 lakh to 13 organizations engaged in various community development and socio-economic welfare activities. (Pl. refer to Section B point no. 5)
5. क्या आपने यह सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठाया है कि समुदाय विकास पहल को लोगों ने सफलतापूर्वक अपनाया है. यदि हां तो, कृपया 50 शब्दों में विवरण दें. Have you taken steps to ensure that this community development initiative is successfully adopted by the community? Please explain in 50 words, or so.	पंजीकृत संगठन/संस्थान के सनदी लेखाकार से बैंक इस संबंध में एक प्रमाणपत्र प्राप्त करता है कि बैंक द्वारा स्वीकृत दान का उपयोग संबंधित उद्देश्य के लिए हुआ है. The Bank is obtaining a certificate issued by a Chartered Accountant of the done Organization/Institute confirming the end use of the donation for the purpose for which the donation was sanctioned by the Bank.

सिद्धान्त 9 Principle 9	**''व्यवसाय को अपने ग्राहकों तथा उपभोक्ताओं से जुड़े रह कर उनको जिमेदारीपूर्ण ढंग से महत्व देना चाहिए.''** **"Businesses should engage with and provide value to their customers and consumers in a responsible manner"**
1. इस वित्तीय वर्ष के अंत तक कितने प्रतिशत ग्राहक शिकायतें/उपभोक्ता मामले लंबित हैं ? 1. What percentage of customer complaints/consumer cases are pending as on the end of financial year?	इस वित्तीय वर्ष 2012-13 के अंत तक कुल प्राप्त शिकायतों (14,692) की 1.03% (151) शिकायतें लंबित है. 1.03% (151) of the total number of complaints received (14,692) are pending as at the end of the financial year 2012-13
2. क्या कंपनी ने उत्पाद लेबल पर स्थानीय कानून की अनिवार्यता के तहत निर्धारित सूचनाओं के अतिरिक्त उत्पाद संबंधी सूचनाएं प्रदर्शित की है? 2. Does the company display product information on the product label, over and above what is mandated as per local laws?	लागू नहीं. Not Applicable
3. क्या पिछले पांच वर्षों के दौरान किसी हितधारक ने कंपनी के विरुद्ध अवैध व्यापार, गैर-जिम्मेदाराना विज्ञापन और/या गैर प्रतिस्पर्धात्मक व्यवहार के संबंध में मामला दर्ज किया है और यह इस वित्तीय वर्ष के अंत तक लंबित है ? यदि है तो, लगभग 50 शब्दों में इसका विवरण दें. 3. Is there any case filed by any stakeholder against the company regarding unfair trade practices, irresponsible advertising and/or anti-competitive behaviour during the last five years and pending as on end of financial year. If so, provide details thereof, in about 50 words or so.	शून्य Nil
4. क्या आपकी कंपनी ने कोई उपभोक्ता संतुष्टि प्रवृत्ति / उपभोक्ता सर्वेक्षण कराया है Did your company carry out any consumer survey/ consumer satisfaction trends?	बैंक में वार्षिक आधार पर ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण कराया जाता है. वित्तीय वर्ष 2012-13 के लिए बैंक वेबसाइट पर 16.10.2012 से 28.02.2013 तक ऑनलाइन ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण लिंक उपलब्ध कराया गया जिसमें ग्राहक सेवा संतुष्टि संबंधित 25 प्रश्न तैयार कर ग्राहकों से फीडबैक लिया गया. कुल मिलाकर, 12,512 उत्तरदाताओं ने सर्वेक्षण में भाग लिया, जिसमें से, 1. 22% उत्तरदाताओं ने सेवा को बहुत अच्छा करार दिया. 2. 22% उत्तरदाताओं ने सेवा को अच्छा कहा. 3. 17% उत्तरदाताओं ने सेवा को संतोषजनक कहा. 4. 15% उत्तरदाताओं ने सेवा को खराब कहा. 5. 24% उत्तरदाताओं ने कोई मूल्यांकन नहीं दिया. A customer satisfaction survey is conducted in the Bank on annual basis. For the financial year 2012-13, an online Customer Satisfaction Survey was launched and a survey link containing set of 25 questions designed for study on customer service satisfaction was placed on the Bank's website from 16.10.2012 to 28.02.2013 to obtain feedback from the customers. In all, 12,512 respondents participated in the survey, of which 1. 22% respondents rated the services as Very Good. 2. 22% respondents rated the services as Good. 3. 17% respondents rated the services as satisfactory. 4. 15% respondents rated the services as poor. 5. 24% respondents did not rate.

हरित पहल - शेयर धारकों से अपील

ई-मेल के माध्यम से नोटिस/वार्षिक रिपोर्टें तथा अन्य पत्राचार प्राप्त करना.

डिमेट खातो में शेयर रखनेवाले शेयर धारकों से अनुरोध है कि वे अपने डिमेट खाते में ई-मेल आईडी दर्ज करें.

भौतिक रूप से शेयर रखनेवाले शेयर धारकों से अनुरोध है कि -

इस पत्र के नीचे दिये गये भाग को भरकर तथा उस पर हस्ताक्षर करके उसे हमारे रजिस्ट्रार के पास नीचे लिखे पते पर भिजवा दें -

मै. कार्वी कंप्यूटरशेयर प्राइवेट लि. (यूनिट : बैंक ऑफ़ बड़ौदा)
प्लॉट नं. 17 से 24, इमेज हॉस्पिटल के पास,
विठ्ठलराव नगर, माधापुर, हैदराबाद - 500 081
फोन नं. 040-2342 0815 से 820, फैक्स नं. 040-2342 0814
ई मेल : einward.ris@karvy.com

GREEN INITIATIVE-APPEAL TO SHAREHOLDERS

TO GET NOTICES / ANNUAL REPORTS & OTHER COMMUNICATION THROUGH E-MAIL

Shareholders holding Shares in Demat accounts are requested to: register an email ID in their Demat A/cs.

Shareholders holding Shares in Physical form are requested to:

send their consent by filling up and signing the perforated portion of this communication to our Registrars at their address given hereunder :

M/S Karvy Computershare Private Ltd., (Unit: Bank of Baroda),
Plot No.17 to 24, Near Image Hospital,
Vittalrao Nagar, Madhapur,
Hyderabad - 500 081,
Phone No. 040 – 2342 0815 to 820
Fax No. 040 – 2342 0814
E-mail : einward.ris@karvy.com

बैंक ऑफ़ बड़ौदा की हरित पहल

दिनांक

मै. कार्वी कंप्यूटरशेयर प्राइवेट लि.
(यूनिट : बैंक ऑफ़ बड़ौदा)
प्लॉट नं. 17 से 24, इमेज हॉस्पिटल के पास,
विठ्ठलराव नगर, माधापुर,
हैदराबाद - 500 081

प्रिय महोदय,
मैं / हम _____
बैंक ऑफ़ बड़ौदा कार्पोरेट गवर्नेंस के पर्यावरण सुरक्षा (हरित परिवेश) उपायों के एक प्रयास के रूप में बैंक ऑफ़ बड़ौदा से सभी संदेश अपने नीचे दिए गए ई मेल आइडी के माध्यम से प्राप्त करना चाहता हूं / चाहते हैं. मेरे / हमारे पास बैंक के _____शेयर भौतिक रूप में हैं.
फोलियोनम्बर:_____ईमेलआइडी:_____
मैं / हम इस आशय का वचन देता हूं / देते हैं कि मेरे / हमारे ई मेल के माध्यम से प्राप्त संदेश को सही, विधिक तथा बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा हमें भेजे गए दस्तावेजों की समुचित एवं पर्याप्त सुपुर्दगी माना जाएगा. मैं / हम यह भी वचन देता हूं / देते हैं कि यदि किसी तकनीकी / अन्य कारणों से मेरा / हमारा ई मेल हमें सही रूप में प्राप्त न होने के कारण संदेश प्राप्त नहीं हो पाता है तो हम बैंक ऑफ़ बड़ौदा, इसके किसी कर्मचारी, रजिस्ट्रार अथवा इसके कर्मचारियों को उत्तरदायीं नहीं ठहरायेंगे.

_____
प्रथम धारक के हस्ताक्षर

GREEN INITIATIVE OF BANK OF BARODA

Date:

M/S Karvy Computershare Private Ltd.,
(Unit: Bank of Baroda),
